दैनिक
नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर 6 | अभिव्यक्ति 3 | राजधानी 7 | आंचलिक 12 | देश-विदेश

रांची, मंगलवार, 23 जनवरी, 2024, पौष शुक्लपक्ष त्रयोदशी विक्रम संवत-2080 वर्ष-08 अंक-272 पृष्ठ-12, मूल्य - 3 रुपये

रांची, रायपुर, बिलासपुर, भोपाल व जबलपुर से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

खाद्य सुरक्षा को लेकर विभाग गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है : अमिताभ कौशल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। खाद्य, सार्वजनिक वितरण एवं उपभोक्ता मामले विभाग द्वारा कार्यान्वित की जा रही योजनाओं की बीते चार वर्षों की उपलब्धियों के बारे में सोमवार को विभागीय सचिव अमिताभ कौशल ने जानकारी दी। उन्होंने बताया कि खाद्य सुरक्षा को लेकर विभाग गंभीरता के साथ कार्य कर रहा है। राज्य की एक बड़ी आबादी को खाद्य सुरक्षा विभाग की विभिन्न स्कीमों से आच्छादित किया जा रहा है।

सूचना एवं जनसंपर्क निदेशालय के सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में उन्होंने कहा कि विभाग योजनाओं के कार्यान्वयन को लेकर विभिन्न स्तर पर कार्य कर रहा है। लोगों के पोषण की आवश्यकता को देखते राज्य सरकार द्वारा राज्य खाद्य सुरक्षा योजना स्वीकृत की गई है। इसके अंतर्गत लाभुकों को प्रति माह पांच किलोग्राम चावल उपलब्ध कराया जाता है। इस योजनान्तर्गत प्रारंभ में 15 लाख लाभुकों का लक्ष्य निर्धारित किया गया था, जिसे बाद में बढ़ाकर 20 लाख कर दिया गया है। इस योजनान्तर्गत अबतक 33,16,489 लाभुक आच्छादित हुए हैं।



अमिताभ कौशल ने बताया कि किसानों से धान का क्रय सीधे करने के उद्देश्य से राज्य सरकार ने व्यापक व्यवस्था की है ताकि राज्य के किसानों को धान का न्यूनतम समर्थन मूल्य प्राप्त हो सके। राज्य सरकार द्वारा धान अधिप्राप्ति के लिए सभी जिलों में आवश्यकतानुसार पर्याप्त संख्या में धान अधिप्राप्ति केन्द्र खोले गये हैं। धान अधिप्राप्ति के लिए झारखंड राज्य खाद्य एवं असैनिक आपूर्ति निगम लि. को नोडल एजेंसी बनाया गया है। खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में धान अधिप्राप्ति हेतु कुल 6.00 लाख एमटी का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। खरीफ विपणन मौसम 2023-24 में भारत सरकार द्वारा निर्धारित न्यूनतम समर्थन मूल्य 2183 रुपये प्रति क्विंटल के अतिरिक्त 117 रुपये प्रति क्विंटल की दर से किसानों को उनके आय में वृद्धि एवं प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से बोनस भुगतान का निर्णय लिया गया है।

उन्होंने कहा कि खरीफ विपणन मौसम 2023-24 से धान अधिप्राप्ति योजना अन्तर्गत न्यूनतम सीमा पैरामीटर (एमटीपी) के तहत बायोमेट्रिक आधारित खरीद (आधार आधारित अधिप्राति प्रणाली) लागू किया गया है, जिससे अधिप्राप्ति केन्द्रों (लैम्पस/पैक्स आदि) पर किसानों से धान क्रय के समय उनका बॉयोमीट्रिक प्राप्त करते हुए पहचान सुनिश्चित की जायेगी। राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम 2013 एवं झारखण्ड राज्य खाद्य सुरक्षा योजना (जेएसएफएसएस) से आच्छादित 65,98,574 लाभुक परिवारों के बीच वर्ष में दो बार एक धोती, लुंगी तथा एक साड़ी रुपये 10/-प्रति वस्त्र की दर से धोती, लुंगी एवं साड़ी का वितरण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत दो श्रेणियों यथा-अन्त्योदय परिवार (एएवाई) तथा पूर्ववित्का प्राप्त गृहस्थ श्रेणी (पीएचएच) को नियमित रूप से खाद्यान्न उपलब्ध कराया जा रहा है। पात्र गृहस्थ योजना के अन्तर्गत लाभुकों को पांच किलोग्राम खाद्यान्न प्रति सदस्य प्रतिमाह एवं अन्त्योदय अन्न योजना के अन्तर्गत लाभुक परिवार को 35 किलोग्राम खाद्यान्न प्रति परिवार प्रतिमाह कराया जाता है। अधिनियम के तहत लाभुकों का आच्छादित किये जाने का लक्ष्य 2,64,25,385 है, जिसके विरुद्ध वर्तमान में शत प्रतिशत लाभुक आच्छादित हैं। भारत सरकार के दिशा-निर्देश के आलोक में एनएफएसए से आच्छादित लाभुकों को माह जनवरी, 2023 से मुफ्त में खाद्यान्न (चावल एवं गेहूं) उपलब्ध कराया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि मुख्यमंत्री दाल-भात योजना के जरिये पूरे राज्य में सरकारी भोजन केन्द्र के माध्यम से राज्य के जरूरतमंदों दिहाड़ी मजदूर, गरीब, निर्धन एवं अन्य जरूरतमंद व्यक्तियों को मात्र पांच रुपये के भुगतान पर भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है। वर्तमान में 377 स्वीकृत नियमित दाल-भात केन्द्रों के माध्यम से जरूरतमंदों को भोजन उपलब्ध कराया जा रहा है।

एक नजर

झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 को

रांची। झारखंड कैबिनेट की बैठक 24 जनवरी को होगी। मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) द्वारा सोमवार को सूचित किया गया है कि मंत्रिपरिषद की बैठक शाम चार बजे से प्रोजेक्ट भवन स्थित मंत्रिपरिषद कक्ष में होगी।

चेक बाउंस मामले में अभिनेत्री अमीषा पटेल ने पैसा लौटाने के लिए मांगा समय, अगली सुनवाई 29 को

रांची। चेक बाउंस मामले में सोमवार को अभिनेत्री अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर के मामले में दंडाधिकारी डीएन शुक्ला की अदालत में सुनवाई हुई। सुनवाई के दौरान अमीषा पटेल के अधिवक्ता की ओर से कोर्ट से कहा गया कि वह पैसा लौटाने के लिए तैयार हैं, इसलिए समय दिया जाए। जबकि शिकायतकर्ता अजय कुमार सिंह के अधिवक्ता विजयलक्ष्मी ने इसका विरोध करते हुए कहा कि अमीषा पटेल की ओर से मामले को टालने के लिए ऐसी बातें कही जा रही हैं। इस पर दोनों पक्षों की बहस सुनने के बाद अदालत ने मामले की अगली तिथि 29 जनवरी निर्धारित की है। इससे पूर्व मामले में दोबारा गवाही के लिए बुलाए गए गवाह संख्या एक अजय कुमार सिंह उर्फ टिंकू सिंह का प्रतिपरीक्षण पूरा हो चुका है। दोनों पक्षों की ओर से गवाही की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है। अब अदालत के आदेश के बाद अमीषा पटेल और उनके बिजनेस पार्टनर कुणाल गूमर का सीआरपीसी की धारा 313 का बयान दर्ज होने की प्रक्रिया होनी है।

क्या है मामला : फिल्म मेकर अजय कुमार सिंह ने अभिनेत्री अमीषा पटेल पर धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। देशी मैजिक फिल्म बनाने के नाम पर अजय कुमार सिंह से अमीषा पटेल ने दो करोड़ रुपये लिये थे, लेकिन वह फिल्म नहीं बनी। इसके बाद अजय कुमार सिंह द्वारा पैसा मांगने पर अमीषा पटेल ने दो चेक दिये थे, लेकिन दोनों चेक बाउंस हो गए थे। इसे लेकर अजय कुमार सिंह ने अमीषा पटेल के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला वर्ष 2018 में दर्ज कराया था।

आदिवासी-मूलवासी के योग्यता और क्षमता के अनुरूप बनाई गई योजनाएं : हेमंत सोरेन

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि राज्य सरकार ने जितनी भी योजनाएं बनाई हैं वे सभी योजनाएं यहां के आदिवासी-मूलवासी के योग्यता और क्षमता के अनुरूप ही बनाया गया है। चाहे योजना महिला के लिए हो या पुरुष के लिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की महिलाएं अब धीरे-धीरे हुनरमंद होकर आत्मनिर्भर भी बन रही हैं। राज्य की अर्थव्यवस्था को मजबूत करने में यहां की महिलाओं का भी अहम योगदान है। जितनी भी महिलाएं आज इस इंडोर स्टेडियम में मौजूद हैं कहीं न कहीं सभी आत्मनिर्भर हो चुकी हैं। मुख्यमंत्री ने उपस्थित सभी महिलाओं से अपील किया कि वह राज्य सरकार की भी योजनाओं से जुड़कर स्वरोजगार भी करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि आप स्वयं स्वरोजगार से जुड़ेंगे तो आने वाले समय में अन्य लोगों को भी आप रोजगार से जोड़ सकते हैं। वर्तमान राज्य सरकार की विभिन्न व्यवस्था से जुड़कर आर्थिक रूप से मजबूत हो सकते हैं। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आयोजित रोजगार मेला में 2500 कौशल प्राप्त युवाओं को ऑफर लेटर का वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

किशोर एक्सपोर्ट के शो रूम में भ्रमण करते मुख्यमंत्री

रोटी, कपड़ा और मकान मनुष्य जीवन के लिए नितांत आवश्यक

मुख्यमंत्री ने कहा कि रोटी, कपड़ा, और मकान हर मनुष्य की आवश्यकता होती है। कोई भी व्यक्ति बिना भोजन, बिना कपड़े और बिना छत के नहीं रह सकता है। कई चुनौतियां और विपरीत परिस्थितियों के बावजूद हमारी सरकार ने पक्के मकान से वंचित लोगों के लिए अबुआ आवास योजना का शुभारंभ किया है। हमारी सरकार एक-दो दिनों बाद से ही पात्र लोगों को इस योजना का लाभ देना प्रारंभ करेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने वर्तमान समय में राज्य के सभी 60 वर्ष से अधिक बुजुर्ग व्यक्तियों को पेंशन दे रही है। राज्य में दिव्यांग, विधवा सभी को पेंशन योजना से आच्छादित किया गया है। झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य है जहां सर्वजन पेंशन योजना लागू की गई है। राज्य के स्कूलों में अध्यनरत सभी बच्चियों को सावित्रीबाई फुले योजना से जोड़ा जा रहा है। इस योजना के तहत बच्चियों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के लिए आर्थिक सहयोग दी जा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आदिवासी दलित पिछड़ा एवं अल्पसंख्यक के बच्चे कुछ शिक्षा के लिए विदेश में अब पढ़ने जा रहे हैं। राज्य सरकार विदेश में पढ़ाई करने वाले बच्चों को सत प्रतिशत स्कॉलरशिप उपलब्ध करा रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार की सोच है कि यहां के बच्चे भी अब पढ़ लिखकर डॉक्टर, इंजीनियर, वकील, जज सहित अन्य सरकारी अफसर बने इस निमित गुरुजी क्रेडिट कार्ड योजना संचालित की जा रही है।

सभी की पीड़ा को समझने का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि किसान, मजदूर आदिवासी, पिछड़े, जरूरतमंद सहित सभी वर्गों की पीड़ा को हमारी सरकार समझती है। हमारी सोच है कि हम आने वाली पीढ़ी को एक बेहतर भविष्य प्रदान करें। हमारी सरकार रोजगार सृजन के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है और आगे भी करती रहेगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले सभी युवक-युवतियों को अपनी ओर से हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले सभी लोगों के प्रति विश्वास जताते हुए कहा कि आप सभी लोग अपना कार्य ईमानदारी पूर्वक करेंगे और नित नए आयाम को प्राप्त करेंगे।

इस अवसर पर राज्यसभा सांसद महुआ माजी, विधायक राजेश कच्छप, मुख्य सचिव एल खियांग्ते, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव विनय कुमार चौबे, उद्योग सचिव जितेंद्र कुमार सिंह, जियाडा एमडी शशि रंजन, टेक्सटाइल इंडस्ट्री के दीपक अग्रवाल एवं सुधीर ढींगरा सहित बड़ी संख्या में ऑफर लेटर प्राप्त करने वाले युवक-युवतियां एवं अन्य महिलाएं उपस्थित थे।

लोकसभा चुनाव में इस बार झारखंड के ढाई करोड़ से अधिक वोटर करेंगे मतदान

♦ 18-22 वर्ष आयु के 21 लाख 67 हजार युवा मतदाता पहली बार करेंगे अपने वोट का इस्तेमाल

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। आगामी लोकसभा चुनाव में झारखंड के दो करोड़ 52 लाख 94 हजार 173 मतदाता वोट डालेंगे। इस संबंध में मतदाता सूची का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के निमित मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन सोमवार को हुआ।

निर्वाचन सदन में सोमवार को आयोजित प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के रवि कुमार ने जानकारी देते बताया कि जनसंख्या संचालन निदेशालय झारखंड के साथ विभागीय स्तर पर बैठक हुई थी।इसके बाद जो आंकड़े मिले, उसके बाद एक जनवरी को राज्य की अनुमानित जनसंख्या चार करोड़ छह हजार 288 मानी गई। 18 आयु वर्ग की अनुमानित जनसंख्या 2,52,94,173 प्रतिवेदित की गई है। सोमवार (22 जनवरी) को इसका अंतिम प्रकाशन हुआ है। इस आधार पर यहां वोटरों की संख्या 2,53,86,152 है। इनमें पुरुष वोटर 1,29,37,458 हैं जबकि थर्ड जेंडर 469 और बाकी महिला वोटर हैं। इस बार चुनाव में मतदाता जनसंख्या अनुपात 63.45 है।

के रवि कुमार ने बताया कि इस लोकसभा चुनाव में पहली बार 21 लाख 67 हजार 270 नये वोटर भी वोट डालेंगे। इनकी आयु 18-22 वर्ष की है। इनमें पुरुष वोटर 10,64,282 जबकि महिला वोटर 11,02,903 तथा थर्ड जेंडर वोटर 85 हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के मुताबिक मतदाताओं की संख्या, सुविधा के लिहाज से 95 नये मतदान केंद्र बनाए गए हैं। इनमें कोडरमा (77), बोकारो (09), पूर्वी सिंहभूम (02), रांची (3) तथा पलामू (01) जैसे जिले शामिल हैं, जहां वोटरों की संख्या कम थी, उसे नजदीकी पोलिंग स्टेशन पर अवस्थित अन्य मतदान केंद्र के साथ मर्ज किया गया जिनकी संख्या 38 है। अब राज्य भर में मतदान केंद्रों की कुल संख्या 29521 हो गई है।के रवि कुमार ने सभी वोटरों, नागरिकों से अपील करते कहा है कि मतदाता का केवल फोटो पहचान पत्र होने से तय नहीं होता है कि उनका नाम मतदाता सूची में निबंधित है। ऐसे में सभी नागरिक प्रकाशित मतदाता सूची में अपने नाम की जांच कर संतुष्ट हो लें।

आरडीबीए के चुनाव में शंभू प्रसाद फिर बने अध्यक्ष और सचिव संजय विद्रोही

रांची। रांची जिला बार एसोसिएशन (आरडीबीए)के सात पदधारियों के लिए रविवार देर रात मतगणना संपन्न हुई। अध्यक्ष पद पर एक बार फिर सबसे अधिक 915 वोट लाकर शंभू प्रसाद अग्रवाल विजयी रहे। जबकि सचिव पद पर संजय कुमार विद्रोही ने 678 वोट लाकर फिर से जीत दर्ज की। उपाध्यक्ष पद के लिए विनय कुमार राय ने 527 वोट और कोषाध्यक्ष पद के लिए मुकेश कुमार केसरी ने 680 वोट लाकर विजयी रहे। इसीप्रकार सहायक कोषाध्यक्ष पद के लिए दीनदयाल सिंह ने 428 वोट लाकर जीत दर्ज की। संयुक्त सचिव(प्रशासन) के लिए अभिषेक कुमार भारती 903 वोट और संयुक्त सचिव (लाइब्रेरी) पद के लिए प्रदीप कुमार चौरसिया 560 वोट लाकर जीत दर्ज की। चुनाव पदाधिकारी अजय कुमार तिवारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। पदधारी के लिए 33 उम्मीदवार मैदान में थे। वहीं 1863 लोगों ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया था जबकि मतदाताओं की कुल संख्या 2163 थी।

संवैधानिक अधिकारों को कुचलने का प्रयास कर रही असम की सरकार : राजेश ठाकुर

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा कि संविधान के तहत मिले मौलिक और धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकारों को कुचलने का प्रयास असम की सरकार कर रही है। ठाकुर असम में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के काफिले पर हुए हमले और राहुल गांधी को शंकरदेव मंदिर में नहीं जाने देने के विरोध में रांची के मोरहाबादी स्थित बापू वाटिका में सोमवार को आयोजित विरोध प्रदर्शन के दौरान उपस्थित नेताओं और कार्यकर्ताओं को संबोधित कर रहे थे।

ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा पर हमला करने और राहुल गांधी को श्री शंकरदेव मंदिर जाने से रोके जाने से साबित हो गया है कि गोड्से की विचार धारा से ओत-प्रोत लोग जनता और कांग्रेस से डर रहे हैं। इसी घबराहट में इस तरह का असंवैधानिक कदम भाजपा सरकार की ओर से उठाया जा रहा है। असम में भाजपा ने हमला किया और ऐसे हमलों के जरिये भगवान राम को भी बदनाम करने की कोशिश की जा रही है। हम संवैधानिक दायरे में भारत की जनता के लिए न्याय की मांग कर रहे हैं और गोड्से के विचारधारा के लोग लगातार असंवैधानिक कृत्य कर देश में अराजक माहौल पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं।

ठाकुर ने कहा कि भारत जोड़ो न्याय यात्रा से घबराकर भाजपा सरकार शांतिपूर्वक चल रहे यात्रा को बाधित करना चाहती है, ताकि यात्रा से दबे-कुचले, सामाजिक, आर्थिक एवं रोजगार के मुद्दे पर उनकी पोल न खुल जाये।

विरोध प्रदर्शन में मुख्य रूप से प्रदीप तुलस्यान, केशव महतो कमलेश, रविन्द्र सिंह, संजय लाल पासवान, अमुल्य नीरज खलखो, राकेश सिन्हा, अजय नाथ शाहदेव सहित अन्य शामिल थे।

साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को पैसा वापस दिलाने के मामले में हाई कोर्ट ने केंद्र सरकार से मांगा एसओपी

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। झारखंड हाई कोर्ट में साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों के पैसे की वापसी मामले में कोर्ट के स्वतः संज्ञान पर सोमवार को सुनवाई की। हाई कोर्ट के एक्टिंग चीफ जस्टिस एस चंद्रशेखर की अध्यक्षता वाली खंडपीठ ने केंद्र सरकार को साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों के पैसे की वापसी के संबंध में स्टैंडर्ड ऑपरेटिंग प्रोसीजर (एसओपी) प्रस्तुत करने का निर्देश दिया।

इससे पहले इंडियन साइबर क्राइम कोऑर्डिनेशन सेंटर (आईसीसीसीसी) के एसीपी जितेंद्र सिंह की ओर कोर्ट को बताया गया कि साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों के पैसा वापसी को लेकर एसओपी बनाने की प्रक्रिया जारी है। अगले सप्ताह भी केंद्र सरकार के स्तर पर एक बैठक होनी है, इसके बाद फाइनल एसओपी तैयार कर ली जायेगी।

वहीं स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी की ओर से शपथ पत्र दाखिल कर कोर्ट को बताया गया कि वह साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों को पैसा दिलाने पर अपना कोई निर्णय नहीं लेता है, वह जो भी निर्णय लेता है वह रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया के दिशा-निर्देश के आलोक में ही लेता है।

इससे पहले महाधिवक्ता राजीव रंजन ने कोर्ट को बताया कि केंद्र सरकार स्तर पर साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों के पैसा वापसी के संबंध में एक वर्चुअल बैठक 20 जनवरी को आयोजित की गई थी। इसमें देश के विभिन्न राज्यों के संबंधित अथॉरिटी के अधिकारी, आईसीसीसीसी, इंडियन बैंकिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधि, स्टेट लेवल बैंकिंग एसोसिएशन के प्रतिनिधि, डीजी अनुराग गुप्ता, मामले की एमिकस क्यूरी सौम्या एस पांडे भी शामिल हुई थीं, जिसमें साइबर फ्रॉड के लोगों के पैसा वापसी को लेकर कई बिंदुओं पर विचार विमर्श हुआ है। इससे पहले राज्य सरकार की ओर से साइबर फ्रॉड के शिकार लोगों के पैसा वापसी को लेकर एक एसओपी शपथ पत्र के माध्यम से कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत किया गया है।

कोर्ट ने मामले की अगली सुनवाई 16 फरवरी निर्धारित की है। कोर्ट ने एमिकस क्यूरी सौम्या एस पांडे से कहा कि वे साइबर क्राइम के शिकार लोगों के पैसे वापसी के संबंध में केंद्र सरकार, राज्य सरकार की एसओपी एवं खुद अपने सुझाव को संक्षिप्त रूप में तैयार करें ताकि इसे सचिव, डिपार्टमेंट ऑफ फाइनेंशियल सर्विसेज, केंद्र सरकार को मामले की विस्तृत जानकारी के लिए भेजा जाये। सुनवाई के दौरान डीजी अनुराग गुप्ता, आईसीसीसीसी के एसीपी जितेंद्र सिंह कोर्ट में उपस्थित थे।

पिछली सुनवाई में कोर्ट ने कहा था कि झारखंड में साइबर फ्रॉड की रोकथाम एवं इसके शिकार लोगों को पैसा वापस दिलाने के संदर्भ में राज्य सरकार, आईसीसीसीसी, स्टेट लेवल बैंकर्स कमेटी, एमिकस क्यूरी सौम्या एस पांडे सहित सभी पक्ष आपस में मिलकर एक संयुक्त प्रस्ताव तैयार कर कोर्ट के समक्ष प्रस्तुत करें।

झारखण्ड सरकार
कार्यपालक अभियंता का कार्यालय,
ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, चतरा
ई-निविदा आमंत्रण सूचना
ई-निविदा संख्या- 10/2023-24/RWD/CHATRA
RWD/CHATRA/STPKG/12/2023-24
06541-296288
www.jharkhandtenders.gov.in
PR 316771 Rural Work Department(23-24)#D

दैनिक नवप्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश

स्वर्णिम मुकुट, हार और धनुष, मन मोहने वाला श्रृंगार

भय प्रगट कृपाला...

दीनदयाल बिरिदु सम्भारी।
हरहु नाथ मम संकट भारी।

जा पर कृपा राम की होई।
ता पर कृपा करई सब कोई।

रघुकुल नंदन भव्य मंदिर में पधारे, मंगल ध्वनि से हुआ सत्कार

अयोध्या/नवप्रदेश। करीब 500 वर्षों तक सनातन धमार्लंबियों के धैर्य,संयम और तप की परीक्षा लेने के बाद सूर्यवंशी रघुकुल नंदन भगवान श्रीराम पौष मास की द्वादशी को अभिजीत मुहूर्त में अपने नये मंदिर में पधारे जिनका सत्कार मंगल ध्वनि और भीगी पलकों से देश दुनिया में फैले करोड़ों श्रद्धालुओं ने किया। श्रीरामजन्मभूमि पर नवनिर्मित मंदिर की छटा देखते ही बनती थी जब दोनों हाथों में चांदी का छत्र लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मंदिर के गर्भगृह में प्रवेश किया और वैदिक आचार्य सुनील शास्त्री की अगुवाई में 121 प्रकांड विद्वानों ने उनसे संजीवनी योग में मंत्रोच्चार के बीच श्याम वर्ण रामलला की किशोरावस्था प्रतिमा के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को पूर्ण कराया। अभिजीत मुहूर्त दोपहर 12 बजकर 29 मिनट से शुरू होकर 84 सेकेंड तक का था जिसके पूरा होने के साथ ही मंदिर प्रांगण जय श्रीराम के उदघोष से गूंज उठा और विभिन्न वाद्ययंत्रों से बधाई गीत के मधुर सुरों ने वातावरण को भक्तिमय मिठास घोल दी। इसके साथ ही आसमान से मंदिर प्रांगण में पुष्प वर्षा की जाने लगी। श्रीरामलला के बाल विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही स्वर्ण सिंहासन पर विराजमान 1949 से पूजित रामलला की प्रतिमाओं का पूजन श्री मोदी ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच किया। गर्भ गृह में श्री मोदी के साथ राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत, राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मौजूद थे वहीं इस दिव्य क्षण का साक्षी बनने मंदिर प्रांगढ़ में कई अजीम हस्तियां उपस्थिति थीं। अयोध्या नगरी पिछले तीन दिनों से कोहरे और भयंकर शीतलहर की चपेट में थी। मगर आज प्राण प्रतिष्ठा समारोह से ठीक पहले सूर्यदेव ने बादलों की ओट से झांक कर प्रभु श्रीराम के दर्शन किये जबकि बाद में चटक धूप ने सूर्यवंशी राजा राम का स्वागत नए भवन में किया। इससे पहले श्रीरामजन्मभूमि तीर्थक्षेत्र के महासचिव चंपत राय ने मंदिर निर्माण में लगे शिल्पकारों के प्रति आभार व्यक्त किया और मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में सहयोग एवं उपहार देने वाली संस्थाओं और महानुभावों के प्रति कृतज्ञता का इजहार किया।

राम आग नहीं, ऊर्जा हैं : मोदी

लंबे बरसे के बाद आखिरकार अयोध्या में रामलला विराजमान हो गए हैं। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में देशभर की कई बड़ी हस्तियों ने शिरकत की। कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी ने वहां मौजूद लोगों को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि सियावर रामचंद्र की जय! आज हमारे राम आ गए हैं। उन्होंने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आ गए हैं। सदियों का अभूतपूर्व धैर्य, अनगिनत बलिदान, त्याग और तपस्या के बाद हमारे प्रभु राम आ गए हैं। उन्होंने कहा कि कितना कुछ कहने को है, लेकिन कंठ अवरूद्ध है, शरीर स्पंदित है, चित्त अभी भी उस पल में लीन है। मोदी ने कहा कि दैवीय आशीर्वाद और दिव्य आत्माओं की वजह से यह कार्य पूरा हुआ है। मैं आज प्रभु श्रीराम से क्षमा याचना भी करता हूं। हमारे पुरुषार्थ, हमारे त्याग, तपस्या में कुछ तो कमी रह गई होगी कि हम इतनी सदियों तक ये कार्य कर नहीं पाए। आज वो कमी पूरी हुई है। मुझे विश्वास है कि प्रभु राम आज हमें अवश्य क्षमा करेंगे। उन्होंने कहा कि त्रेतायुग में तो वह वियोग केवल 14 वर्षों का था, तब भी इतना असहनीय था। इस युग में तो अयोध्या और देशवासियों ने सैकड़ों वर्षों का वियोग सहा है। आज शाम घर-घर राम ज्योति प्रज्वलित करने की तैयारी है। कल मैं श्रीराम के आशीर्वाद से राम सेतु के आरंभ बिंदु पर था। जिस घड़ी प्रभु श्रीराम समुद्र पार करने निकले थे, वह पल था, जिसने कालचक्र बदला था। उसे महसूस करने का विनम्र प्रयास था। अब कालचक्र फिर बदलेगा और शुभ दिशा में बढ़ेगा। अपने 11 दिन के व्रत अनुष्ठान के दौरान मैंने उन स्थानों का चरण स्पर्श करने का प्रयास किया, जहां प्रभु श्रीराम के चरण पड़े थे। प्रभु राम तो भारत की आत्मा के कण-कण से जुड़े हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि देश को समायोजित करने वाला इससे उत्कृष्ट सूत्र और क्या हो सकता है। पिछले 11 दिनों में रामायण अलग-अलग भाषाओं में सुनने का मौका मिला है। राम को परिभाषित करते हुए ऋषिओं ने कहा है कि रमंते इति रामः। मोदी ने कहा कि राम के इस काम में कितने ही लोगों ने त्याग और तपस्या की। अनगिनत लोगों, कारसेवकों, संत-महात्माओं के हम सब पर ऋण हैं। दुनिया का इतिहास साक्षी है कि कई राष्ट्र अपने इतिहास में उलझ जाते हैं, जब देशों ने उलझी हुई गांठों को खोलने का प्रयास किया तो उन्हें सफलता पाने में कठिनाई आई है। उन्होंने कहा कि वो भी एक समय था, जब कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बना तो आग लग जाएगी। ऐसे लोग भारत के सामाजिक भाव की पवित्रता को नहीं जानते थे। रामलला के इस मंदिर का निर्माण भारतीय समाज के शांति, धैर्य, आपसी सद्भाव का प्रतीक है। हम देख रहे हैं कि निर्माण किसी आग को नहीं, बल्कि ऊर्जा को जन्म दे रहा है। अपनी सोच पर पुनर्विचार कीजिए, राम आग नहीं हैं, ऊर्जा हैं। राम विवाद नहीं, राम समाधान हैं। राम सिर्फ हमारे नहीं, राम सबके हैं। राम वर्तमान ही नहीं, राम अनंत हैं।

नया भारत बनकर रहेगा : डा मोहन भागवत

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख डा मोहन भागवत ने कहा कि राम मंदिर में भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही अब नया भारत बनकर रहेगा। इससे बनने से कोई नहीं रोक सकता है। अयोध्या के राम मंदिर में रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का विधान पूरा हो गया है।

मंदिर वहीं बना है, जहां का संकल्प लिया था : योगी

सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि मंदिर वहीं बना है, जहां बनाने के संकल्प लिया था। सीएम ने कहा कि रामलला 500 साल बाद अपने मंदिर विराजे हैं। ऐसा लग रहा है मानों हम त्रेता युग में आ गए हैं। उन्होंने कहा कि इसके लिए बहुसंख्यक समाज ने संघर्ष किया और लड़ाई लड़ी। उन्होंने कहा कि आज हर घर में राम का नाम लिया जा रहा है। राम का जीवन हमें संयम सिखाता है और भारतीय समाज ने भी संयम का परिचय दिया। सीएम ने कहा कि अयोध्या धाम का भी विकास हो रहा है। एक जमाने में यह सपना था कि अयोध्या में हवाईअड्डा हो जो आज साकार हो रहा है।

121 ब्राह्मणों ने करायी पूजा, 5.5 लाख मंत्र गूंजे

प्राण प्रतिष्ठा समारोह में पीएम मोदी रामलला के लिए चांदी का छत्र और कपड़े लेकर पहुंचे। इससे पहले 7 दिनों में अयोध्या नगरी कुल साढ़े 5 लाख मंत्रों से गूंज उठी। इस महोत्सव में होने वाली वैदिक क्रियाएं और शुभ संस्कार 16 तारीख से शुरू हो गए थे। काशी के 121 वैदिक-कर्मकांडी ब्राह्मणों ने इन मंत्रों का सिलसिलेवार ढंग से धाराप्रवाह वाचन किया। जिन धर्मग्रंथों के मंत्रों का वाचन हुआ, पहले दिन प्रायश्चित्त होम यानी पवित्रीकरण की क्रिया हुई। इसके बाद कलश पूजन और मूर्ति की शोभायात्रा हुई फिर मूर्ति का परिसर में प्रवेश हुआ। जलयात्रा और तीर्थ पूजा हुई और अधिवास हुए। मूर्ति की पवित्रता और शक्ति बढ़ाने के लिए मूर्ति को जल, घी, औषधि, केसर, शहद, फल, अनाज और सुगंधित चीजों में रखा गया। इसे अधिवास कहते हैं। इसके बाद श्रीरामलला को 20 जनवरी को स्थापित किया।

आज बेबाक

इंडिया के शिल्पकार नीतीश कुमार क्या एक बार फिर पलटी मारकर एनडीए का हिस्सा बनने जा रहे हैं? यदि यह सवाल उठ रहा है। तो इसमें हैरत की कोई बात नहीं है। जिस नए गठबंधन को उन्होंने कड़ी मेहनत से आकार दिया। उसमें उन्हें हासिए पर डाल दिया गया। ऐसी स्थिति में नीतीश कुमार का असंतुष्ट होना स्वाभाविक है। यह तो मेहनत करे मुर्गा अंडा खाए फकीर वाली बात हो गई है। अपनी उपेक्षा से नाराज नीतीश बाबू लौट के बुद्धू घर को आए की तर्ज पर आईएनडीआईए से अपना पिंड छुड़ाकर फिर से एनडीए का दामन थाम ले तो आश्चर्य नहीं होगा।

//-- सुविचार --//

हमेशा अपने वास्तविक रूप में रहो, खुद को व्यक्त करो, स्वयं में भरोसा रखो

सूर्योदय/सूर्यास्त

उदय : 06:32 प्रात:
अस्त : 05:28 संध्या

प्रदेश का तापमान

स्थान	अधिकतम	न्यूनतम
रांची	24.0	09.0
जमशेदपुर	24.0	15.0
हजारीबाग	21.0	09.0
डालटनगंज	23.0	09.0

प्राण प्रतिष्ठा के बाद अयोध्या में दीपोत्सव

प्राथमिकी सीएम आवास तक सीआरपीएफ के पहुंचने का मामला

आईजी व कमांडेंट नामदर्ज

रांची। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से 20 जनवरी को ईडी की पूछताछ के दौरान मुख्यमंत्री आवास तक सीआरपीएफ के जवानों के आने का मामला तूल पकड़ रहा है। इस मामले को लेकर सोमवार को रांची शहर के अंचल अधिकारी मुंशी राम ने सीआरपीएफ के आईजी, कमांडेंट समेत अन्य पदाधिकारी के खिलाफ गोंदा थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। इससे पहले सीएमओ ने इस संबंध में गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय से पूरी जानकारी मांगी थी कि कैसे सीआरपीएफ के जवान प्रतिबंधित इलाके में आ गये? इनके खिलाफ क्या कार्रवाई की गयी है?

उल्लेखनीय है कि 20 जनवरी को जब ईडी के अधिकारी मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से उनके कांके रोड स्थित सरकारी आवास में पूछताछ कर रहे थे, तो कई बसों में भरकर सीआरपीएफ के जवान वहां पहुंचे थे। वे मुख्यमंत्री आवास में जाना चाहते थे। लेकिन जिला प्रशासन ने उन्हें वापस भेज दिया था। वहीं दूसरी ओर धारा 144 के उल्लंघन के मामले में झामुमो कार्यकर्ता और भीम आर्मी के खिलाफ भी गोंदा थाने में मामला दर्ज कराया गया है। सीआरपीएफ के जवानों पर सरकारी कामकाज में बाधा, निषेधाज्ञा के उल्लंघन का आरोप लगाया गया है। एफआईआर में सीआरपीएफ के आईजी और कमांडेंट का भी जिक्र है।

दूसरी ओर तीसरी प्राथमिकी भी निषेधाज्ञा के उल्लंघन को लेकर है। इसमें जेएमएम के कार्यकर्ता और आम लोग व भीम आर्मी के कार्यकताओं को आरोपित किया गया है। सीआरपीएफ के मामले में दर्ज केस में गैर जमानतीय धारा लगी है। बाकी दो मामले जमानतीय धाराओं में दर्ज हैं।

2500 कौशल प्राप्त युवाओं का ऑफर लेटर वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन, कहा

बेहतर उद्योग नीति बनायी

नव प्रदेश संवाददाता

रांची : मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जब हमारी सरकार बनी तब ठीक से हम मंत्रिमंडल का विस्तार भी नहीं कर पाए और कोरोना संक्रमण जैसी महामारी देश और दुनिया को अपने चपेट में ले ली। कोविड संक्रमण इतना भयावह और डरावना था कि पूरा देश और दुनिया रुक सा गया। देश ने इससे पहले इस तरीके की वैश्विक चुनौती कभी नहीं देखी थी। इस प्रकार का वैश्विक संक्रमण पिछड़े एवं गरीब राज्यों के लिए सबसे ज्यादा तकलीफ देने वाली होती है। गरीब, मजदूर एवं जरूरतमंदों के लिए यह अभिशाप के जैसा था। सभी लोग अपने-अपने घरों के भीतर बन्द रहने के लिए मजबूर हो गए थे। लॉकडाउन में रोजगार के सभी साधन बंद हो गए। ऐसी स्थिति में सबसे ज्यादा नुकसान प्रवासी मजदूरों को हुआ क्योंकि वे बेघर हो गए। उक्त बातें मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने आज टाना भगत इंडोर स्टेडियम खेलगांव रांची में आयोजित रोजगार मेला में 2500 कौशल प्राप्त युवाओं को ऑफर लेटर का वितरण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहीं।

कोरोना संक्रमण में बेहतर मैनेजमेंट व्यवस्था बनाई

मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड देश का पहला ऐसा राज्य बना जिसने प्रवासी मजदूरों को लॉकडाउन के समय हवाई जहाज सहित विभिन्न माध्यमों से वापस घर लाने का कार्य कर दिखाया। लॉकडाउन के कारण कई इंडस्ट्री बंद हुए जो आज तक उबर नहीं पाए। कोरोना संक्रमण का असर आज भी कहीं न कहीं देखने को मिल रहा है। ऐसी विपरीत स्थिति में भी हमारी सरकार ने एक बेहतर मैनेजमेंट का उदाहरण देते हुए बिना कोई अपना-तफरी के राज्यवासियों और प्रवासी मजदूरों को सुरक्षित रखने का काम कर दिखाया है। वैश्विक महामारी के समय हमारी सरकार के अधिकारी निरंतर यहां के जनमानस को बचाने का रास्ता ढूंढते रहे। राज्य सरकार एवं महिला समूह की दीदियों ने गांव-गांव पंचायत-पंचायत पहुंचकर लोगों को खाना खिलाया, घरों पर अनाज उपलब्ध कराया। कोविड से निपटने में हमारी महिला दीदियों का भी महत्वपूर्ण भूमिका रहा है।

झारखंड की खनिज-संपदा से दूसरे राज्य हुए रोशन

मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने कहा कि जैसे ही कोरोना संक्रमण का धुंध छटा राज्य सरकार ने रोजगार सृजन को लेकर एक बेहतर रणनीति बनाई और दूसरे प्रदेश से लौटे मजदूर सहित यहां के किसान, गरीब, जरूरतमंदों को कई योजनाओं से जोड़कर आत्मनिर्भर बनाने का प्रयास किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 100 वर्ष से भी अधिक समय से झारखंड में खनिज-संपदा निकालने का काम किया गया परंतु यहां की खनिज-संपदा का पूरा लाभ राज्यवासियों को नहीं मिला बल्कि दूसरे प्रदेश के लोगों के घर हमारे खनिज-संपदाओं से रोशन हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस राज्य के कोयला से दूसरे राज्य रोशन हुए और झारखंड अंधेरे में रहने को मजबूर हुआ। हमारी सरकार ने खनिज-संपदा के अतिरिक्त भी कई विभिन्न क्षेत्रों में संभावना तलाशते हुए रोजगार सृजन कराया।

निजी क्षेत्र में 75 फीसदी नियुक्ति की नीति बनायी

मुख्यमंत्री हेमंत ने कहा कि राज्य सरकार ने झारखंड में एक बेहतरीन उद्योग पॉलिसी बनाते हुए टेक्सटाइल इंडस्ट्री को जोड़ा। राज्य सरकार और टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लोगों ने वादे के मुताबिक 75 फीसदी स्थानीय लोगों को अपने संस्थानों में नियुक्तियां दीं। राज्य सरकार के साथ-साथ टेक्सटाइल इंडस्ट्री के लोगों ने भी कदम से कदम मिलते हुए जरूरतमंद लोगों को रोजगार से जोड़ने का काम किया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले डेढ़ वर्षो में 50 हजार से अधिक युवक-युवतियों को निजी क्षेत्र में नियुक्तियां देने का काम राज्य सरकार ने कर दिखाया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले गांव-देहात के नौजवान फौज में नौकरी करने की तैयारी करते थे परंतु वर्तमान के समय में फौज में भी नियुक्तियां रुक सी गई हैं। गांव-देहात के वैसे बच्चे जो शहर में रहकर पढ़-लिख जाते थे वे बैंक और रेलवे में नौकरी की तैयारी करते थे लेकिन गलत नीति-निर्धारण के कारण आज बैंक तथा रेलवे में नौकरियां घटी हैं। >> पेज 2 भी देखें

रांची हुआ राममय, भक्ति में डूबे लोग

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। अयोध्या धाम के भव्य एवं दिव्य राम मंदिर में श्री रामलला विराजमान हो गए हैं। पूरे देश में उत्सव का माहौल है। रांची में भी जगह-जगह राम भक्त झूमते नजर आयें। पूरा रांची राममय हो गया है।

रांची के कोकर, लालपुर, बरियातू, अल्बर्ट एक्का चौक, सर्जना चौक, मेन रोड का संकट मोचन मंदिर, डोरंडा, धुर्वा, हिनू, बूटी मोड़ और अन्य जगहों पर स्थित मंदिरों में लोग भगवान राम के भक्ति गानों पर झूमने लगे। सड़कों पर शोभा यात्रा निकाली गई। कई जगहों पर लड्डू, पूरी, सब्जी, हलुआ, बुंदिया, खिचड़ी का वितरण किया गया।

डीसी राहुल कुमार सिन्हा, एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा, सिटी एसपी राजकुमार मेहता लगातार कंट्रोल रूम से और घूम-घूम कर विधि-व्यवस्था का जायजा लिया। शहर के विभिन्न क्षेत्रों में लगे सीसीटीवी कैमरे से भी नजर रखी जा रही है। एसएसपी ने कहा है कि सोशल मीडिया पर नजर रखी जा रही है। किसी भी तरह का भड़काउ मैसेज करने पर पुलिस सख्त से सख्त कार्रवाई करेगी।

जिला प्रशासन ने सोशल मीडिया पर रखी पैनी नजर

रांची: राम मंदिर अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के मद्देनजर रांची जिला के विभिन्न स्थानों में आयोजित कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन द्वारा पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। विधि-व्यवस्था से संबंधित की गई तैयारी की जानकारी देते हुए उपायुक्त रांची राहुल कुमार सिन्हा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा विधि-व्यवस्था संधारण के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। 150 से अधिक स्थानों पर दंडाधिकारियों एवं पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। वहीं उपायुक्त ने कहा कि आयोजन समितियां लाउडस्पीकर एक्ट का अनुपालन करते हुए अश्लील और विवादित गाने न बजाएं। उन्होंने बताया कि जिला पुलिस-प्रशासन द्वारा सोशल मीडिया पर भी पैनी नजर रखी जा रही है।

रामोत्सव पर झारखंड पुलिस रही अलर्ट

रांची: अयोध्या में सोमवार को प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर झारखंड पुलिस पूरी तरह अलर्ट मोड पर रही। राज्य के अलग-अलग जिलों में 35 सौ से अधिक पुलिस जवानों की तैनाती की गयी है। वहीं सुरक्षा के मद्धेनजर रांची रेंज के डीआईजी अनूप बिरथरे ने रांची के विभिन्न हिस्सों का भ्रमण किया। इस दौरान उनके साथ सिटी एसपी राजकुमार मेहता, कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोए समेत कई पुलिस पदाधिकारी भी मौजूद रहे। झारखंड पुलिस ने आम लोगों से समाज में शांति व्यवस्था बनाये रखने की अपील की है। किसी भी प्रकार के धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने और शांति व्यवस्था भंग करने वाले वीडियो या मैसेज सोशल मीडिया पर पोस्ट या शेयर ना करने की सख्त हिदायत दी है। साथ ही इस तरह के भ्रामक और शांति व्यवस्था भंग करने वाले मैसेज से सतर्क रहने की अपील की है।

उन्होंने किसी भी प्रकार के अफवाहों पर ध्यान नहीं देने और अफवाह फैलाने वाले लोगों की सूचना तुरंत नजदीकी थाना या फिर वरीय पुलिस अधिकारी को देने की अपील की है। उन्होंने यह भी कहा कि सोशल मीडिया पर भी पुलिस पैनी नजर बनाये हुए है। अगर कोई सोशल मीडिया पर आपत्तिजनक और धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले वीडियो या मैसेज पोस्ट करता है तो उसे चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई की जायेगी।

एक नजर

खलारी: अनियंत्रित स्कॉर्पियों गड्ढे में गिरी

रांची: रांची के खलारी में सोमवार को एक स्कॉर्पियों अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में गिर गई। स्कॉर्पियों में सवार तीन लोग घायल हो गए है। वहीं, सड़क से गुजर रहे लोगों की सहायता से सभी घायलों को डकरा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से चिकित्सकों ने रांची रेफर कर दिया है। जानकारी के अनुसार घटना खलारी थाना क्षेत्र के चुरी बगलाता मार्ग का है। बताया जा रहा है कि सोमवार की दोपहर खलारी थाना क्षेत्र के चुरी बगलता मार्ग पर तेज रफ्तार स्कॉर्पियों अनियंत्रित होकर सड़क किनारे एक गड्ढे में जाकर गिर गई। इस घटना में स्कॉर्पियों सवार तीन व्यक्ति घायल हो गए। घायलों में केडीएच परियोजना के कामगार राजेश कुमार सिंह, डकरा के कोयला व्यवसाई विकास यादव और रांची का एक व्यक्ति कुंदन सिंह शामिल है।

अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर सूर्य मंदिर में पूजा अर्चना व महाआरती



रांची: सोमवार को अयोध्या में बने श्री राम मंदिर में भगवान श्री राम जी की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर देवी मंडप रोड, हेसल स्थित सरोवरनगर सूर्य मंदिर में भगवान श्रीराम ,सूर्य भगवान ,भोलेनाथ की पूजा चंदन वंदन ,माल्यार्पण,दीप प्रज्वलित कर पूजा अर्चना किया गया। इस महाअवसर पर हनुमान चालीसा, श्री राम चालीसा,राम स्तुति,विजय महामंत्र,श्री राम जय राम जय जय राम,गायत्री मंत्र, आदित्य ह्रदय स्त्रोत का पाठ कर 108 दीप प्रज्वलित कर महाआरती कर तत्पश्चात प्रसाद का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का संयोजक मनोज कुमार पुटू, शिव शंकर पाठक, बसंत ब्यास, ऋषभ कुमार, आयुष कुमार अग्रवाल, कृष कुमार, प्रेरणा कुमारी, अनुषा कर्ण, खुशी कुमारी, मानवी कुमारी, प्रीति कुमारी श्रीवास्तव, आयुष कुमार, अमिताभ पांडेय, उमाकांत मिश्र, रविन्द्र कुमार मिश्र, दिग्विजय मिश्र, अनिल कुमार सिन्हा, अरविंद कुमार सिन्हा, बृज नन्दन सिन्हा, अमित कुमार सहित काफी संख्या में भक्तगण उपस्थित थे।

झारखंड के 51 हजार से अधिक मंदिरों में एक साथ हुए धार्मिक अनुष्ठान :रंगनाथ महतो

रांची। रांची किशोरगंज चौक स्थित शक्ति आश्रम विश्व हिन्दू परिषद प्रांत कार्यालय में अयोध्या में श्रीराम मन्दिर प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर स्थित दुर्गा माता की मंदिर में भव्य पूजा अर्चना की गयी। इस दौरान पुरोहित नवीन पांडेय ने पूजा, आरती एवं वैदिक अनुष्ठान कराया। अयोध्या में जब भव्य दिव्य श्रीराम मंदिर में राम लला की प्रथम आरती होने लगी तो उपस्थित सभी लोगों ने टीवी के सामने खड़े होकर राम लला की आरती में शामिल हुए। साथ ही आरती संपन्न होने के बाद प्रसाद स्वरूप भव्य भंडारे का आयोजन किया गया, जहां सैकड़ों भक्तों ने पंक्तिबद्ध होकर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो ने बताया कि झारखंड के गांव-गांव में लगभग इक्यावन हजार से अधिक मंदिरों पर आज कोई न कोई धार्मिक अनुष्ठान हुए, पूरा प्रदेश सोमवार को राममय हो गया है। आगे उन्होंने कहा पांच सौ वर्षों के लंबे संघर्ष एवं लाखों रामभक्तों के बलिदान के बाद यह शुभ घड़ी आई है और इस खुशी में आज पूरे प्रदेश में भव्य दीपोत्सव भी मनाई जा रही है। कार्यक्रम में मुख्यरूप से विहिप प्रांत सहमंत्री रंगनाथ महतो, विभाग सेवा प्रमुख रविशंकर राय, महानगर उपाध्यक्षा डॉ. ज्योतिका श्रीवास्तव, महानगर सहमंत्री विश्वरंजन कुमार, रेणु अग्रवाल, तड़ित राय, टिंकू, ज्ञान, विपिन, कपिल सहित अन्य उपस्थित थे।

ऐतिहासिक एवं शुभ घड़ी में शामिल होकर अभिभूत हूं : सुदेश महतो

रांची। अयोध्या धाम के भव्य एवं दिव्य राम मंदिर में प्रभु रामलला विराजमान हो गए हैं। देशभर में खुशी का माहौल है। आजसू पार्टी के अध्यक्ष सुदेश कुमार महतो अपनी पत्नी नेहा संग अयोध्या में इस भव्य अवसर पर उपस्थित थे। वे देश भर के चुनिंदा आमंत्रित अतिथियों में थे। सुदेश कुमार महतो ने कहा है कि इस ऐतिहासिक समारोह व शुभ घड़ी में शामिल होकर अभिभूत हूं। अयोध्या का भव्य एवं दिव्य राम मंदिर समस्त देशवासियों के सामर्थ्य और क्षमता का अप्रतिम प्रतीक है। राम हमारे चेतना निर्माण और आस्था के आधार हैं। यह समारोह समस्त देशवासियों को एक नई ऊर्जा प्रदान करेगा। हमें भगवान राम के आदर्श, मूल्य, मयार्दा को आत्मसात करने की आवश्यकता है। महतो ने भगवान श्रीराम से समस्त राज्यवासियों के जीवन में सुख, शांति, समृद्धि एवं आरोग्य की कामना की।

रामनवमी और दीपावली एक साथ मना रहे हैं रामभक्त : सांसद

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: अयोध्या धाम में श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूरी रांची राममय में हो चुकी है। इस अवसर पर रांची के सांसद संजय सेठ ने सोमवार को शहरी और ग्रामीण क्षेत्र का भ्रमण किया। इस दौरान सांसद ने दर्जनों शोभा यात्राओं पर पुष्प बरसाए। दर्जनों मंदिरों में जाकर भगवान से आशीर्वाद लिया। वहीं आरती, हवन और पूजन में शामिल हुए। रांची शहर सहित नामकुम, टाटीसिलवे जैसे सुदूरवर्ती क्षेत्र में सांसद ने भ्रमण कर रामभक्तों को इस विशेष दिवस की शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर सांसद संजय सेठ ने कहा कि आज का दिन पूरी दुनिया राममय है। आज हम रामनवमी और दीपावली एक साथ मना रहे हैं। शताब्दियों की प्रतीक्षा के बाद भगवान रामलला अपनी जन्मभूमि पर विराजमान हुए हैं। यह दिन पूरी दुनिया के लिए ऐतिहासिक और अद्भुत है। भूतों न भविष्यति, इस दिन जैसा दिन शायद नहीं आएगा। हर रामभक्त को इस दिन की प्रतीक्षा थी और भगवान राम की कृपा से सभी भक्तों की प्रतीक्षा पूर्ण हुई। आज का दिन शब्दों में बोलने का दिन नहीं है, आज का दिन हमारी भावनाओं का दिन है। सभी रामभक्तों को अनंत शुभकामनाएं। श्री सेठ ने कहा कि भगवान राम ने जिस राज्य की संकल्पना की थी, वह संकल्पना भगवान राम की कृपा से ही संभव हुआ है।

रामभक्तों पर की गई पुष्पवर्षा

चुटिया महादेव मंडा से भव्य झांकी निकाली गई

नवप्रदेश संवाददाता

रांची। अयोध्या में रामलला के विराजमान होने की खुशी में रांची के चुटिया महादेव मंडा से सामाजिक कार्यकर्ता विक्रम साहू के नेतृत्व में सोमवार को भव्य झांकी निकाली गई। इसमें हजारों महिला-पुरुष बच्चे-बूढ़े सम्मिलित थे। झांकी में भगवान श्रीराम, लक्ष्मण सीता मैय्या, हनुमान जी और पूरे वानर सेना की जीवंत झांकी निकाली गयी। झांकी ने लोगों का मन मोह लिया। हजारों लोग एक साथ महादेव मंडा से झारखंड की सबसे प्राचीन श्रीराम मंदिर चुटिया पहुंचे। वहां हिंदूवादी नेता भैरव सिंह ने सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया। कार्यक्रम में कैलाश केसरी, राजकुमार महतो, विपिन अनीश आर्यन और भी सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित थे।

डीसी ने सेल्फी लेकर की आई एम रेडी टू वोट अभियान की शुरूआत



रांची। लोकसभा चुनाव को देखते हुए निर्वाचन आयोग पूरी तैयारी में जुटा है। 18 वर्ष आयु वर्ग के सभी लोगों का नाम वोटर लिस्ट में शामिल हो, इसके लिए पूरी तैयारी के साथ प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। इसके तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह रांची डीसी राहुल कुमार सिन्हा ने सोमवार को आई एम रेडी टू वोट (#IamReadyToVote) अभियान की शुरूआत की है। रांची में कुल मतदाताओं की संख्या 24,37,559 हैं। उन्होंने मतदाता सूची में अपने नाम के दस्तावेज के साथ सेल्फी लेते हुए मतदाताओं से अपील कि वो भी अपने ईपीआईसी कार्ड या मतदाता सूची के दस्तावेज के साथ सेल्फी लें और उसे सोशल मीडिया पर शेयर करें, जिससे की लोग जागरूक हों और अपने मताधिकार को समझाने के साथ लोकतंत्र के महापर्व में शामिल होने के लिए अपना नाम वोटर लिस्ट में जरूर जुड़वाने का कम करें।

वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: वात्सल्य प्ले किड्स स्कूल,जयप्रकाश नगर,डी.ए.वी शिक्षा दीप गली,रातु रोड रांची का उद्घाटन सोमवार को भगवान श्री राम , लक्ष्मण व सीता माता के रूप मे बने बच्चे की उपस्थिति मे मुख्य अतिथि अवकाश प्राप्त देश के सेना अधिकारी अरविंद कुमार शर्मा , विशिष्ट अतिथि छात्र क्लब ग्रुप के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिव किशोर शर्मा, साधना मंच के अध्यक्ष सुबोध कुमार शर्मा, राष्ट्रीय यूवा शक्ति के संस्थापक अध्यक्ष उत्तम यादव व सम्मानित अतिथि किड्स प्ले स्कूल के रिजिनल डायरेक्टर झारखंड संजीव कुमार जायसवाल, जोनल डायरेक्टर नितिन कुमार पांडे, मार्केटिंग मैनेजर आशीष झा, कलावती स्कूल आफ नर्सिंग के प्राचार्य विश्वदीपक पांडे, देशबंधु आई.टी.आई.के प्राचार्य सतीश कुमार द्वारा गणेश पूजन,माता सरस्वती जी की वंदना,नारियल फोड़कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इस मौके पर भव्य एवं रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों ने प्रस्तुत किया ,जिसका अतिथियों ने जोरदार स्वागत किया। मौके पर निदेशक अविनाश गौरव ने कहा वात्सल्य किड्स स्कूल एक ब्रांडेड विद्यालय है ,जहां बच्चों को शिक्षा के साथ खेलकूद एवं अनुशासन पर भी विशेष ध्यान दिया जाएगा। वहीं प्राचार्य आलोक कुमार ने कहा वात्सल्य किड्स प्ले स्कूल के सभी बच्चों को उनके मनोरंजन के साथ साथ रुचिकर शिक्षा भी दी जाएगी एवं इस विधालय मे बच्चों के आने जाने के लिए परिवहन सेवा भी उपलब्ध रहेंगी। कार्यक्रम को सफल बनाने मे मुख्यरूप से सुनीता मिश्रा,आनंद कुमार, चेतना उपाध्याय, पुनम वर्मा, सीमा सिंह, रीता सिंह, रूपाली कुमार, मुस्कान कुमारी आदि शिक्षक, शिक्षिकाएं एवं अन्य कर्मचारियों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अयोध्या श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर हवन-पूजन कार्यक्रम

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: अयोध्या श्रीराम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल के लालपुर डिस्टलरी पुल स्थित आवास में मयार्दा पुरूषोत्तम भगवान श्रीराम का हवन-पूजन किया गया। 11 पंडितों द्वारा प्रातः 11 बजे से पूरे मंत्रोच्चारण के साथ पूजा-अनुष्ठान हुआ। आदित्य विक्रम जयसवाल पूरे परिवार के साथ पंडित राजेश के सानिध्य में अनुष्ठान संपन्न किये। इसके उपरांत भजन-कीर्तन के बाद श्रीराम भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया गया। अनुष्ठान कार्यक्रम में केशव महतो कमलेश, संजय पांडे, मुन्ना सिंह,प्रोफेशनल्स कांग्रेस की प्रदेश सचिव मीनाक्षी सिंह ,अंकुर अनिल कोऑर्डिनेटर श्रवण जैन, पायल जैन, सरवर पॉल ,लोकसभा अध्यक्ष भुवनेश ठाकुर ,प्रभात अग्रवाल, अनिल सिंह ,महानगर अध्यक्ष कृष्ण सहाय ,ग्रामीण अध्यक्ष संजीव महतो शामिल थे।

इस मौके पर पुजारियों ने भजन के माध्यम से बताया कि भगवान राम अपने गुणों की वजह से ही मयार्दा पुरुषोत्तम कहलाए है। भगवान राम एक महान राजा थे। उन्होंने दया, सत्य, सदाचार, मयार्दा, करुणा और धर्म का पालन किया। भगवान राम ने समाज के लोगों के सामने सेवा का उत्कृष्ट उदाहरण पेश किया था। इसी कारण से उनको मयार्दा पुरुषोत्तम कहा जाता है। भगवान राम में ऐसे कई गुण पाए जाते हैं, जो वर्तमान में हर इंसान में होना बेहद आवश्यक है। रामायण में उनके चरित्र और कामों का जिक्र किया गया है, जो उनके मौलिक मानवीय और आदर्शों को गुणों को प्रस्तुत करते हैं।

झारखंड प्रदेश प्रोफेशनल्स कांग्रेस के अध्यक्ष आदित्य विक्रम जयसवाल ने कहा कि भगवान श्रीराम के कई मित्र थे। हर वर्ग के व्यक्तियों और सभी जाति के साथ भगवान राम ने मित्रता की भूमिका निभाई। सभी रिश्तों को भगवान राम ने दिल से निभाया। चाहे वो निषादराज या विभीषण और केवट हो या सुग्रीव। भगवान श्रीराम के मार्ग पर हमसभी लोगों को चलने की जरूरत है तभी देश व राज्य सुख-शांति, समृद्ध हो पायेगा।

इस अवसर पर मनोरंजन जायसवाल,प्रीयोरंजन जायसवाल, शशि रंजन जायसवाल, जया जयसवाल ,विजयश्री सहदेव, सूर्य विजय जायसवाल, अभ्युदय विजय जायसवाल, नवीन जयसवाल,पप्पू जयसवाल, बबलू जायसवाल ,प्रेम कुमार, नितिन निशांत, विकी गोप,विवेक धन आदि कई लोग मौजूद थे।

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के कार्यक्रम को लेकर रांची पुलिस सुरक्षा को लेकर पूरी तरह सतर्कता बरत रही है। सोमवार को सभी समुदाय और केन्द्रीय शांति समिति के लोगों के साथ कार्यक्रम पर लगातार विशेष नजर जा रही थी।

श्री राधा कृष्ण मंदिर से निकली भव्य शोभा यात्रा

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के शुभ अवसर पर सोमवार को श्री राधा कृष्ण मंदिर,कृष्ण नगर कॉलोनी के प्रांगण से प्रातः 9 बजे भव्य शोभा यात्रा निकाली गई। इस शोभा यात्रा का मुख्य आकर्षण फूलों से सजी श्री राम दरबार की सजीव झांकी रही जिसमें भगवान राम,माता सीता,लक्ष्मण एवं हनुमान विराजमान थे।

श्री राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हुई शोभा यात्रा में दुर्गा जागरण मंडली के केसर पपनेजा,पवन मनुजा ,ज्योति अरोड़ा एवं अन्य कलाकारों ने ‘ राम आएंगे तो अंगना सजाऊंगी.....’ एवं ‘श्री राम जानकी बैठे हैं मेरे सीने में........’ एवं ‘अयोध्या आए मेरे राजा राम बोलो जय जय श्री राम......’ तथा ‘ राम नाम के हीरे मोती मैं बिखराऊ.......’ जैसे कई भजन गायन कर कृष्णा नगर कॉलोनी को राममय बना दिया। शोभा यात्रा कॉलोनी की विभिन्न गलियों का भ्रमण करते हुए वापस श्री राधा कृष्ण मंदिर पहुंची। इस शोभा यात्रा में रांची लोकसभा के सांसद संजय सेठ,शहर के विधायक सीपी सिंह एवं निवर्तमान पार्षद अशोक यादव शामिल हुए और जय श्री राम का नारा लगाकर भक्तों का हौसला बढ़ाया। कृष्णा नगर कॉलोनी के सभी चौक चौराहों में भक्तों ने पुष्प

वर्षा एवं प्रसाद वितरण कर शोभा यात्रा का श्रद्धाभाव से स्वागत किया। गुरुद्वारा श्री गुरुनानक सत्संग सभा द्वारा शोभा यात्रा का स्वागत पुष्प माला पहनाकर एवं कोल्ड ड्रिंक्स वितरण कर किया गया। समाप्ति के उपरांत श्री राधा कृष्ण मंदिर कमिटी द्वारा भक्तों के लिए विशेष भंडारा चलाया गया।

संस्था के मीडिया प्रभारी अरुण जसूजा ने बताया कि इस अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर को विशेष तौर से सजाया गया है एवं पूरे कृष्ण नगर कॉलोनी को पताका के माध्यम से भगवामय किया गया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में मनोहर लाल जसूजा, रामचंद्र तलेजा, केसर पपनेजा, नंदकिशोर अरोड़ा, मनोज किंगर, हरीश अरोड़ा, अरुण जसूजा,किशोरी पपनेजा, गौरीशंकर मादनपोत्रा, ललित किंगर, चंदन सिडाना, हरीश मनुजा, प्रवीण घई, विकास घई, नरेश खत्री, हरीश नागपाल, नरेश अरोड़ा, मुकेश सिडाना, विजय जसूजा, विनीत अरोड़ा, पंकज गक्कड़, पवन मनुजा, सुनील कटारिया, सुशील गेरा, विनोद किंगर, नीरज किंगर, अनिल मुंजाल, उमंग मनुजा ,रोहित तलेजा, विशाल अरोड़ा, रौनक मिड्ढा, अनिल वधवा, कौशल्या देवी, पूनम तलेजा, लाजवंती किंगर, राज देवी मनुजा, शकुंतला देवी मुंजाल, ज्योति अरोड़ा, नीलम अरोड़ा,सिम्मी पपनेजा, राधा देवी तलेजा, बबीता पपनेजा, शशि किंगर, एवं माँ भवानी सेवा मंडल की रूबी अरोड़ा, निशा तलेजा, मनीषा मिढ़ा,सुनीता विज, पूजा जसूजा, बरखा घई, कांता देवी अरोड़ा, श्वेता चावला, शालू मिड्ढा, कामना खत्री, संगीता मिड्ढा, रश्मि काठपाल,संगीता मादनपोत्रा, ऋचा मिड्ढा, रिया घई, भावना किंगर समेत समाज के अन्य लोगों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम में 132 वाँ अन्नपूर्णा भंडारे का वितरण

नवप्रदेश संवाददाता

रांची: अयोध्या मे प्रभु राम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवाधाम दिव्यांग आश्रम मे स्थित श्री राज श्यामा (श्री राधा-कृष्ण) मंदिर को सोमवार को बहुत ही आकर्षक रूप से सजाया गया था। मंदिर परिसर का सुन्दरता देखने लायक थी, हर भक्तजन पुरे आश्रम प्रांगण मे राममय हो गये थे।

आश्रम परिसर में स्थापित मंदिर को सैकड़ो राम पताका फुलो एव गुबारों से भर दिया गया था। पुरा मंदिर परिसर मे लगी लाइटिंग अपनी अलग ही छटा बिखेर रही थी। आश्रम परिसर मे स्थित मंदिर मे प्रातः नौ बजे से श्रद्धालुओ का आना शुरू हो गया था। मंगल प्रांगण मे 11

बजे से प्राण प्रतिष्ठा एव हवन पुजा का कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के अध्यक्ष डुंगरमल अग्रवाल ने अपनी धर्मपत्नी सतोष देवी अग्रवाल के साथ संपन्न कर श्रद्धालुओ के बीच 132 वाँ अन्नपूर्णा भंडारे के प्रसाद का वितरण किया। उसके पश्चात संध्या पांच बजे से पुरे मंदिर परिसर मे दिपक जलाये गये। परिसर में धूमधाम से आतिशबाजी कर मिठाईयां बांटी गई। भगवान के प्रसाद मे बुंदिया एव खीर के प्रसाद का वितरण किया गया।

पटना के 201 मंदिरों में एक साथ दीपोत्सव

-लगे कुटिया भी दुल्हन सी, अवध में राम आए हैं...भजनों से भक्ति रस में डूबते-उतराते रहे लोग

खाजपुरा का शिव मंदिर रहा आकर्षण का केंद्र



पटना। श्री श्री महाशिवरात्रि महोत्सव शोभायात्रा अभिनंदन समिति के तत्वावधान में सोमवार को राजधानी के 201 मंदिरों में भजन-कीर्तन और एक साथ एक समय दीपोत्सव का आयोजन किया गया। दीपोत्सव का मुख्य कार्यक्रम खाजपुरा स्थित शिव मंदिर में हुआ जहां समिति के संरक्षक सह विधायक डॉ संजीव चौरसिया की अगुआई में सैकड़ों रामभक्तों ने शाम 6 बजे दीप जलाकर प्रभु राम का अभिनंदन किया। बेली रोड फ्लाईओवर के नीचे जय श्री राम का नारा लिखकर उसे दीयों से सजाया गया। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष सम्राट चौधरी ने शिव मंदिर में दीपोत्सव का विधिवत उद्घाटन किया। टेंट से रामलला को भव्य मंदिर में लाने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार जताया। वर्चुअल जूम ऐप के जरिये केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय, मंदिर निर्माण की नींव की पहली ईंट रखने वाले कामेश्वर चौपाल व देश-विदेश से लोग भी दीपोत्सव के साक्षी बने।

51 मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का सीधा प्रसारण

इससे पहले प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हिस्सा बनने के लिए लोगों में जबर्दस्त उत्साह दिखा। ठंड की परवाह किए बगैर लोग सुबह से देर शाम तक मंदिर परिसर में जुटे रहे। खाजपुरा शिव मंदिर के अलावा 50 मंदिरों में अयोध्या से प्राण प्रतिष्ठा समारोह का एलईडी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण किया गया। प्राण प्रतिष्ठा देख रहीं कई महिलाएं भावुक हो गईं। एक ओर कलाकारों की टोली...ह्यलगे कुटिया भी दुल्हन सी, अवध में राम आए हैंह्व...जैसे भजनों से लोगों को भक्ति के रस में सराबोर कर रही थी तो दूसरी ओर रामभक्तों के जयकारे से पूरा वातावरण राममय नजर आ रहा था।

101 मंदिरों में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ

उधर, नेपालीनगर के मनसा पूरण हनुमान मंदिर से राजवंशीनगर हनुमान मंदिर तक भव्य शोभायात्रा निकाली गई। समिति के सदस्यों की ओर से 101 मंदिरों में हनुमान चालीसा का सामूहिक पाठ किया गया। पाटलीपुत्र चौराहा स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर समेत 90 मंदिरों पर दोपहर 1 बजे से भजन-कीर्तन और 25 मंदिरों पर अष्टयाम का आयोजन किया गया। अदालतगंज मंदिर समेत 30 मंदिरों पर भंडारा का आयोजन और 50 मंदिरों पर भोग प्रसाद का वितरण किया गया। दीपोत्सव के समय सभी 201 मंदिर जूम ऐप से जुड़े रहे।कार्यक्रम को सफल बनाने में अभिनंदन समिति से जुड़े प्रभात सिन्हा, विवेक सिन्हा, जयप्रकाश (पुनील जी), पंकज कुमार, अवधेश, गुंजन सिंह राजपूत, शेखर सिंह का योगदान भी सराहनीय रहा।

जय सियाराम के नारे से गुंजा मंदिर और वातावरण घर घर जले दिप

नवप्रदेश प्रतिनिधि बेतिया । अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा होने पर पूरा वातावरण भक्तिमय और जय सियाराम के नारे से गुंजित हो उठा श्रद्धालुओं को चेहरे पर रामलाल के घर वापसी को लेकर पूरा खुशी देखने को मिल रहा था जहां बेतिया में जो राशि वाले से भव्य जय सियाराम रथ शोभायात्रा निकल गई जो नगर के तीन लालटेन जनता सिनेमा चौक सौआ बाबू चौक होते हुए नगर के विभिन्न क्षेत्रों में परिभ्रमण किया जिसमें हजारों महिलाएं और पुरुष भगवा ध्वज लहराते हुए जय सियाराम के नारे लगाते हुए एक दूसरे को गुलाल लगा रहे थे वही छत से श्रद्धालु इस शोभा यात्रा रथ पुष्प वर्षा कर रहे थे इस शोभायात्रा में बेतिया सांसद डॉक्टर संजय जयसवाल, विश्व हिंदू परिषद के जिला मंत्री रमन गुप्ता विनय कुमार भाजपा नेता दीपेंद्र सराफ, युवा समाजसेवी राहुल कुमार, समेत वाल्मीकि प्रेस ट्रस्ट से जुड़े सचिन निरंकार भास्कर, अध्यक्ष राणा प्रताप गुप्ता संगठन सचिव जय किशोर शर्मा राकेश कुमार सत्यम सिंघानिया समेत कई समाजसेवी एवं धर्म प्रेमी साथ रहे एक और प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जयप्रकाश नगर डोल वाग आईटीआई मंदिर में हनुमान आराधना के साथ विशाल भंडारा का आयोजन किया गया साथ ही साथ पूरे मंदिर में दीपक जलाकर खुशियां मनाई गई इस संबंध में समाज सेवी शिवजी मिश्रा, वकील महतो, बिहारी महतो आचार्य चंदन कुमार पाण्डेय, शिवकुमार द्विवेदी बताया कि आज उन्होंने महसूस हो रहा है पूरा वातावरण त्रेता युग में आ गया है इसी तरह नौतन के गहरी कोठी, नौतन पंचायत,धूमनगर आदि पचायतो समेत सिकटा सरगटिया हनुमान मंदिर, रामनगर, वाल्मीकि नगर, लौरिया, मझौलिया, चनपटिया आदि सभी प्रखंडों के सभी पंचायत के मंदिरों के साथ साथ घरों में भी दीपक जलाए गए ऐसा मालूम पड़ता था कार्तिक मास की दीपावली आज ही आ गया हो सच में किसी ने कहा है कि राम नाम राम से भी बढ़कर हैं और राम सबके हैं।

प्राण प्रतिष्ठा के साथ ही श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ संपन्न

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। नगर परिषद के वार्ड 20 अंतर्गत धारुपुर में 6 दिवसीय श्रीश्री 1008 श्री लक्ष्मी महायज्ञ प्राण प्रतिष्ठा के साथ सोमवार को संपन्न हो गया। जिसका समापन श्री जीयर स्वामी महाराज के शिष्य श्री प्रेमानंद महाराज के सानिध्य में भगवान हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा के विधि-विधान पूजन के साथ हुई। इस अवसर पर स्थानीय शहर से लेकर दूर-दराज से आएं हजारों भक्तों की भीड़ उमड़ी थी। दूसरी तरफ महायज्ञ आयोजन के समापन को लेकर धारूपुर के लोग दिन-रात एक कर श्रद्धालुओं के सेवा में समर्पित दिखें। अंतिम दिन भाजपा प्रदेश शिक्षक प्रकोष्ठ महामंत्री डॉ० मनीष रंजन ने महायज्ञ पूजा सदस्यों के साथ भगवान श्री राम भक्त हनुमान जी महाराज के प्राण प्रतिष्ठा पूजन के बाद भक्तिमय जयकारे के साथ हजारों भक्तों के बीच प्रसाद वितरण किया। वहीं गांव स्थित हनुमान जी का प्राण प्रतिष्ठा मूर्ति स्थापित होते ही क्या बच्चें, बूढ़े, युवा सहित महिला और पुरुष सभी उत्साहित थे। मौके पर व्यापार मंडल अध्यक्ष सिद्धनाथ सिंह,नगर सभापति मनोरंजन सिंह, प्रबल प्रताप सिंह, सरोज सिंह, सरसठ सिंह, बब सिंह, मुन्ना सिंह, विजय बहादुर सिंह, मनोज सिंह, चुननु सिंह, गुड्डु सिंह, दीपू सिंह, चीकू सिंह, बद्रीनाथ सिंह, राधेश्याम सिंह, रघुवंश सिंह, त्रिभुवन सिंह सहित हजारों भक्त उपस्थित थें।

रामलला प्राण-प्रतिष्ठा पर गांव से लेकर शहर तक भक्तिमय माहौल बना रहा





नवप्रदेश प्रतिनिधि सूर्यपुरा। रामलला प्राण-प्रतिष्ठा पर सोमवार को गांव से लेकर शहर तक भक्तिमय माहौल बना रहा।जबकि आस्था के आगे बाजारों में कम पड़े घरों पर लगाने वाले भगवाध्वज।भगवाध्वज खरीदने को लेकर लोग इधर-उधर दुकानों पर भटकते रहे पर बाजार में काफी संख्या में बिक्री के कारण अनुपलब्ध हो गए। साथ ही बाबा बंगालनाथ मंदिर बलिहार, हनुमान मंदिर बंगला चौक, काली मंदिर खरोज में जुलूस भी निकला सहित दर्जनों मंदिरों को रामभक्तो ने सजाकर भक्तिमय बना दिया था।जबकि पुलिस प्रशासन रामलला प्राण-प्रतिष्ठा के एक दिन पूर्व से ही प्रखंड मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रो में गश्ती बढ़ा दिया था।हर घंटे सड़को पर पुलिस की सायरन सुनाई देती रही ताकि रामोत्सव का माहौल शांतिपूर्ण बना रहे। जिसको लेकर फ्लैग मार्च सहित प्रशासन काफी सतर्क रही। वही संध्या में सुर्यपुरा राम जानकी जोंड़ा मंदिर बड़ा तलाब के चारों तरफ 5100 सौ दिया जलाकर दीपोत्सव मनाया गया।

प्राण प्रतिष्ठा : जयमंगला वाहिनी ने निकाली भव्य शोभा यात्रा

बेगूसराय। अयोध्या में पांच सौ वर्षों के संघर्ष के बाद प्रभु श्रीराम के बाल स्वरूप की प्राण-प्रतिष्ठा होने के खुशी में आज बेगूसराय में जगह-जगह शोभा यात्रा, रामधुनी अष्टयाम, विशेष पूजा अर्चना, राम ज्योति, लाइव टेलीकास्ट आदि कार्यक्रम आयोजित किए गए। सबसे अधिक भीड़ जयमंगला वाहिनी परिवार द्वारा जिला मुख्यालय में निकाले गए भव्य शोभा यात्रा में उमड़ी। जीडी कॉलेज से शुरू शोभायात्रा हर-हर महादेव चौक, सुभाष चौक, ट्राफिक चौक, आंबेडकर चौक एवं काली स्थान चौक होते हुए नौलखा मंदिर पहुंची। शोभा यात्रा में हजारों लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी थी। शोभा यात्रा में केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह, राज्यसभा सांसद प्रो. राकेश सिन्हा, बेगूसराय नगर विधायक कुंदन कुमार, महापौर पिंकी देवी, पूर्व महापौर संजय सिंह एवं सामाजिक कार्यकर्ता सोनू शंकर भी शामिल हुए। मीडिया प्रमुख सुमित, शुभम एवं अवनीश ने कहा कि राम मंदिर हमें एहसास कराता है कि हक मांगने से नहीं मिले तो उसके लिए लड़ना सीखो। राम मंदिर उन कारसेवकों के बलिदान का प्रतीक है, हमारे पूर्वजों के उन सपनों के हकीकत होने का है, जो सपना उन्होंने आंखे खोलते और बंद करते समय देखा था। चंदा चौहान एवं खुशी मिश्रा ने कहा कि राम मंदिर सिर्फ मंदिर नहीं, सनातन धर्म का प्रतीक है। यह आराध्य श्री राम के वनवास से लौटने का प्रतीक है, असत्य-सत्य के बीच धर्मयुद्ध का प्रतीक है। क्षितिज भारद्वाज एवं सोनू वत्स ने बताया कि अयोध्या में आराध्य श्रीराम का प्राण-प्रतिष्ठा और भव्य मंदिर निर्माण का कार्य पिछले पांच सौ वर्षों के संघर्ष का परिणाम है जो आज साकार हुआ है। अमर गौतम एवं कुमार मनीष ने बताया कि शोभा यात्रा के दौरान झांकी प्रस्तुति में श्रीराम, माता जानकी, लक्ष्मण, भरत और शत्रुघ्न के साथ हनुमान के परिधान में मौजूद बाल कलाकार आकर्षण के केंद्र थे।

जिलाध्यक्ष सौरभ कुमार ने यात्रा को भव्य बनाने में सहयोग कर रहे सभी सहयोगियों और जिला प्रशासन का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आप सभी के सकारात्मक सहयोग से भव्य यात्रा का समापन शानदार तरीके से हुआ है। प्रशांत और अभिजीत रंजन ने कहा कि हम खुशकिस्मत हैं कि उस पीढ़ी में आए है जो मंगल बेला में राम मंदिर को देख रहे हैं।

6 दिसम्बर 1992 को जेल भेजे गए रामभक्तों का सपना हुआ पूरा, जुलूस के दौरान हुई थी गिरफ्तारी





नवप्रदेश, आरा। अयोध्या में 6 दिसम्बर 1992 को जब बाबरी ढांचे की तरफ लाखों कारसेवकों का सैलाब आगे बढ़ रहा था तो उसी दिन आरा में सैकड़ो रामभक्तों का कारवां जुलूस निकालकर शहर में श्री रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण की मांग कर रहे थे। सौगन्ध राम की खाते हैं हम मन्दिर वहीं बनाएंगे के नारों से आरा शहर का जर्रा जर्रा गूंज रहा था कि इसी बीच सूचना आई कि अयोध्या में बाबरी ढांचे को कारसेवकों ने ध्वस्त कर दिया है।बाबरी मस्जिद ध्वस्त होने की खबर देश और दुनिया मे जंगल मे आग की तरह फैल गई। खबर मिलते ही आरा में पुलिस और प्रशासन ऐक्शन मोड में आ गई और जुलूस निकाल कर नगर भ्रमण कर रहे सैकड़ो रामभक्तों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।गिरफ्तार किए गए अधिकांश रामभक्तों में छात्र युवाओं की संख्या अधिक थी।इस जुलूस का नेतृत्व भाजपा की नेत्री जया जैन एवं भाजपा नेता त्रिगुणा सिंह समेत कुछ अन्य लोग कर रहे थे।जिन रामभक्तों को गिरफ्तार किया गया उनमें आरा के नागरमल शिवनारायण परिवार के आलोक बेड़िया, लौहर फरना निवासी रविन्द्र प्रसाद श्रीवास्तव, हरिजी हाता निवासी बबलू सिंह, शेखर, मनोज कुमार सिन्हा, एमपी बाग निवासी राजीव कुमार सिन्हा उर्फ छोटक समेत लगभग 40 लोग प्रमुख रूप से शामिल थे। इन सभी को पहले अस्थायी जेल बनाये गए हित नारायण क्षत्रिय प्लस टू स्कूल ले जाया गया। देर शाम तक यहां रखने के बाद सभी को आरा मण्डल कारा भेज दिया गया।जेल जाने के बाद भी इन रामभक्तों का जुनून कम नही हुआ था। लोग वहां भी इस बात की खबर से बेहद प्रसन्न थे कि बाबरी ढांचे के पांच सौ सालों के कलंक का दाग मिट चुका है और अयोध्या में श्री रामजन्मभूमि पर भव्य मंदिर निर्माण का नया सवेरा हुआ है।जेल में भी राम मंदिर निर्माण को लेकर लोगों में उत्साह और उमंग का माहौल था। आरा शहर के सामाजिक एवं स्वयंसेवी संगठनों के साथ साथ जेल भेजे गए रामभक्तों के परिवार वालों द्वारा भी प्रतिदिन सुबह शाम प्रचुर मात्रा में भोजन की व्यवस्था कर मण्डल कारा आरा में पहुंचाया जा रहा था।

अयोध्या में राम को अधिष्ठापित होने पर सनातनियों ने मनाया दीपोत्सव

नवप्रदेश प्रतिनिधि बिक्रमगंज। सदियों पूर्व के कठिन तपस्या के पश्चात सोमवार को श्री अयोध्या जी में आराध्य देव प्रभु श्री रामचंद्र जी की प्रतिमा अधिष्ठापित की गई। इस पावन अवसर के उपलक्ष में सनातनियों ने देवालय सहित घरों को दीपमाला से सजाया। मनोरम दृश्य देख लगा कि आज दीपावली का त्यौहार है। कई जगहों पर प्रसाद वितरण सहित संकीर्तन का भी आयोजन किया गया। पूर्व विधायक राजेश्वर राज ने कहा कि हम सनातनियों के लिए आज गौरव का दिन है। इच्छा शक्ति के अभाव में पूर्व की सरकारें इस ऐतिहासिक कार्य को करने में विफल रही जिसके कारण हमारे आराध्य देव को कठिन तपस्या से गुजरना पड़ा। वही अवध मेडिकेयर में नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ रवि रंजन एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ रूपम के द्वारा क्लीनिक के समीप इस शुभ अवसर पर प्रसाद वितरण कराया गया। शहर के डीएसपी कार्यालय के समीप शिव मंदिर, दुर्गा मंदिर, अस्कामिनी मंदिर, नटवार रोड स्थित महावीर मंदिर एवं धनगाई काली मंदिर सहित सभी मंदिरों में दीपोत्सव किया गया। वही सासाराम रोड बिक्रमगंज स्थित महावीर मंदिर में अखंड संकीर्तन का आयोजन कराया गया।

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली कलश यात्रा

नवप्रदेश प्रतिनिधि नौतन। प्रखंड क्षेत्र के ग्राम पंचायत राज खड्डा के वार्ड नंबर चार स्थित मंदिर में मूर्ति प्राण प्रतिष्ठा को लेकर 551 कन्याओं ने कलश यात्रा निकाली गाजे बाजे के साथ निकाली कलश यात्रा का नेतृत्व यज्ञ समिति के अध्यक्ष हृदय नारायण प्रसाद ने की। भक्तिमय माहौल में निकली कलश यात्रा खड्डा के पतहरी, पोखरा टोला, कुंजलही होतें हुए बैकुठवां पंचायत के हरदिया मन पहुंची। जहां आचार्य विश्वनाथ पांडेय के द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बाद कन्याओं ने जलभर कर यज्ञ मंडप में लाई। अयोध्या राम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा के समय ही यजमान बबलू पटेल व उनकी के द्वारा विधिवत पुजा अर्चना कर मूर्ती स्थापित की जाएगी। प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम को सफल बनाने में समिति के सचिव चंदन कुमार, कोषाध्यक्ष रवि कुमार, ग्रामीण योगेन्द्र प्रसाद, किशोरी साह, नगीना शर्मा, सुरेश प्रसाद, छठु प्रसाद, मुनेशवर साह, अनिल कुशवाहा, रामेशवर प्रसाद, राजेशवर प्रसाद का सराहनीय योगदान है।

रामलला प्राण प्रतिष्ठा पर डमरू वादन से गदगद हुए भोजपुरवासी, केंद्रीय मंत्री ने संत महात्माओं को किया सम्मानित

नवप्रदेश प्रतिनिधि आरा। अयोध्या नगरी आज राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा सफल पूर्वक संपन्न हो गया। राम की नगरी का कण-कण राममय हो गया है। रामलला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर आरा के ऐतिहासिक रमना मैदान में भी श्री रामलला प्राण प्रतिष्ठा उत्सव की भव्य तैयारी की गई थी। जहां हजारों की संख्या में भोजपुरवासी कार्यक्रम को देखने के लिए पहुंचे है। वहीं आरा के सांसद सह केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह भी इस कार्यक्रम में पहुंचे है। कार्यक्रम से पहले पूरे आरा शहर में राम जी का रथ जुलूस निकाला गया। जिस्म की पूरे शहर में भगवान श्री राम को नगर भ्रमण कराया गया। वहीं आरा के रमना मैदान में हजारों लोग प्राण प्रतिष्ठा उत्सव में पहुंचे है। आज पूरा आरा शहर राममय हो गया है। राम भक्तों का करीब 500 साल का लंबा इंतजार आज खत्म होने जा रहा है। इस पावन मौके का साक्षा बनने के लिए हजारों लोग आरा के रमना मैदान पहुंच चुके हैं। संत महात्माओं के साथ आम भोजपुरवासी भी भगवान के आगमन से गदगद हैं। आज प्राण-प्रतिष्ठा के लिए 85 सेकेंड का मुहूर्त है।

एक नजर

किन्नरो ने भी की श्री राम की पूजा पर प्रभु राम का आशीर्वाद प्राप्त



नवप्रदेश प्रतिनिधि अकोढ़ीगोला। अयोध्या में प्रभु राम लला के प्राण प्रतिष्ठा पर पूरे देश में खुशी का माहौल है वही किन्नर समाज भी प्रभु श्री राम के पूजा कर मांगलिक गीत गाए. डिहरी प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत आयरकोठा स्थित वात्सल्य स्मृति रेजिडेंशियल स्कूल के परिसर में प्रभु राम की पूजा अर्चना की गई। विद्यालय के प्रधानाध्यापक आनंद राय, पूर्व मुखिया हरिद्वार प्रसाद तथा पूजा किन्नर ने संयुक्त रूप से पूजा अर्चना की. प्रधानाध्यापक ने आए हुए अतिथियों को श्री राम नाम का गमछा भेट स्वरूप दी। प्रधानाध्यापक ने कहा कि पूरा देश जहां आज के दिन राम लला की पूजा कर खुशियां मना रहा है इसी मौके पर विद्यालय में भी श्री राम की पूजा की गई तथा विद्यालय सहित, पुरे बाजार पर प्रसाद वितरण किया जा रहा है. पूर्व मुखिया हरिद्वार प्रसाद ने कहा कि लगभग 500 वर्ष बीत जाने के बाद अयोध्या में प्रभु श्री राम विराजमान हुए हैं इसके लिए न्यायालय धन्यवाद के पात्र है। मौके पर पहुंची पूजा किन्नर ने कहा कि हम लोगों को प्रभु राम का आशीर्वाद प्राप्त है। अयोध्या में प्रभु राम विराजमान हुए हैं हम सभी किन्नर समाज खुश हैं उन्होंने बताया की किस तरह से प्रभु राम किन्नर से मिले थे और उनको आशीर्वाद दिया था. मौके पर किन्नरो ने प्रभु राम के गीत गाए. मौके पर छात्र-छात्राओं के साथ शिक्षक एवं किन्नर तथा कई जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

जय श्रीराम के नारों से गूंज उठा क्षेत्र श्रीराम के भक्तों ने निकाला भव्य जुलूस

नवप्रदेश प्रतिनिधि काराकाट। क्षेत्र सोमवार को जय -जय श्रीराम के नारों से गुंजायमान हो गया । 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर भव्य जुलूस निकाला गया। भव्य जुलूस का आयोजन काराकाट बाजार से नगर पंचायत काराकाट में मुख्य बाजार गोड़ारी तक निकाला गया। जुलूस का आयोजन श्रीराम के भक्त राकेश मिश्रा, अमन कुमार सिंह, अखिलेश्वर पांडेय, संतोष कुमार सोनी, विकास कुमार, उपमुख्य पार्षद रवीश रंजन, प्रिंस कुमार , पवन राज के नेतृत्व में जुलूस निकाला गया जिसमें भगवान श्रीराम जी के सैकड़ों की संख्या में भक्तों ने भाग लिया। काराकाट बाजार से जुलूस निकाला गया जिसमें सबसे आगे घोड़े पर सवार श्रीराम भक्त, बाइक पर सवार होकर श्रीराम भक्त उसके पीछे पैदल श्रीराम का ध्वज लेकर गोड़ारी बाजार पहुंच। जुलूस में श्रीराम जी के रथ भी जुलुस के साथ चल रहा था। श्रीराम जी के भक्त जय श्रीराम के जयकारे लगाते हुये गोड़ारी बाजार पहुंचे इसके बाद पुनः काराकाट बाजार को जुलूस वापस चला गया। जुलूस के साथ थानाध्यक्ष आदित्य कुमार, विधि व्यवस्था में राज कुमार सिंह, एसआई अंजली कुमार, एसआई मिथलेश कुमार पासवान व पुलिस बल की गस्ती गाड़ी साथ रही। क्षेत्र में सभी मंदिरों व गांवों तक पुलिस की गस्ती दिनभर होती रही। शांति व्यवस्था के साथ भव्य जुलूस का आयोजन संपन्न हो गया ।

मंगलवार को सूर्यपूरा एवं संझौली में विद्युत आपूर्ति रहेगी बाधित रहेगें

नवप्रदेश प्रतिनिधि संझौली सूर्यपुरा।। सूर्यपुरा प्रखंड के नारायणपुर ग्रिड में मरम्मति कार्य करने के कारण 33 केवी सूर्यपूरा फीडर का विद्युत आपूर्ति 23 जनवरी 2024 को सुबह 10:30 बजे से दोपहर 13:30 बजे तक एवं 33 केवी संझौली फीडर 14:00 बजे से 17:00 बजे तक बन्द रहेगी। उक्त अवधि मे ग्रिड द्वारा मरम्मती का कार्य किया जायेगा। सहायक कार्यपालक अभियंता, संचरण अवर प्रमण्डल बिक्रमगंज उपेंद्र सिंह के द्वारा बताया गया कि शीतकालीन मरम्मती के कारण ग्रिड से निकलने वाली 33 के.वी. फीडर का विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की प्रबल संभावना है। श्री सिंह द्वारा उपभोक्ताओ से आग्रह किया गया है कि विद्युत आपूर्ति बंद होने से पहले ही बिजली संबंधित अपनी जरूरी काम निपटा लेंगे।

शार्ट सर्किट से लगी आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख

नवप्रदेश प्रतिनिधि नासरीगंज। थाना क्षेत्र के पडूरी गांव में आरके किराना एवं मिष्ठान भण्डार में बिजली के शार्ट सर्किट से भीषण आग लग गई। जिसमें लगभग दस लाख के सामग्री जलकर राख हो गई। ऊक्त दुकान के संचालक ऊक्त गांव निवासी पप्पू कुमार साह ने बताया कि प्रतिदिन की भांति रविवार रात्रि नौ बजे दुकान बंद कर घर गया, अचानक मध्य रात्रि को ग्रामीणों के द्वारा दुकान में आग लगने की सूचना प्राप्त हुई। सूचना पर पहुंचने पर दुकान धु-धु कर जलता देख दंग रह गया। भुगतभोगी ने बताया कि ऊक्त घटना में दो फ्रिज, एक हीरो होंडा बाइक, आधा दर्जन सीलिंग फैन, अठारह पेटी पंद्रह केजी वाला फार्च्यून व एक केजी वाला चालीस पेटी, एक किलो व आधा किलो घी की दस पेटियां, एक किलो सरसों तेल का पच्चीस पेटी, आधा किलो के 15 पेटी, पंद्रह केजी का 35 डब्बा, पांच लाख का शीशा काउंटर व फर्नीचर समेत दुकान के सभी छोटे-बड़े सामग्री जलकर राख हो गई है। आग इतनी भीषण थी कि दुकान की दीवारों और छत में दरार आ गई हैं। सूचना पर अग्निशामक वाहन पहुंचा तथा ग्रामीणों के अथक प्रयास के बाद आग पर काबू पाया गया लेकिन तब तक सभी सामग्री जल कर राख हो गई। मौके पर पहुंचे प्रमुख योगेश कुमार व मुखिया रीता देवी व समाजसेवी वीरेंद्र चौधरी ने भुगतभोगी को उचित मुआवजा देने की मांग किया है। सूचना पर घटनास्थल पर पहुंचे थानाध्यक्ष अमित कुमार व सीओ अमित कुमार ने निरीक्षण किया। सीओ ने बताया आवेदन प्राप्त हुआ है। आवेदन के आलोक में जांचोपरांत उचित मुआवजे का प्राविधान के अनुसार भुगतान किया जायेगा।

कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं ने की प्रखंड अध्यक्ष देखरेख की बैठक

नवप्रदेश प्रतिनिधि गोडारी। प्रखंड मुख्यालय गोड़ारी के राम जानकी मंदिर के परिसर में कांग्रेस पार्टी के कार्यकताओं की बैठक आयोजित की गई । बैठक का अध्यक्षता कांग्रेस पार्टी के प्रखंड अध्यक्ष गोपाल तिवारी ने किया। कांग्रेस पार्टी की बैठक का मुख्य उद्देश्य यह था कि आगामी लोकसभा चुनाव 2024 में इंडिया गठबंधन के लोकसभा के चुनाव में सभी सीटों पर लड़ने वाले प्रत्याशियों को जीत दिलाने के संदर्भ में बैठक किया गया। कांग्रेस पार्टी के हाई कमान ने देश के सभी लोकसभा सीटों पर ऑब्जर्वर की नियुक्ति किया है इसी कड़ी में काराकाट लोकसभा में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी को हर हाल में जीत सुनिश्चित करने का मंत्र दिया गया। लोकसभा के ऑब्जर्बर राधेश्याम सिंह ने कार्यकताओं को बताया कि इस फासीवादी सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए कांग्रेस कार्यकताओं को पूरी निष्ठा के साथ कार्य करना होगा। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के सचिव सुदर्शन राम एवं संगठन सचिव सरोज कुमार चौबे ने भी केंद्र की भाजपा सरकार को आगामी लोकसभा चुनाव में हराना होगा तथा सभी कार्यकताओं से एकजुट होकर आगामी लोकसभा चुनाव में एकजुट होकर भाजपा की सरकार को उखाड़ फेंकने का आह्वान किया।

संपादकीय

आर्यावर्त में सनातन का सूर्योदय

पांच सदियों की प्रतीक्षा के बाद अंततः भगवान राम की जन्मभूमि अयोध्या में नवनिर्मित राममंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हो गई। इसी के साथ आर्यावर्त में सनातन का सूर्योदय हो गया। पूरी अयोध्या राममय हो गई थी। ऐसा प्रतीत हो रहा था कि अयोध्या में फिर से त्रेता युग आ गया है। पूरा अयोजन अद्भुत, अविस्मरणीय और अलौकिक रहा। दोपहर 12 बजकर 29 मिनट और सेकंड से दोपहर 12 बजकर 30 मिनट और 32 सेकंड तक के शुभ मुहूर्त में विधिविधान पूर्वक प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने श्रीरामलला के विग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की इसके लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 दिनों तक व्रत रखा और दक्षिण भारत के विभिन्न मंदिरों में जाकर अनुष्ठान किया। प्रधानमंत्री ने श्रीरामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद वहां उपस्थित साधु संतों के कर कमलों द्वारा प्रसाद के रूप में खीर खाकर अपना व्रत तोड़ा। इस अवसर पर अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री नरेन्द मोदी ने कहा कि अब काल चक्र फिर बदलेगा और भारत में रामराज्य की स्थापना होगी। भारत अब गुलामी मानसिकता से बाहर आ गया है। भगवान राम कण कण में विद्यमान हैं। अब हम सबको यशस्वी भारत बनाने का संकल्प लेना है । उन्होंने कहा कि यह अवसर विजय का नहीं बल्कि विनय का है और हमें विनयपूर्वक अपने भारत को एक सामर्थ्यवान देश बनाने का प्रण लेना है। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का पूरा देश साक्षी बना है। निश्चित रूप हम वह सौभाग्शाली पीढ़ी जिन्हें रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का साक्षी बनने का सौभाग्य मिला है। न सिर्फ अयोध्या में बल्कि देश के कोने कोने में और यहां तक की दुनिया के अनेक देशों में आज श्रीराम के जयकारे गूंजे ऐसा प्रतित हुआ मानो पूरी दुनिया ही राम की भक्ति में लीन हो गई हो। पांच सौ साल के लंबे संघर्ष के बाद अयोध्या में राम विराजे हैं। जो इतिहास में स्वर्णीण अक्षरों में अंकित होने वाली घटना है। यह पहला अवसर रहा जब अयोध्या में प्राण प्रतिष्ठा समारोह के दौरान देश की तमाम प्रमुख हस्तियां एकत्रित हुई और संत महात्माओं का जमावड़ा लगा। सभी संतों ने रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का बहुप्रतीक्षित सपना साकार करने के लिए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आशीर्वाद प्रदान किया। अयोध्या में बहुत ही कम समय में इतना भव्य मंदिर निर्माण कराने में अग्रणीय भूमिका निभाने वाले उत्तरप्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को भी संतों ने अपना आशीर्वाद दिया। इस अवसर पर अपने उद्धबोधन में योगी आदित्यनाथ ने तो यह घोषण ही कर दी कि अब रामराज्य की स्थापना हो गयी है और भारत अब विश्व गुरू की भूमिका में जल्द ही आ जाएगा। इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने उन कारसेवकों का भी पुण्य स्मरण किया। जिन्होंने अयोध्या में राम मंदिर के निर्माण के लिए अपने प्राणों की आहुति दी थी। निश्चित रूप से आज वे स्वर्ग से पुष्प वर्षा कर रहे होगें। क्योंकि उनका बलिदान व्यर्थ नहीं गया और अयोध्या में रामलला टेंट से बाहर निकलकर भव्य मंदिर में विराजमान हो गए। पूरा देश आज हर्षित है और भगवान श्रीराम से यही प्रार्थना कर रहा है कि इस देश पर उनकी कृपा दृष्टि बनी रहे और भारत प्रगति के नित नए सोपान तय करता जाए। इसी आशा और विश्वास को लिए देशवासियों ने आज अपने अपने घरों में राम ज्योति जलाकर बड़ी दीपावली मनाई लोगों की खुशी और उल्लास का कोई ठिकाना ही नहीं था। ऐसा लग रहा था मानो देश का हर शहर कस्बा और गांव अयोध्या बन गया हो। बहुत ही अद्भुत यह क्षण था जो हमेशा के लिए हम सबके मानस पटल पर अंकित होकर रह गया है। भगवान श्रीराम की कृपा बनी रही तो वह दिन अब दूर नहीं दिखता जब भारत में सही अर्थों में रामराज्य आ जाएगा और भारत आने वाले समय में विश्वगुरू की भूमिका में नजर आएगा। बहरहाल सदियों की तपस्या सफलीभूत होने पर समस्त देशवासियों को कोटि कोटि बधाई।

कुछ कुछ :- जय जय श्री राम

रामलाल के दर्शन में सब
बैठे तैयार,
पूरे देश में जश्न बनेगा
जैसे हो त्यौहार।

पतंगों की तरह प्राण दिए,
नहीं किया प्रतिकार।
श्री राम के आदर्श पर,
चलना किया स्वीकार।

सतत प्रयास करते रहे,
पाच सौ वर्षों तक किया
सभी ने इंतजार।
अपने आराध्य के लिए
प्राण दिए,
मरना था स्वीकार।

न्यायपालिका का भी,
किया समुचित सम्मान।
सब की भावना का भी,
रखा बराबर ध्यान।

ना ही किसी को सजा दी,
ना ही किसी का किया
अपमान।
जाति धर्म का भेद मिटे,
सदा रखा यह ध्यान।

सभी करें नेक हर काम,
सबके मन में बसे श्री राम

सर्वे भवंतु सुखिन;
यही है सनातन की पहचान।

सहनशीलता और संयम का,
किया सभी ने बखान।

धर्म और आस्था के कारण,
दे दी अपनी जान।

सत्यमेव जयते का नारा,
आज हुआ साकार।
चारों ओर गूंज रहा,
जय जय जय श्री राम।

–शिवशंकर गुप्ता

नये युग की शुरुआत



योगेश मिश्रा

जन्म हमार सुफल भा आजू ।

आज हर भारतीय के मन में मानस की यह चौपाई उमड़ घुमड़ रही होगी। याद आ रही होगी। हर भारतीय इसलिए क्योंकि राम किसी धर्म, किसी संप्रदाय के नहीं हैं। राम केवल संज्ञा नही हैं। राम विशेषण हैं। ऐसे विशेषण जो सरहदों की सीमाओं में नहीं बंध सकता। ऐसे विशेषण जो धर्म की सीमाओं से परे है। असीम है। क्योंकि केवल सनातनियों ने ही नहीं, ग़ैर सनातनियों ने भी राम के विशेषण को मान्यता दी है।

अल्लामा इकबाल ने कहा था कि, 'राम के वजूद पे है हिन्दोस्तां को नाज।' इस इमामे हिन्द पर शायर सागर निजामी ने लिखा, ÷दिल का त्यागी, रूह का रसिया, खुद राजा, खुद प्रजा। मुगल सरदार रहीम और युवराज दारा शिकोह तो राम के मुरीद थे ही। राममनोहर लोहिया ने कहा था कि राम का असर करोड़ों लोगों के दिमाग पर इसलिये नहीं है कि वे धर्म से जुड़े हैं, बल्कि इसलिए कि जिन्दगी के हरेक पहलू और हरेक कामकाज के सिलसिले में मिसाल की तरह राम आते हैं। गांधी के जीवन में बचपन से मृत्यु तक राम रहे। वह सत्य को राम नाम से पहचानते थे। भारतीय मन हर स्थिति में राम को साक्षी बनाने का आदी है। दुःख में-हे राम।पीड़ा में-ओह राम।लज्जा में-हाय राम।अशुभ में-अरे राम राम।अभिवादन में-राम राम। शपथ में-राम दुहाई। अज्ञानता में-राम जाने। अनिश्चितता में-राम भरोसे। अचूकता के लिए-रामबाण। सुशासन के लिए-रामराज्य।मृत्यु के समय-राम नाम सत्य। देश के कई इलाक़ों में नमक को राम रस कहने का भी चलन है। रसोई में नमक की अहमियत बताने की ज़रूरत नहीं है। यह सब अनुभूतियाँ व अभिव्यक्तियां हर भारतीय मन के साथ पग-पग पर राम को खड़ा करती हैं। वह भी इतने सरल हैं कि हर जगह खड़े हो जाते हैं। जिसका कोई नहीं। उसके राम हैं। कहा जाता है-निर्बल के बल हैं राम। हमारे हर पर्व से हर परंपराओं में राम समाये है। राम भारत की चेतना हैं।राम चिंतन हैं। मानस ने राम को जन जन तक पहुंचा दिया। वे कण कण में व्याप्त माने गए। जन्म में गाए जाने वाले सोहर राम के जन्म के गीत हैं। जीवन भर उनके नाम का अवलंब साथ है। दुनिया में सबसे ज्यादा लोगों के नाम में राम है।

'र' धातु में 'घ' प्रत्यय के योग से 'राम' शब्द निष्पन्न होता है।'र' धातु का अर्थ रमण-निवास, विहार करने से है। वे प्राणीमात्र के हृदय में 'रमण' यानी निवास करते हैं। इसलिए 'राम' हैं । भक्तजन उनमें 'रमण' करते ध्याननिष्ठ होते हैं। इसलिए भी वे 'राम' हैं - रमते कणे कणे इति रामः। विष्णुसहस्रनाम पर लिखित अपने भाष्य में आद्य शंकराचार्य ने पद्मपुराण का उदाहरण देते हुए कहा है कि नित्यानन्दस्वरूप भगवान् में योगिजन रमण करते हैं, इसलिए वे राम हैं। रामलला का मंदिर निर्माण एक तपश्चर्या से कम नहीं रहा। भले ही रामजन्मभूमि को लेकर मीर बाक़ी द्वारा किये गये विध्वंस की जंग तकरीबन साढ़े पांच सौ साल चली। लेकिन इस बीच 1984 का काल आया। 30 अक्तूबर, 1990 आया। 2 नवंबर, 1990 आया। 6 दिसंबर, 1992 आया।30 सितंबर, 2010 आया। 9 नवंबर, 2019 आया। 5 अगस्त, 2020 आया। हमारे संविधान की पहली प्रति में श्रीराम का चित्र है। फिर भी साढ़े पाँच सौ साल लग गये भगवान राम को अपनी जगह पाने में। ऐसा नहीं कि इस दौरान ऐसे पड़ाव नहीं आये जब सब एक रस होकर राम को स्वीकारने, जन्मभूमि पर मंदिर निर्माण के लिए तैयार न हो गये हों।बात 1855 से 1885 के बीच की है। दो नामचीन स्वतंत्रता सेनानी- आमिर अली और राम चरण दास ने अपने अपने समुदाय से बात करके तय कर लिया था कि हिंदू वहाँ मंदिर बना लें।

राम मेरे अनंत ...

डॉ शाहिद अली

समर्थ राम में विलक्षण शक्ति के प्रतीक राम के प्रति अथाह प्रेम को अपनी क़लम से उकेरने वाले कमलाकर जी ने 'सबके राम, मन में राम' को बहुत ही संजीदगी से अभिव्यक्त किया है। आज अयोध्या में राम आएंगे। राम का महाद्वीप जगमगा रहा है। आस्था के महामंदिर में राम दर्शन की भीड़ है। भारत भूमि जय श्रीराम के घोष से गूंजायमान है। मंदिर का हर कोना दीपों की रोशनी में नहाया हुआ है। घर-घर में दिवाली है। राम जीवन है। राम संस्कारों में हैं। राम सद्भावना का संदेश हैं। राम धर्म, कर्म और जीवन की सच्ची परिभाषा हैं। इसलिए राम को सच्चे अर्थों में जीने वाले कमलाकर जी की तरह हर संप्रदाय में मोती की तरह हैं। यही राम की शक्ति है। राम लीला है। राम सुख है। राम ईश्वर है। राम का नमन है। राम का हृदय है। राम का प्रण है। राम की प्रतिज्ञा है। राम का सागर है और राम का संसार है। नए भारत के अमृत काल में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का यह उत्सव हर मानव में राम के आदर्शों का संदेश, संकल्प और सद्भावना का संचार करे, ये मनोकामना करोड़ों - करोड़ों हृदय में समा जाए और हम अपने राम को अपने हृदय में बसा लें बिल्कुल राम भक्त हनुमान की तरह। जय श्रीराम।

राम मंदिर अयोध्या में भगवान राम के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का आगाज हो चुका है। भारत ही नहीं पूरी दुनिया में आज राम की अयोध्या का वैभव और उसके भव्य समारोह की चर्चा है। राम आएंगे, राम आएंगे की भक्ति में धुन पूरा भारत आज राम उत्सव की खुशी में झूम रहा है। भगवान राम की महिमा ही ऐसी है। अयोध्या से अमेरिका और पूरी दुनिया में एक ही गूंज है जय श्री राम। भगवान राम की जन्म भूमि से लेकर देश दुनिया के सभी मंदिरों में साज-सज्जा और करोड़ों भक्तों की भीड़ दिखाई दे रही है । राम मय है पूरा भारत। दुनिया में ऐसा अनोखा भगवान राम का दरबार शायद ही कभी देखने को मिले। राम राम लाखों करोड़ों हृदय में बसे हैं यही कारण है कि भगवान श्री रामचंद्र किसी एक धर्म या मजहब के नहीं है बल्कि हर इंसानों के हृदय में धड़कने वाले काव्य है जिसे हर कोई मर्यादा पुरुषोत्तम के नाम से जानता है। रामनवमी के अवसर पर कला, साहित्य और दर्शन के विद्वान हिदायत अली कमलाकर ऐसे बिरले व्यक्ति रहे जिन्होंने रामलला के पूरे जीवन का और उनके आदर्शों का गहन अध्ययन किया। कवि हृदय हिदायत अली कमलाकर कि यह खासियत रही कि हर रामनवमी पर वे राम की कथा बड़े ही भक्ति भाव से कहा करते थे उनका यह मानना था कि भगवान राम में विलक्षण शक्ति है और पूरे विश्व को उनके आदर्श आज भी मानव को भक्ति के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरणा देते हैं। प्रसंग वश अयोध्या में राम भगवान के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन समय में हिदायत अली कमलाकर सद्भावना का ऐसा उदाहरण बनते हैं जिनके द्वारा चार खंड काव्य संग्रह ऐसे अनुपम दस्तावेज हैं जिसे पढ़कर यह समझ सकता है की रामलला हर मानव में भक्ति के सागर है। श्री हिदायत अली कमलाकर के लिखित खंडकाव्य में समर्थ राम, कैकयी का संताप, अर्जुन का मोह मर्दन और नर नारी नारीसश्वर को पढ़ना आज के समय में बेहद प्रासंगिक है जिसे उन्होंने वर्ष 2006 में रामनवमी के अवसर पर लोकार्पित किया था। समर्थ राम लिखकर उन्होंने यह माना था कि उनके जीवन का लक्ष्य मर्यादा पुरुषोत्तम राम को लिखकर पूरा हो गया। राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त ने लिखा था कि राम तुम्हारा नाम स्वयं काव्य है कोई कभी बन जाए सहज संभव है हिंदी साहित्य में जितना अधिक राम पर लिखा गया है उतना अन्य किसी पौराणिक पात्र पर नहीं राम का चरित्र अनुपम अद्वितीय चिरपुरातन होते हुए भी चिरनवीन है। राम का व्यक्तित्व गहन गंभीर विशाल महासागर की भांति है जिसमें जितनी गहराई तक गोता लगाएंगे उतने ही चमकदार बेशकीमती मोती पाएंगे कविवर श्री हिदायत अली कमलाकर ने भी इस परम पावन महासागर में गहरे तक डुबकी लगाई और जो बहुमूल्य मुक्ता निकाल कर लाए उसे नाम दिया 'समर्थ राम' । कवि ने वंदना के पांच प्रारंभिक छंदों के सिवाय 84 चौपदों में छंदबद्ध 'समर्थ राम' अपने आकार - प्रकार और भाव - भंगिमा से महा प्राण पंडित सूर्यकांत त्रिपाठी निराला रचित काव्य राम की शक्ति पूजा की स्मृति दिलाता है । कवि श्री



कमलाकर काव्य के प्रारंभ में ही अपनी प्रेरणा एवं आशय स्पष्ट करते हैं कि भारतीय संस्कृति और सभ्यता को व्याख्यित करने हेतु राम से उत्तम अन्य कोई चरित्र नहीं है क्योंकि

राम संस्कारों के संयत- संयम सौरभ हैं,
भारतीय संस्कृति - सभ्यता के गौरव हैं ।

राम का यह समय एक अनोखी घटना है, जिसमें सारा संसार पूरे उत्साह और उमंग के साथ राम मय हो रहा है। इसलिए यह समय उन एकाग्र पथिकों की रचना यात्रा से रुबरु होने का भी है जो मजहब के भाष्य में भी राम के काफी करीब दिखाई देते हैं। समर्थ राम में कवि कमलाकर का मानना है कि राम एक चिंतक मनीषी भी हैं। इसलिए लिखते हैं -

राम मेरे अनंत, अनादि, अपरिमेय हैं
विश्वास हैं अभी राम मन की आस्था के
आर्यावर्त की शांति के ध्वज वाहक राम है
राम है सर्वत्र सर्वस्व मनुष्यता की कथा के
आओ हृदय पर चढ़े दूषित पटल को
खोलकर देखें वास्तव में राम क्या है
धर्म भाषा द्वेष को हम भूल कर
जय बोलकर देखें वास्तव में राम क्या हैं।

कमलाकर जी की समर्थ राम में वंदना से राम की गौरव गाथा की झलक मिलती है-

बिना राम के कौन विश्व की करें कल्पना
बिना राम के पूर्ण कहां आराध्य अर्चना
राम शांति के प्रबल - प्रकट प्रथम नायक हैं
इति श्री समृद्धि सिद्धि के वर दायक हैं
वंदन है अभिराम, तुम्हारा शत-शत वंदन
रघुवंश की लाज कौशल्या देवी नंदन
राम महासागर से उपजी समर्थ राम मन हृदय
कमलाकर गा रहे कृपा से मां सरस्वती सदय।

समर्थ राम में कोई 16 बरस पहले कवि कमलाकर ने लिखा -

नीरज सा खिल उठा श्रीमुख उठे राम,
मनो मलि की नहीं तनिक भी मुख पर छाया
पग- पग पर जय-विजय चली अहो राम चले
ज्योतिर्मय में हो उठा ब्रह्म नवदीप जलाया
सौभाग्यशाली हम की हो यदि राम जैसे
सद आचरण सद्भावना सद संस्कार
सत्य निष्ठा सत्य भक्ति सत्य कर्म
स्वाभिमानी सत्य दानी सत्य विचार।

समर्थ राम में विलक्षण शक्ति के प्रतीक राम के प्रति अथाह प्रेम को अपनी क़लम से उकेरने वाले कमलाकर जी ने 'सबके राम, मन में राम' को बहुत ही संजीदगी से अभिव्यक्त किया है। आज अयोध्या में राम आएंगे। राम का महाद्वीप जगमगा रहा है। आस्था के महामंदिर में राम दर्शन की भीड़ है। भारत भूमि जय श्रीराम के घोष से गूंजायमान है। मंदिर का हर कोना दीपों की रोशनी में नहाया हुआ है। घर-घर में दिवाली है। राम जीवन है। राम संस्कारों में हैं। राम सद्भावना का संदेश हैं। राम धर्म, कर्म और जीवन की सच्ची परिभाषा हैं। इसलिए राम को सच्चे अर्थों में जीने वाले कमलाकर जी की तरह हर संप्रदाय में मोती की तरह हैं। यही राम की शक्ति है। राम लीला है। राम सुख है। राम ईश्वर है। राम का नमन है। राम का हृदय है। राम का प्रण है। राम की प्रतिज्ञा है। राम का सागर है और राम का संसार है। नए भारत के अमृत काल में प्राण प्रतिष्ठा समारोह का यह उत्सव हर मानव में राम के आदर्शों का संदेश, संकल्प और सद्भावना का संचार करे, ये मनोकामना करोड़ों - करोड़ों हृदय में समा जाए और हम अपने राम को अपने हृदय में बसा लें बिल्कुल राम भक्त हनुमान की तरह। जय श्रीराम।

आज का इतिहास

नई दिल्ली(वार्ता)। 1571 में आज ही के दिन रॉयल एक्सचेंज की शुरुआत लंदन में हुई थी। 1668 में 23 जनवरी केदिन ही हॉलैंड और इंग्लैंड ने आपसी सहयोग समझौता किया था। 1760 में आज ही के दिन हुए वांदीवाश के युद्ध में अंग्रेजों ने फ्रांसीसियों को हराया था। 1799 में 23 जनवरी के दिन ही नेपल्स इटली पर फ्रांसीसी सैनिकों ने कब्जा किया था। 1849 में आज ही के दिन ही मेडिकल डिग्री हासिल करने वाली पहली अमेरिकी महिला एलिजाबेथ ब्लैकवेल बनीं थीं।1920 में 23 जनवरी के दिन ही भारत में एयरमेल और वायु परिवहन सेवाओं की शुरुआत हुई थी।1930 में आज ही के दिन क्लाइड टॉमबॉग ने सबसे पहली बार प्लूटो ग्रह की फोटो ली थी।1965 में 23 जनवरी के दिन ही दुर्गापुर अलॉय इस्पात संयंत्र की स्थापना हुई थी। 1966 में आज ही के दिन इंदिरा गांधी भारत की प्रधानमंत्री बनीं थीं। 1977 में 23 जनवरी के दिन ही जनता पार्टी का गठन हुआ था।1973 में आज ही के दिन संयुक्त राष्ट्र अमेरिका के राष्ट्रपति रिचर्ड निक्सन ने वियतनाम शांति समझौते की घोषणा की थी।

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) ऐशबाग स्टेडियम किस शहर में स्थित है?

2) किस राज्य सरकार द्वारा रानी दुर्गावती अन्न प्रोत्साहन योजना को शुरू करने की घोषणा की गयी है?

3) अयोध्या राम मंदिर का निर्माण फैसले में कितने सालों का समय लगा?

4) मानव मूत्र में यूरिया किसके टूटने से बनता है?

5) भारतीय नौसेना के उप-प्रमुख के रूप में हाल ही में किसे नियुक्त किया गया है?

उत्तरमाला- (1) लखनऊ (2) मध्यप्रदेश (3) 492 साल (4) अमोनिया गैस (5) दिनेश कुमार त्रिपाठी

शब्द सागर

आज का पंचांग

सूर्योदय : 07:20, सूर्यास्त : 05:57, चन्द्रोदय : 14:30, चन्द्रास्त : 29:27, अयन : उत्तरायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : शिशिर, शक सम्वत : 1945 , शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : पौष, पक्ष : शुक्ल, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : आर्द्रा, योग : इन्द्र, प्रथम करण : बव (07:36 तक), द्वितीय करण : बालव (19:51 तक)

शुभाशुभ मुहूर्त विचार

अभिजित मुहूर्त : 12:07 से 12:49, अमृत काल : 19:46 से 21:26, सर्वार्थसिद्धि योग : 07:12 से 28:58, अमृतसिद्धि योग : 07:12 से 28:58, रवियोग : 28:58 से 31:12, विजय मुहूर्त : 14:14 से 14:56, गोधूलि मुहूर्त : 17:42 से 18:09, सायाह्न सन्ध्या : 17:45 से 19:05, निशिता मुहूर्त : 4:01 से 24:55, राहुकाल : 13:30 से 15:00, राहुवास : उत्तर-पश्चिम, यमगण्ड :11:09 से 12:28, होमाहुति : शनि (28:58 से चन्द्र), दिशाशूल : पूर्व, अग्निवास : पृथ्वी, चन्द्रवास : दक्षिण (पश्चिम 16:22 से), शिववास : कैलाश पर (19:51 से नन्दी पर)

शुभ यात्रा दिशा

पश्चिम-दक्षिण (दर्पण देखकर अथवा खीर का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण,आज जन्मे शिशुओं का नाम आर्द्रा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (कू, घ, ङ, छ) नामाक्षर से रखना शास्त्र सम्मत है।

आज का राशिफल



ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

मेषः आज का दिन कुछ घरेलू छोटी मोटी बातो को छोड़ उत्तम ही रहेगा। रहेगी। भाई बंधुओ से मतभेद बढ़ने की संभावना है।

वृषः आज का दिन आपके लिए कुछ ना कुछ परेशानी खड़ी करेगा। बचते बचते बेवजह कलह होने से मन अशांत रहेगा।

मिथुनः आज के दिन वैसे तो स्थिति में सुधार आएगा फिर भी मानसिक रूप से आज चंचलता अधिक रहने से बने बनाये कार्य की स्वयं की गलती से बिगाड़ लेंगे बाद में इसका पछतावा भी रहेगा।

कर्कः आज दिन के आरंभिक भाग में लाभ की संभावना बनेगी परन्तु दिन चढ़ते अधिकांश संभावनाएं निराशा में बदल जाएगी कार्य क्षेत्र पर आप अथवा किसी सहकर्मी से कोई त्रुटि होने के कारण हानि हो सकती है।

सिंहः आज के दिन आपको सामाजिक एवं सरकारी कार्यो से लाभ मिलेगा लेकिन आलस्य भी आज अधिक रहेगा।

कन्याः आज के दिन आप मांगलिक कार्यो में उपस्थिति देंगे धार्मिक पूजा पाठ के साथ ही तंत्र मंत्र में रुचि रहेगी।

तुलाः आज का दिन उठापटक वाला रहेगा। सेहत में भी उतार चढ़ाव लगा रहेगा जिससे कार्य करने का उत्साह नही बनेगा।

वृश्चिकः आज का दिन आपके लिये लाभदायक रहेगा।

धनुः आज के दिन आप अपनी व्यवहार कुशलता से कार्य क्षेत्र पर लाभ की स्थिति बनाएंगे। आज आप किसी भी हालत में हाथ आये कार्य को बिना लाभ कमाए जाने नही देंगे।

मकरः आज के दिन आप सहयोगी अथवा किसी परिजन के रूखे व्यवहार से दुखी रहेंगे। जिस कार्य को करने की जल्दी होगी उसी में विलंब होगा कार्य क्षेत्र पर अव्यवस्था रहने से उचित लाभ से वंचित रह सकते है फिर भी आवश्यकता अनुसार धन लाभ हो ही जायेगा।

कुंभः आपके लिए आज दिन का आरंभ थोड़ी प्रतिकूलता वाला रहेगा किसी प्रियजन के कारण मानसिक दुख पहुचेगा मामूली झड़प भी हो सकती है।

मीनः आज का दिन आपकी आशाओ पर खरा उतरेगा आय एक से अधिक साधनों से होगी।

दो दिवसीय पुस्तक मेला का आयोजन

उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया कोडरमा का भ्रमण कर पुस्तक मेला की तैयारी का जायजा

नवप्रदेश, कोडरमा। जिला प्रशासन कोडरमा की पहल से जिले में पहली बार वृहत रूप में दिनांक 23 एवं 24 जनवरी 2024 को ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया, कोडरमा में पुस्तक मेला का आयोजन किया जा रहा है। इस हेतु उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने ब्लॉक मैदान झुमरी तिलैया कोडरमा का भ्रमण कर पुस्तक मेला की तैयारी का जायजा लिया। इस क्रम में उपायुक्त ने सभी तैयारियां को पूरा करने का निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पुस्तक मेला कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बेहतर तैयारी करें। बता दें कि इस मेले में प्रवेश पूर्णयताः निःशुल्क है। इसमें लगभग दो दर्जन प्रकाशक के द्वारा विभिन्न प्रकार के पुस्तकों जैसे- स्कूली किताबें, प्रतियोगिता परीक्षा, कहानी, उपन्यास, साहित्य इत्यादि के साथ भाग लेगें। साथ ही इस पुस्तक मेला में दोनों दिन विभिन्न प्रकार के गतिविधि का आयोजन किया जा रहा है। इसके अतिरिक्त कवि सम्मेलन, सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी अयोजन किया गया है। पुस्तक मेला में पुस्तक दान हेतु स्टॉल भी लगाया जाएगा। इच्छुक व्यक्ति, प्रकाशक, पुस्तक विक्रेता पुस्तकों का दान भी कर सकते है। जिलावासियों के साथ साथ छात्रों से अपील है कि पुस्तक मेला में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेकर मेला को सफल बनाएँ। मौके पर उप विकास आयुक्त ऋतुराज, जिला शिक्षा पदाधिकारी नयन कुमार जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक व अन्य मौजूद रहे।

गिरिडीहवासियों ने सदी के सबसे बड़े राम उत्सव का दिल खोल कर स्वागत किया

लोगों में गजब का उत्साह दिखा, झंडा मैदान में 25 हजार दीये जलाये गये

गिरिडीह। युगों-युगों के लम्बे इंतजार, हजारों राम भक्तों के बलिदान, अनेक संत-महात्माओं की आकांक्षा-अभिलाषा के पश्चात अवधपुरी-अयोध्या धाम में सोमवार को सम्पूर्ण वैभव के साथ भारतीय संस्कृति के अराध्य रामलला राघव स्वरूप में दिव्य भव्य नव्य मंदिर में विराजमान हो गये। प्रभु श्री राम के विराजे जाने के साथ ही साढ़े तीन दशक पूर्व प्रयागराज कुंभ में परम पुज्य चमत्कारी संत श्री देवराहा बाबा के अमृत वचन सत्य हो गये, जिसमें उन्होंने कहा था कि प्रभु राम का भव्य मंदिर निर्विवाद बनेगा। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का प्रण भी पूरा हो गया, जो उन्होंने 1992 में अयोध्या यात्रा के दौरान किया था। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री आम कार्यकर्ता के रूप में भाजपा के पूर्व अध्यक्ष मुरली मनोहर जोशी के साथ अयोध्य गये थे। उन्होंने देखा कि अवध के राजा राम टेंट में हैं तो, वे व्यथित हुए और एक पत्रकार को सिर्फ इतना ही कहा कि अब जब भी श्रीराम का मंदिर बनेग तब वे अयोध्या आयेंगे। इसके अलावा अनेक रामभक्तों के मंदिर निर्माण को लेकर की गई प्रतिज्ञा भी आज पूर्ण हो गई। सोमवार को अयोध्या नगरी में शुभ मुहूर्त में जैसे ही रत्नजड़ित स्वर्णकमल के भव्य सिंहासन पर मनमोहक स्वरूप में श्रीरामलला विराजमान हुए, वैसे ही देशभर के साथ टीवी स्क्रीन पर लाइव कवरेज देख रहे गिरिडीह जिले के लोगों द्वारा घर-घर में बधाई देने का क्रम शुरू हो गया।गिरिडीह के तमाम मंदिरों में चौक-चौराहों पर शंख ध्वनि के बीच ढोल-नगाड़े, घंटे- घड़ियाल बजने लगे। जय श्रीराम के जयकारों के साथ रामधुन पर लोग थिरकने लगे। युवकों ने सड़कों पर मंदिर परिसरों में आतिशबाजी कर महिलाओं ने श्री फल नारियल फोड़कर प्रभु श्री राम के अपने देश में अपनी जन्म भूमि पर विराजे जाने का स्वागत किया। चौक-चौराहों पर युगों-युगों के बाद श्रीराम आए हैंआए हैं.. आए हैं, प्रभु राम आए हैंगीत बजने लगे। परस्पर बधाई देने के साथ ही मिठाइयां बांटी जाने लगी। जिले के प्रायः सभी मुहल्लों, कस्बों और गलियों में दिनभर अपने अराध्य के आने की खुशी में जश्न के माहौल में राम भक्त सराबोर हो गए। शाम होते ही मंदिरों के गुंबद, घरों की छतें, किसानों की खिलिहानें, मजदूरों की झोपड़ियों में दीपों से जगमगाने लगी। देर शाम तक सभी वर्गों के लोग दीवाली मनाते रहे। घर आने वाले आगन्तुकों को मुंह मीठा कराते रहे। प्रभु राम के आने की बधाई दी और कहा कि उनका मानव जन्म सार्थक हो गया। नियति ने उनकी आंखों को आलौकिक स्वरूप में रामलला के दर्शन करा दिये, जिसकी कभी कल्पना भी नहीं की थी। सपने में भी नहीं सोचा था आज उनकी आंखे देख रही हैं। दरअसल 500 सालों की लम्बी प्रतीक्षा और संघर्ष के बाद देशवासियों को आज का ऐतिहासिक दिन देखने का अवसर मिला जो, उनके पूर्वजों को भी नहीं मिला था। स्वाभाविक है कि लोग सदी के सबसे बड़े राम उत्सव को लेकर काफी खुश है। गिरिडीह शहर के कोने-कोने में लोगों में श्रीराम के प्रति भक्ति भाव का आलम यह था कि अपने अराध्य के पधारने की खुशी में सोमवार को अहले सुबह से ही जिले भर के लगभग मंदिरों में भक्तों ने रामभजन,रामायण पाठ, हनुमान चालीसा पाठ किये, जो देर शाम तक अनवरत चलता रहा। आम दिनों की अपेक्षा आज मंदिरों में भक्तों की काफी भीड़ जुटी थी। इस दौरान मंदिर कमेटियों की ओर से विशेष पूजा-अर्चना हवन-कीर्तन एवं विशेष भोग लगाए गये थे। जगह-जगह भंडारे का अयोजित किये गये थे। इस अविस्मरणीय पावन मौके पर मंदिरों की साफ सफाई कर संजाया संवारा गया था।

श्री श्याम मंदिरह्न, महावीर कुटिया मंदिर ह्यसियाराम मंदिर बड़ा चौक, विश्वनाथ मंदिर समेत जिले के अन्य मंदिरों को फूलों से सजाया गया, दीये जलाये गये, लेकिन विशेष दीप उत्सव गिरिडीह के ऐतिहासिक झंडा मैदान में हुआ, जहां पूर्व विधायक निर्भय शाहाबादी की अगुवाई में राम भक्तों ने 25 हजार दीपक जलाये, जिसे देखने के लिए पूरा शहर उमड़ पड़ा। इधर, शुभ तिथि में बड़ा चौक स्थित राम जानकी मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान सम्पन्न हुआ।

कोडरमा जिला में प्रथम स्थान पर रहे फुलवरिया पंचायत के मुखिया संजय कुमार मेहता, लोगों में हर्ष

नव प्रदेश संवाददाता

कोडरमा। झारखंड राज्य खाद्य आयोग रांची द्वारा आयोजित वार्षिक समारोह 2024 में कोडरमा जिला के डोमचांच प्रखंड के फुलवरिया पंचायत के मुखिया संजय कुमार मेहता को पहला स्थान पुरस्कार से सम्मानित किया गया द्वितीय स्थान पर जयनगर प्रखंड के खरियोडीह पंचायत के मुखिया राजेंद्र प्रसाद यादव को सम्मानित किया गया। वहीं तृतीय स्थान पर कोडरमा प्रखंड के चाराडीह पंचायत के मुखिया अनीता देवी को सम्मानित किया गया यह पुरस्कार विधानसभा अध्यक्ष माननीय रविंद्र नाथ महतो अन्य अतिथियों के कमलों द्वारा दिया गया।वार्षिक समारोह में सम्मान पाकर मुखिया ने कहा कि जनता जनार्दन का आशीर्वाद से यह पुरस्कार मिला है यह पुरस्कार जनता जनार्दन का है मैं ईमानदारी पूर्वक जनता के दुःख-सुख में साथ रहकर पुरे पंचायत का नाम रोशन करूंगा। पुरस्कार पाने वाले मुखिया यह भी कहे। कि कोडरमा जिला के तमाम पंचायत के मुखिया अपने - अपने पंचायत में जनता के साथ रहकर बेहतर कार्य कर सम्मान को पा सकते हैं। क्योंकि पुरस्कार मांगने और छीनने से नहीं मिलता, इसे अपने कर्मों से प्राप्त करना पड़ता है।

राममय हुआ कोडरमा जिला, रामलला की भव्य शोभायात्रा निकली

कोडरमा। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिला मुख्यालय कोडरमा समेत जिले के विभिन्न इलाकों में सोमवार को भव्य शोभायात्रा निकाली गई। वहीं मंदिरों में श्रद्धालु पूजा अर्चना के लिए उमड़ पड़े। जिला मुख्यालय स्थित हनुमान मंदिर से जुलूस की शक्ल में श्रद्धालु ध्वजाधारी पहाडी स्थित मंदिर परिसर पहुंचे। इस दौरान शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भगवान राम, सीता, लक्ष्मण और हनुमान की झांकी भी निकाली गयी। शोभा यात्रा में शामिल लोगों ने हनुमान मंदिर और राम जानकी मंदिर में पूजा अर्चना भी की।

लोहरदगा में हर तरफ बही भक्ति की धारा, जगह-जगह किया गया धार्मिक अनुष्ठान

लोहरदग। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर लोहरदगा जिला पूरी तरह राममय हो गया। हर तरफ भक्ति की धारा बह रही थी। पूरे शहर को आकर्षक तरिके से सजाया संवारा गया था। मंदिरों को आकर्षक तरीके से सजाया गया था, जहां श्रद्धालुओं की भीड़ उमड रही थी। जगग-जगह सामूहिकता के साथ सुंदर कांड का पाठ किया जा रहा था। भंडारा का आयोजन किया गया था। लोहरदगा शहरी क्षेत्र के महात्मा गांधी पथ स्थित फूलवारी राममंदिर मे विशेष पूजा अर्चना की गई और भव्य भंडारा का आयोजन किया गया। यहां राज्य सभा सांसद धीरज प्रसाद साहु विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने लोगों को शुभकामनाएं द। .यहां बडी संख्या में लोग पहुंचे और भंडारा का प्रसाद ग्रहण किया। इसी तरह महावीर चौक हनुमान मंदिर में भी भंडारा का आयोजन किया गया, जहां लोकसभा सांसद सुर्दशन भगत मौजूद थे। यहां भी सुंदरकांड का पाठ किया गया।

राममय रहा पांकी , शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब, सनातनियों के लिए ऐतिहासिक दिन : विधायक

पलामू (हि.स.)। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पांकी विधायक डॉ. शशिभूषण मेहता के नेतृत्व में सोमवार को भव्य शोभायात्रा और झांकी निकाली गई। शोभा यात्रा में लोगों का जनसैलाब देखने को मिला। मुख्य अतिथि के तौर पर पांकी के भाजपा विधायक, विशिष्ट अतिथि के तौर पर भाजपा के वरिष्ठ नेता सह पूर्व प्रत्याशी लाल सूरज, प्रसिद्ध समाजसेवी रामदास साहू शामिल हुए।

रामलला की भव्य शोभायात्रा और झांकी का शुभारंभ पांकी स्थित जरही मोड़ महावीर मंदिर से हुआ। शोभा यात्रा पांकी बस्ती होते हुए शहीद भगत सिंह चौक से तेतराई, सगालीम होते हुए तरहसी से बेदानी चौक, शाहद होते हुए नीलांबर-पितांबरपुर (लेस्लीगंज) के जगतपुरवा, हरसईन मोड़ होते हुए नीलांबर पीतांबरपुर के हॉस्पिटल चौक पहुंचा। जहां से हजारों महिलाएं भगवा ड्रेस में प्रभु श्रीराम की झांकी का स्वागत पुष्प वर्षा के साथ की। साथ ही शंखनाद के साथ शोभा यात्रा (लेस्लीगंज थाना के सामने) महावीर मंदिर प्रांगण में पहुंची, जहां विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने पूजा अर्चना की। यहां सभी रामभक्त और धर्म प्रेमियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण एलईडी स्क्रीन पर देखा। हजारों लोगों ने भंडारा में शामिल होकर प्रसाद ग्रहण किया। मौके पर मुंबई की सुप्रसिद्ध गायिका पायल बनारसी द्वारा एक से बढ़कर एक राम भजन प्रस्तुत कर दर्शकों को झूमने को मजबूर कर दिया। मौके पर धर्म सभा को संबोधित करते हुए विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने कहा कि आज का दिन ऐतिहासिक हैं। पांकी विधानसभा क्षेत्र समेत पूरा देश राममय हो गया है। सनातन प्रेमियों का वर्षों से राम जन्मभूमि प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जो सपना था।

अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर विभिन्न मंदिरों के अखंड हारीकृतन में सम्मिलित हुए पूर्व विधायक

नवप्रदेश, बरकट्ठा। अयोध्या में श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर संपूर्ण देश में दीपोत्सव मनाया जा रहा है। आज बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र अन्तर्गत जयनगर प्रखंड़ के करियावां पंचायत के ग्राम ड़हुआटोल, ग्राम पंचायत तिलोकरी, पंचायत बेको के अमजो, प्रखंड़ बरकट्ठा के पंचायत बेलकप्पी के ग्राम बंडासिंघा, ग्राम पंचायत बेडोकला, ग्राम पंचायत सलैयडीह, ग्राम चटकरी, ग्राम पंचायत चलकुशा, पंचायत अलगड़िहा के ग्राम दिग्वा, ग्राम पंचायत चौबे, खारी और तुइयो पंचायत के ग्राम माधोपुर सहित विभिन्न गांवों में आयोजित अखंड हारीकृतन और पूजा में सम्मिलित हुए बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र के विकास पुरुष, लोकप्रिय पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव। उन्होंने समस्त बरकट्ठा विधानसभा क्षेत्र वासियों, राज्य तथा देश वासियों को श्री राम लला के प्राण प्रतिष्ठा की ढेर सारी शुभकामनाएं दिए।

संकट मोचन हनुमान मंदिर में 51 किलो लड्डू व खिचड़ी का वितरण

नवप्रदेश, डोमचांच। नगर क्षेत्र शहीद चौक स्थित संकट मोचन हनुमान मंदिर में दिन सोमवार को अयोध्या में श्री राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा और भव्य मंदिर में राम लला विराजमान को लेकर मंदिर समिति के पदाधिकारियों और सदस्यों द्वारा 51 किलो लड्डू का वितरण किया गया। इस दौरान जय श्री राम के नारे लगाए गए। साथ ही संध्या में खिचड़ी महाप्रसाद का वितरण किया गया। मौके पर अध्यक्ष पंकज साव, उपाध्यक्ष सुजीत मेहता, कोषाध्यक्ष राजू यादव, सदस्य टिंकू यादव, पप्पू साव, राकेश कुमार, सोनू कुमार, पप्पू मेहता, सूरज मेहता, प्रवीण मित्तल, दिलीप साव, राजू साव, प्रेमांशु कुमार, रिंकू रावत के साथ अन्य राम भक्त मौजूद थे।

साइबर ठगी की घटनाओं पर नामधारी चिंतित, एसपी को लिखा पत्र

पलामू। साइबर ठगी की घटनाएं लगातार सामने आने पर पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने चिंता व्यक्त की है। साथ ही इस सिलसिले में सोमवार को जिले की एसपी रीष्मा रमेशन को सोमवार को पत्र लिखकर पूरे मामले से अवगत कराते हुए ऐसी घटनाओं पर रोक लगाने का आग्रह किया है, ताकि गरीबों की गाढी कमाई बचायी जा सके। नामधारी ने एसपी को बताया है कि तीन दशकों तक यहां का जनप्रतिनिधि रहने के कारण उनके पास आजकल कई लोग ऐसी समस्याएं लेकर आ रहे हैं जिससे पलामू के कई लोग बुरी तरह आर्थिक संकट में पड़ रहे हैं। उनके अंगरक्षक अरविन्द कुमार गुप्ता को 21 जनवरी 2024 को एक अंजान नम्बर से टेलीफोन (923254142439) आया कि आपका लड़का रेप केस में फंस चुका है तथा यदि आपने तुरंत एक लाख रुपया नहीं भेजा तो इसे जेल भेजा जाएगा। यह ज्ञातव्य है कि अरविन्द कुमार का एकलौता बेटा दिल्ली में रहकर बी.बी.ए. कर रहा है। टेलीफोन करने वाले व्यक्ति ने दूसरे युवक को फोन दे दिया, जो इनके बेटे की आवाज में रोते हुए कह रहा कि पिताजी मुझे किसी भी तरह बचा लीजिए। बेचारा पिता काफी दुविधा में पड़ गया, लेकिन संयोग से मेरा टेलीफोन भी उसके पास था, जिसके माध्यम से उसने दिल्ली में बैठे अपने बेटे से बात की, जिसने पूछने पर कहा कि मैं तो अपने घर में सुरक्षित हूं। उसके बाद गुप्ता ने पुलिसिया रोआब में जब डॉटना शुरू किया तो उसने फोन काट दिया। इसी तरह के उनके एक अन्य परिचित व्यक्ति को टेलीफोन आया कि आपके बेटे अमन कुमार को हमने किडनैप कर रखा है और यदि आपने तुरंत 50 हजार नहीं भेजे तो इसे गोली मार दी जाएगी। पुत्र मोह में उसने तत्काल ऑनलाईन 40 हजार भेज दिये। बाद में पता चला कि उनका बेटा पूरी तरह सुरक्षित है और ऐसी कोई घटना घटी ही नहीं। तीसरा मामला पलामू के ही सतबरवा प्रखंड के ग्राम भोगू के रहने वाले राम जवित यादव का है जिससे सुखाड़ एवं किसान ट्रैक्टर देने के नाम पर 42,100 रूपया ठग लिया गया।

एक नजर

अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बिरजामू में निकाला गया भव्य शोभायात्रा

नवप्रदेश, कोडरमा। अयोध्या में हो रहे श्रीराम मंदिर निर्माण जहां मयार्दा पुरुषोत्तम श्रीराम अपनी भार्या माता जानकी, भ्राता लक्ष्मण और पवनसुत्र हनुमान का विधिवत स्थापीत हुए और पूजा प्रारंभ हुआ। इसी कार्यक्रम को लेकर न्यू हनुमान मंदिर से जुलूस लेकर पुरा गांव होते हुए पुनः न्यू हनुमान मंदिर में समाप्त हुआ। साथ ही पूजा अर्चना कर गाजे बाजे के साथ जुलूस निकाला गया. जिसमे सैकड़ों की संख्या में महिला, पुरुष और बच्चे शामिल हुए। इस दौरान जुलूस में शामिल धर्मालम्बी हाथो में भगवा ध्वज लेकर नाचते गाते जय श्रीराम के नारे लगा रहे थे। जुलूस में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर डोमचांच थाना के कई पुलिस अधिकारी और जवान साथ चल रहे थे। मौके पर भीखन महतो, मन्नी महतो, अर्जुन यादव तुलसी यादव , अशोक यादव, गणेश यादव,जागेश्वर प्रसाद, किशोर राणा,सुधीर कुमार राणा, बालेश्वर यादव, दिलीप राणा, राजेश यादव, अरुण सुंडी, प्रदीप सुंडी, रघुनाथ यादव, शिवशंकर यादव सहित सैकड़ों राम भक्त मौजूद थे।

आई एम रेड्डी टू वोट कार्यक्रम का आयोजन

नवप्रदेश, कोडरमा। निर्वाचक नामावली के अंतिम प्रकाशन के अवसर पर 22 जनवरी 2024 को आई एम रेड्डी टू वोट कार्यक्रम का आयोजन परियोजना बालिका उच्च विद्यालय में हुआ। इस कार्यक्रम में उपायुक्त मेघा भारद्वाज शामिल हुई। उपायुक्त मेघा भारद्वाज ने नये व युवा मतदाताओं के साथ सेल्फी ली। उन्होंने नये/युवा मतदाताओं को फूल दी। उपायुक्त महोदया ने सभी युवा मतदाताओं को मतदान के अधिकारी व महत्व के बारे में बताया। उन्होंने कहा कि आप हमेशा मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इस मौके पर वन प्रमंडल पदाधिकारी सूरज कुमार सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी रिया सिंह, उप निर्वाचन पदाधिकारी सुमंत तिर्की, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी शिवनंदन बड़ाइक व अन्य मौजूद रहे।

रेल मिशन सेवा के तहत आरपीएफ ने घायल व्यक्ति को स्वास्थ केंद्र भेजा

नवप्रदेश, कोडरमा। ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर पहाड़पुर के द्वारा सूचना प्राप्त हुआ कि पहाड़पुर और बंसीनाला स्टेशन के बीच किलों मीटर संख्यां 437/ 29- 438/ 01 अप मेन लाइन के र/र पास एक घायल व्यक्ति बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है। सूचना उपरांत कैंपिंग ड्यूटी में तैनात आरक्षी राजेश कुमार साथ आरक्षी अंकेश कुमार तत्काल घटना स्थल पर समय 13:00 बजे पहुंचकर देखा की एक पुरुष घायल अवस्था में पड़ा हुआ है अप मेंन लाइन के दक्षिण दिशा में लाइन से 6-7 फीट की दूरी पर है बेहोशी की हालत में पड़ा हुआ है कुछ पूछने पर बोल नहीं रहा है उम्र लगभग 20 वर्ष है। ऑन ड्यूटी स्टेशन मास्टर/विनोद कुमार के द्वारा इसकी सूचना लोकल थाना फतेहपुर को दिया गया। फतेहपुर लोकल थाना दलबल के साथ आए घायल व्यक्ति को फतेहपुर स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक उपचार के लिए अपने दलबल के साथ समय 13/30बजे अपने साथ लेकर चले गए। घायल व्यक्ति के पास पहने हुए कपड़ा के अलावा कुछ नहीं मिला। इसमें किसी प्रकार का परिचालन बाधित नहीं हुआ।

ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा हेतू हवन की गई

नवप्रदेश, कोडरमा। ग्रिजली कॉलेज ऑफ एजुकेशन में भगवान श्री राम जी की प्राण प्रतिष्ठा हेतू सुन्दरकाण्ड एवं हवन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भगवान श्री राम की छाया चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। तत्पश्चात कार्यक्रम में उपस्थित वरूण पंडित जी एवं धनंजय पंडित जी के द्वारा मधुर भजन, गीत संगीत सुंदरकांड एवं हवन करवाया गया। जिससे सभी अभिभूत हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के सचिव अविनाश कुमार सेठ ने महाविद्यालय के सभी सदस्यों को भगवान श्री राम की प्राण प्रतिष्ठा की बधाई दी। महाविद्यालय के उप निदेशिका डॉ. संजीता कुमारी ने इस अवसर पर सभी को संबोधित करते हुए कहा कि भगवान श्री राम पुरषोत्तम पुरुष हैं। जो हम सभी के आदर्श हैं। हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर ही अपनी जीवन को सार्थक बना सकते हैं । साथ ही हवन एवं पूजा अर्चना की महत्ता को बताते हुए महाविद्यालय के सभी सदस्यों को इस पावन अवसर पर बधाई दी। प्रभारी प्राचार्या डॉ मृदुला भगत ने इस पावन दिन की महता से अवगत कराया। सहायक प्राध्यापक सौरभ शर्मा ने अपने सम्बोधन में कहा कि इस प्रकार के आयोजन से हमारे समक्ष धार्मिक भावनाओं का सृजन होता जो मानवता को सदैव उत्कृष्टता की ओर अग्रसर करता है। इस अवसर पर महाविद्यालय के बी. एड. सत्र 2023-25 के प्रशिक्षु सीमा,रेणु, नेहा,रीता, प्रिया,राखी,अनामिका ,नूतन, सोनाली, लक्ष्मी, निशा, पूजा, महिमा बग्गा, उमा, रिंकी, सुनील, बैजनाथ, रवि, विकाश, जीतन आदि एवं महाविद्यालय के सभी सहायक प्राध्यापक मनीष कुमार पासवान, खुश्बू कुमारी सिन्हा, संजीत कुमार, अनिल कुमार दास, मनीष कुमार सिन्हा एवं सीताराम यादव शिक्षेकेतर कर्मचारी सूचित कुमार, दीपक पाण्डेय, चुन्नु कुमार, निशा कुमारी,रोहित कुमार, मुख़्तार आलम, नागेश सिंह आदि उपस्थित रहे।

आरपीएफ ने नाबालिक बच्चे को परिजन को किया सुपुर्द

नवप्रदेश, कोडरमा। प्लेटफार्म ड्यूटी में तैनात प्रधान आरक्षी मनोज कुमार सिंह तथा आरक्षी आनंद कुमार कोडरमा रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म संख्या 02/03 पर गाड़ी पास करवा रहे थे। समय 13/52 बजे गाड़ी संख्या 13554 डाउन प्लेटफार्म नंबर 02 पर आई। उक्त गाड़ी में यात्रा कर रहे शैलेंद्र कुमार जो कि वर्तमान में शमार्टांड़ रेलवे स्टेशन में स्टेशन मास्टर के पद पर कार्यरत है। (मो. 9724123345) उन्होंने बताया कि एक बच्चा उम्र लगभग 07/08 वर्ष जो की गुमसुम अवस्था में गाड़ी में बैठा था। जिसे लाकर आरपीएफ कोडरमा को उचित सहायता के लिए सौंप दिया। बच्चे से पूछने पर उसने अपना नाम सत्यम कुमार, उम्र 09 वर्ष, पिता नरेंद्र सिंह बताया। इससे ज्यादा कुछ नहीं बता सका।

एक नजर

चुंदरी प्रभु श्री राम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर पूजा अर्चना एवं भंडारा का आयोजन

गुमला। अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सम्पूर्ण भारतदेश में उत्साह चरम पर है। जगह-जगह मंदिरों में भजन, कीर्तन, सुंदरकांड पाठ एवं रामचरित मानस पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में चुंदरी में भी हिंदू सनातनियों के द्वारा भगवान श्रीराम के पुजा अर्चना,एवं भण्डारा का आयोजन किया गया। जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा। हर तरफ भक्ति का माहौल छाया रहा। श्री राम के पूजा अर्चना, कीर्तन भजन एवं भंडारे को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी। सभी मार्गों में केसरिया झंडा लगाया है जिससे पूरा चुंदरी राममय हो गया है। भगवान श्री राम के पूजा अर्चना में मुख्य रूप से मुखिया बिनीता कुमारी,पूर्व मुखिया आदित्य भगत, डीएसपी तेतरू भगत मुनेश्वर उरांव, के साथ सभी महिला एवं पुरुष शामिल हुए। भंडारे में पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने खीर वितरण एवं मुखिया विनीता कुमारी ने पूरी वितरण किया। इस दौरान मुखिया बिनीता कुमारी ने सभी पंचायत वासियों को भागवान श्री राम लला के बाल स्व रूप के प्राण प्रतिष्ठा की हार्दिक शुभकामनाएँ देते हुए कही की यह बड़ी खुशी की बात है की यह बड़े ही खुशी और गर्व का समय है। साथ ही कही की भगवान श्री राम की कृपा सभी पंचायत वासियों पर बनी रहे। पूर्व मुखिया आदित्य भगत ने सभी पंचायत वासियों को भगवान श्री राम के प्राण प्रतिष्ठा का शुभकामनाएँ देते हुए कहा की हमारे लिए गर्व की बात है कि हमारे जीवन काल में अयोध्या में भगवान श्री राम मंदिर का निर्माण हुआ। साथ ही कहा की 500 वर्षों का सपना पुरा हुआ। मौके पर संतोष कुमार साहू कैलाश महतो, देवलाल प्रजापति, तुलसी महली, छ्ब्बी लोहारा, कृष्ण प्रजापति, राजकुमार सिंह, कृष्णा साहू, रामप्रसाद साहू एवं हजारों की संख्या में महिला पुरुष उपस्थित थे।

लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची का हुआ प्रकाशन

धनबाद। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर सोमवार को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन कर दिया गया। वहीं मंत्रिमंडल निर्वाचन विभाग झारखंड रांची द्वारा मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता सूची के प्रकाशन पर मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर मतदाता सूची/ मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी अपने सोशल मीडिया पर हैंडल्स पर ImRedyToVote हैशटैग के साथ पोस्ट करने को लेकर चलाए गए अभियान के तहत जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त, धनबाद श्री वरुण रंजन ने भी अभियान में हिस्सा लेते हुए सेल्फी पोस्ट की वहीं उन्होंने सभी जिलेवासियों से भी अभियान में हिस्सा लेते हुए मतदाता सूची में अपना नाम चेक कर मतदाता सूची/मतदाता पहचान पत्र के साथ सेल्फी अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स पर पोस्ट करने की अपील की। लोकसभा आम निर्वाचन 2024 के मद्देनजर मतदाता सूची के प्रकाशन के उपरांत मतदाता अपने मतदान केंद्रों, सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारियों, निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी के कार्यालय परिसर में प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम देख सकते हैं।

श्री राम, माता सीता व भगवान लक्ष्मण की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह का हुआ आयोजन

धनबाद। सोमवार को प्रताप क्लब पुराना बाजार सब्जी मंडी हनुमान मंदिर में भगवान श्री राम, माता सीता एवं भगवान लक्ष्मण की प्रतिमा का प्राण प्रतिष्ठा समारोह है, इसके निमित्त मनईटॉड छठ तालाब से, माड़ी गोदाम, गोल्बइलडईग, हावड़ा मोटर, होते हुए पुराना बाजार पूजा स्थल लगभग पांच हजार से अधिक श्रद्धालुओं ने कलश शोभायात्रा में शामिल होकर ऐतिहासिक दिन में इतिहास बनाने का काम किया। इस उत्सव में मुख्य रूप से सुबीर साव, कुन्दन गुप्ता, दीपक गुप्ता, दिवाकर सिंह, राजा, श्रवण कुमार, दिपक कुमार, रंजीत साव, विकास साव, दिलीप साव, छोटी साव, मोंटी सिंह, अजय सिंह, शिशम राऊत, दिपक झा, इन्द्र भुषण कुशवाहा आदि सैकड़ों कार्यकर्ता का सहयोग रहा। इस कार्यक्रम का संयोजक संजय कुशवाहा ने किया।

धनबाद बस स्टेंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

धनबाद। जिला परिवहन पदाधिकारी राजेश कुमार सिंह तथा वरीय पुलिस उपाधीक्षक (यातायात) राजेश कुमार के निदेर्शानुसार सड़क सुरक्षा माह 2024 के तहत आज बरटांड बस स्टैंड में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर लोगों को सड़क सुरक्षा की जानकारी दी गई। सड़क दुर्घटना के समय घायल लोगों की मदद करने की अपील की गई। लोगो के बीच सड़क सुरक्षा से संबंधित पैंपलेट भी बांटे गए।

उपायुक्त, एसएसपी ने किया चिरकुंडा, मैथन सहित जिले के अन्य थाना क्षेत्र का दौरा

विभिन्न थाना क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

नव प्रइेश संवाददाता

धनबाद। उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन तथा वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन ने जिले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए चिरकुंडा, मैथन सहित अन्य थाना क्षेत्र का दौरा किया। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा को लेकर जिले में विधि व्यवस्था के संधारण के लिए आज अलग-अलग थाना क्षेत्र का भ्रमण किया है और सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया है। उन्होंने लोगों से अपील की कि सामाजिक सौहार्द को बनाए रखें। किसी प्रकार की सूचना तुरंत जिला कंट्रोल रूम को उपलब्ध कराए। वहीं वरीय पुलिस अधीक्षक ने कहा कि अयोध्या में हो रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर धनबाद में भी विभिन्न धार्मिक अनुष्ठान आयोजित किए गए हैं। सभी समारोह को शांतिपूर्ण संपन्न करने के लिए जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन पूरी तरह से तैयार है। चप्पे-चप्पे पर पुलिस की मौजूदगी है, जो विभिन्न गतिविधियों पर नजर बनाए हुए है। इस दौरान उपायुक्त वरुण रंजन, वरीय पुलिस अधीक्षक हदीप पी जनार्दनन, विशेष कार्य पदाधिकारी सुशांत मुखर्जी, डीएसपी मुख्यालय-1 अमर पांडेय के अलावा संबंधित अंचल के अंचल अधिकारी, बीडीओ, थाना प्रभारी, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी मौजूद थे।

प्रभु श्रीराम प्राण प्रतिष्ठा को लेकर निकाली गयी भव्य कलशयात्रा

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। अयोध्या में प्रभु श्रीराम मंदिर के प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर सम्पूर्ण भारतदेश में उत्साह चरम पर है। जगह-जगह मंदिरों में भजन, कीर्तन, सुंदरकांड पाठ एवं रामचरित मानस पाठ का आयोजन भी किया जा रहा है। इसी कड़ी में आदर में भी हिंदू सनातनियों के द्वारा भव्य कलशयात्रा निकाली गई। जिसमें पप्पू गुप्ता, बादल राम, सासीशेखर साहा, बिनोद गोप, बसदेव महतो, धर्म देव सिंह, जोगेन महतो, गोपाल गोप सहित हजारों की संख्या में महिला वा पुरुष रामभक्त शामिल थे। कलशयात्रा आदर के दुर्गा मंदिर प्रांगण से प्रारंभ होकर शिवालय तालाब में जल उठाकर महादेव पीपर में जल अर्पण किया गया ।भक्ति गीतों पर यूवा भक्ति में झूम रहे थे हर तरफ जय श्रीराम का जयघोष लग रहा था। जय श्रीराम के नारों से पूरा वातावरण गुंजायमान होता रहा। हर तरफ भक्ति का माहौल छाया रहा। कलशयात्रा को लेकर पिछले कई दिनों से तैयारी चल रही थी। सभी मार्गों में केसरिया झंडा लगाया है जिससे पूरा आदर राममय हो गया है। शोभायात्रा में शामिल सभी महिला एवं पुरुष भगवा वस्त्र धारण किए हुए थे। इस दौरान बदल राम ने कहा की यह बड़ी खुशी की बात है की यह बड़े ही खुशी और गर्व का समय है। अजय साहू, बंधन महतो, महावीर राम, बहादुर महतो, अजीत वर्मा, राजेश उरांव, शिव शंकर राम, जितेंद्र पांडे, दीपक ठाकुर, पिंटू गोप सहित सैकड़ों अन्य लोग मौजूद थे। आदर पिकेट सेप पुलिस प्रशासन रहे मुस्तैद आदर टिकट प्रभारी अजय पांडे के साथ पुलिस के कई जवान सुबह से ही आदर के सभी चौक चौराहों पर मुस्तैद थे।

राममय हुआ धनबाद का बैंक मोड़, शांति भवन से निकली भव्य शोभा यात्रा

बजाओ ढोल स्वागत के, मेरे घर राम आए हैं....

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। अयोध्या में रामलला जन्मभूमि मंदिर में प्राणप्रतिष्ठा को लेकर पूरे शहर में उत्साह का माहौल है। शहर की हृदयस्थली बैंक मोड़ के शांति भवन स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर द्वारा आयोजित दो दिवसीय कार्यक्रम के पहले दिन रविवार को भव्य राम ध्वजा शोभा यात्रा निकाली गई। प्रातः 8 बजे शांति भवन से 1100 भक्त राम ध्वजा लेकर निकले। शोभा यात्रा में घोड़े की बग्घी पर सवार भव्य राम दरबार, राम, लक्ष्मण, सीता, हनुमान की वेशभूषा में सजे बच्चें, घोड़े, ताशा पार्टी, डीजे, केसरिया पगड़ी में रामभक्त, आतिशबाजी, होली के रंग आदि आकर्षण का केंद्र बने हुए थे । शोभा यात्रा बैंक मोड़, पुराना बाजार, शक्ति मंदिर, धनसार चौक होते हुए पुनः शांति भवन को लौटी। शक्ति मंदिर कमिटी द्वारा यात्रा के लिए चाय पानी का इंतजाम किया गया। दिन के 11:30 बजे से आचार्य रविन्द्र तिवारी एवम उदय तिवारी द्वारा अखण्ड रामायण पाठ शुरू किया गया, जो अगले दिन तक चलेगा। सोमवार को को अयोध्या में राम लला के प्राणप्रतिष्ठा के वक्त शांति भवन मंदिर परिसर में आचार्यों द्वारा शंखनाद किया जाएगा, तथा प्रभु श्रीराम का राजतिलक किया जाएगा। फिर संध्या 1008 दिए प्रज्वलित किए जायेंगे, साथ ही सुंदरकांड का पाठ, भजन संध्या एवम महाप्रसाद भंडारे का आयोजन किया गया है। इस अवसर पर पूरे बैंक मोड़ क्षेत्र की अलौकिक विद्युत सज्जा की गई है। कार्यक्रम में पंडित उदय तिवारी, महंत पाण्डेय, श्रीराम भट्टर, रामकुमार अग्रवाल, विधायक राज सिन्हा, आशिनी सिंह, पूर्व मेयर इंदू देवी, हेमंत गुप्ता, विनोद अहूजा, संजय अग्रवाल, आलोक अग्रवाल, मनोहर सोनी, दीपेश चंचनी, अनिल जैन, निलेश अग्रवाल, सुधीर गोयल, दीपक सोनी, पिंकी गुप्ता, सुंदर गोयल, शीतल गोयल, प्रमोद अग्रवाल, अभिषेक अग्रवाल, सुशीला अग्रवाल, अनिल मित्तल, आशा मित्तल, राहुल सिंह, सन्नी सलूजा, ओम अग्रवाल, पंकज रस्तोगी, संतोष जालान, अशोक गुप्ता, मनोहर सोनी, रूपकिशोर अग्रवाल, संजय अग्रवाल, प्रीति अग्रवाल, सुरेंद्र रजक, डीके सिंह, आदि मौजूद थे।

श्री राम सेना के उपाध्यक्ष ने 51 किलो लड्डू के भोग की शहर में किया वितरण



धनबाद। 22 जनवरी को अयोध्या में श्री राम मंदिर के उद्घाटन और श्री रामलला के प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर उदय प्रताप सिंह के नेतृत्व में 51 किलो लड्डू का महा भोग का प्रसाद वितरण किया गया। स्टील गेट से अपने समर्थकों के साथ हाथों में श्री राम अंकित झंडा लिए हुए श्री राम का नारा लगाते हुए सरायढेला पुलिस लाइन हीरापुर रणधीर वर्मा चौक सिटी सेंटर बेकरबांध धैया आदि जगहों का भ्रमण कर लड्डू भोग वितरण किया। रणधीर वर्मा चौक पर आतिशबाजी की और धनबाद प्रेस क्लब के पत्रकार बंधुओ मिले और बधाई दी। आम नागरिकों को प्रसाद वितरण किया सभी के संग खुशियां मनाई। साथ में राजू सिंह दिलीप सिंह पंकज सिंह,गौरव, आदर्श, राहुल सिंह भूमिहार, सतवीर सिंह, सागर मिश्रा, हर्ष सिंह, शानू सिंह, ऋतिक,सोनी, पीयूष सिंह, रितेश राज समेत अन्य राम भक्त शामिल थे।

राम नहीं मिलते मंदिर के फेरों में, राम मिले शबरी के झूठे बैरों में

धनबाद। जिस माता शबरी के जूठे बैर ने और केवट के विश्वास ने युवराज राम को मयार्दापुरूसोतम भगवान श्रीराम बनाया, ऐसे ही शबरी माता के वंशजों के घर पर अर्थात ऐसे वनवासी समाज के बंधु जो शहर के शबरी बस्तियों में रहते है उनके घर को दीप जला के रोशन करने का संकल्प श्रीराम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के दिन एकल अभियान की युवा टोली एकल फ्यूचर द्वारा किया गया। पूरे भारत में 500 वर्षों तक हमारे शौर्यवान पूर्वजों के भीषण संघर्ष, तप, त्याग व बलिदान के बाद अयोध्या जी में पुनः मयार्दापुरूसोतम भगवान श्रीराम लला विराजमान हो करके उनका प्राणप्रतिष्ठा हो रहा है इसका जश्न व उल्लास पूरा देश अपने अपने तरीके से मना रहा है। इसी क्रम में एकल अभियान की युवा इकाई एकल फ्यूचर धनबाद महानगर द्वारा ऐसे सभी शबरी बस्तियों में विभिन्न टोलियो में स्वयं पहुँच कर वहाँ के माता बहन व बंधु के साथ दीप जला के भावपूर्ण दीपोत्सव मनाया गया। खूब मिठाई बाटे गए, खूब पटाके फोड़े गए। एकल फ्यूचर धनबाद महानगर के सदस्यों ने बताया कि, हमारी पीढ़ी आज के इस ऐतिहासिक पल को देख पा रहे है यह स्वयं में गौरव व सौर्य की अनुभूति करा रही है। इस इतिहास को स्वयं अपने आखों से देखना कोई साधारण बात नहीं है, यह हम सबके पूर्व जन्मों के पुण्य कार्य ही होंगे जिसके फल स्वरूप राम लला के प्राण प्रतिष्ठा को हम सब देख पा रहे है, अनुभव कर पा रहे है। अब बस आवश्यकता है मयार्दापुरूसोतम भगवान श्रीराम के जीवन से प्रेरणा ले करके स्वयं अनुसरण करने की और इसी निमित्त हम आज के इस पावन पल को उस शबरी माता के समाज के साथ मना रहे है जिनके स्नेह, विश्वास व प्रतीक्षा ने युवराज राम को मयार्दापुरूसोतम भगवान श्रीराम बनाया। जिनको आम समाज ने अपेक्षित किया, किंचित व वंचित समझा उनको प्रभु श्री राम ने गले लगाया। वास्तव में वनवासी समाज ही प्रभु श्री राम जी की सेना है और उनको गले लगा कर उनके झोपड़ी को दीपक के सकारात्मक व सार्थक रोशनी से प्रकाशित करना ही राम जी का वास्तविक काज है।

सहेली की शादी में गई युवती का शव म्युचुअल फंड के कार्यालय में मिला

धनबाद। एक ओर जहां पूरा देश अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के उत्सव में डूबा हुआ था, ठीक उसी वक्त धनबाद का एक पिता अपनी बेटी की लाश के सामने उसकी मौत पर विलाप कर रहा था। मामला धनबाद के बैंक मोड़ थाना क्षेत्र स्थित श्रीराम प्लाजा का है, जहां टाटा म्युचुअल फंड्स के पूर्व कर्मी निशा का शव उसके ही पूर्व कार्यालय में संदेहास्पद स्थिति में पाया गया। घटना के संबंध में मृतिका निशा कुमारी (26) के पिता मनईटांड़ निवासी दीपक कुमार ने बताया कि रविवार की दोपहर करीब एक बजे वह अपनी बेटी को लेकर बैंक मोड़ चौराहा के पास पहुंचे। उनकी बेटी को अपनी एक सहेली की शादी में जाना था। वहाँ वह पिता की गाड़ी से यह कह कर उतर गई कि उसे शादी के लिए कुछ खरीददारी करनी है। शादी धनसार थाना क्षेत्र स्थित गांधी नगर में थी। इसके बाद देर रात तक बेटी के घर नहीं पहुंचने पर निशा के परिजन परेशान होकर बेटी को ढूंढने लगे। उसका कही पता नही लगने पर वह पुलिस के पास पहुंचे, जिसके बाद आज सुबह निशा का शव श्रीराम प्लाजा के दूसरे तल्ले पर स्थित टाटा म्युचुअल फंड्स के कार्यालय में संदेहास्पद स्थिति में पड़ा मिला। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी निशा कुमारी का विवाह सात दिसंबर 2023 को हुआ था। उससे पूर्व वह इसी कार्यलय में काम करती थी। लेकिन विवाह के बाद उसने काम छोड़ दिया था। उन्होंने बताया कि अपनी सहेली की शादी में जाने के लिए निकली उनकी बेटी आखिर टाटा म्युचुअल फंड के कार्यालय कैसे पहुंची उन्होंने हत्या का शक जाहिर करते हुए पुलिस से जांच की मांग की। वहीं निशा का शव आज सुबह सबसे पहले कार्यलय की सफाई करने पहुंचे सफाई कर्मियों ने देखा। निशा का सिर कार्यालय में रखे कुर्सी पर था, जबकि उसकी बाकी का शरीर फर्श पर पड़ा था। उसके पीठ पर चाकू घोपने का भी निशान मिला है। फिलहाल पुलिस सभी बिंदुओं पर बारीकी से जांच करने में जुटी है।

राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बासुकीनाथ मंदिर में विशेष पूजा

दुमका। अयोध्या में राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बाबा बासुकीनाथ मंदिर में जश्न का माहौल है। मंदिर को आकर्षक फूलों और रंग-बिरंगे बिजली के बल्बों से सजाया गया है। रात्रि में जागरण का आयोजन किया गया। अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के अवसर पर प्रसिद्ध तीर्थस्थल बाबा बासुकीनाथ धाम मंदिर में काफी चहल-पहल है। राम मंदिर के प्रतिष्ठापन की खुशी में बासुकीनाथ के पंडा-पुजारियों में उत्साह का माहौल है। इस शुभ अवसर को ऐतिहासिक बनाने के लिए बासुकीनाथ धाम मंदिर में विशेष पूजा की व्यवस्था है। पंडा धर्म रक्षिणी सभा के अध्यक्ष मनोज पंडा ने कहा कि यहां कई धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन किया जा रहा है। बासुकीनाथ मंदिर को दीपों से सजाया जाएगा और मंदिर प्रबंधन और स्थानीय लोगों के सहयोग से हवन-पूजन के साथ-साथ भोग प्रसाद का भी वितरण किया जाएगा। लोग सुबह से ही मंदिर में बाबा को जल चढ़ा रहे हैं और जय श्री राम के नारे लगा रहे हैं। मनोज पंडा ने बताया कि सोमवार रात बाबा मंदिर को आकर्षक ढंग से सजाया जायेगा और क्षेत्र में उत्सव मनाया जायेगा। बाबा बासुकीनाथ मंदिर को उसी तर्ज पर आकर्षक तरीके से सजाया जा रहा है जिस तरह राम की प्राण प्रतिष्ठा के लिए अयोध्या में राम मंदिर को सजाया गया है, इलाके के सभी लोगों ने अपने घरों को सजाया है।

धनबाद राउंड टेबल संस्था ने लालमणि में बुजुर्गो को किया सेवाझसम्मान

धनबाद। राउंड टेबल संस्था ने लालमणि वृद्ध सेवा आश्रम में रह रहे बुजुर्ग महिलाओं एवं पुरूषों के साथ सोमवार का दिन उनकी इच्छाओं की बातें सुनकर एवं उनकी सेवा कर बिताया। उन्हे आपरूपी भोजन कराया और साथ में 50 पाकेट तिलकुट, 4 इंडक्शन चूल्हा, 4 चाय इलेक्ट्रॉनिक केडली 4 हीटर, पचास पाकेट नाश्ता संध्या के लिए भेंट किया। आश्रम में राउंड टेबल के पिंटू राजगढिया, अनुप गोयल, बलराम अग्रवाल, कशिश वयश, पंकज गोयल, अंकित उपाध्याय, सुरज सरिया, रोहित अग्रवाल अंकित दुदानी ने बुजुर्गो की सेवा की। आश्रम के अध्यक्ष नौशाद गद्दी एवं सक्रिय सदस्य सह समाजसेवी कुमार मधुरेन्द्र सिंह ने धनबाद राउंड टेबल संस्था के सभी सदस्यों को इन वृद्धो का ख्याल रखने के लिए तहेदिल से शुक्रिया अदा किया एवं पुरी टीम को आश्रम परिवार ने धन्यवाद दिया।

रेल महाप्रबंधक खंडेलवाल द्वारा बरवाडीह-रेणुकूट रेलखंड व रेणुकूट स्टेशन का किया गया निरीक्षण

नव प्रदेश संवाददाता

धनबाद। पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल द्वारा कल धनबाद मंडल के बरवाडीह-रेणुकूट रेलखंड का विंडों ट्रेलिंग निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान महाप्रबंधक ने रेलवे ट्रैक, रेल पुलों आदि का गहन मुआयना किया। इसके उपरांत पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक द्वारा रेनुकूट में इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग/आर. आर. आई/पैनल रूम का गहन निरीक्षण किया गया। महाप्रबंधक द्वारा रेणुकूट में रेल ग्राइंडिंग मशीन का जायजा लिया गया। इसके साथ ही उन्होंने रेनुकूट स्टेशन पर रनिंग रुम, क्रू-लॉबी आदि का निरीक्षण किया एवं उपलब्ध सुविधाओं का जायजा लिया। इसके साथ ही महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल ने कल ही बेतला में वन विभाग के चीफ कंजर्वेटर और आरवीएनएल/ रांची के अधिकारियों के साथ एक बैठक भी की । इस बैठक में वन संरक्षण के मद्देनजर धनबाद मंडल के कुमण्डीह-बरवाडीह रेलखंड के 14.7 किमी लंबे रेलवे ट्रैक के डायवर्सन को लेकर विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक श्री कमल किशोर सिन्हा एवं अन्य अधिकारीगण उपस्थित थे।

मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज

उपायुक्त ने की मतदान केंद्रों की समीक्षा

सोशल मीडिया पर चलाया गया हैशटैग अभियान

मतदाताओं ने की नव प्रकाशित मतदाता सूची के साथ सेल्फी लेकर सोशल मीडिया पर पोस्ट

नव प्रदेश संवाददाता

गुमला। भारत निर्वाचन आयोग के द्वारा पूर्व निर्धारित समय सारिणी के अनुरूप झारखंड राज्य अंतर्गत मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन आज 22 जनवरी सोमवार को किया गया। प्राप्त निदेर्शानुसार आज सोमवार 22 जनवरी को जिले के सभी मतदान केंद्रों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया गया। उक्त मतदाता सूची निर्वाचन से जुड़े जिले के महत्वपूर्ण कार्यालयों में भी प्रकाशित की जानी है।

इसी क्रम में आज उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी ने विधानसभा क्षेत्र गुमला-68 अंतर्गत बूथ संख्या 166, 167, 168 एवं 169 का निरीक्षण कर मतदाता सूची की समीक्षा कर वहां के बीएलओ के साथ सेल्फी भी ली।

हैश टैग अभियान

युवाओं तथा सोशल मीडिया पर मौजूद तमाम मतदाताओं को अपना नाम मतदाता सूची में चेक करने के लिए प्रेरित करने के के उद्देश्य से आज राज्य भर में चलाए गए हैश टैग अभियान के तहत जिले भर में भी इस अभियान को लेकर सभी मतदाताओं ने नव प्रकाशित मतदाता सूची में अपना नाम देखकर सोशल मीडिया पर 11.00 से 12.00 के बीच उक्त हैशटैग के साथ सेल्फी पोस्ट की। मौके पर उपायुक्त सहित जिले के तमाम वारिय अधिकारियों ने भी विभिन्न विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत मतदान केंद्रों में प्रकाशित मतदाता सूची की समीक्षा कर विशेष हैशटैग अभियान के तहत सोशल मीडिया पर फोटो अपलोड किया। मतदाताओं से अपील की है कि वे अपना नाम मतदाता सूची में जरूर चेक कर लें, किसी भी कारण यदि कोई विसंगति हुई हो तो इसे अविलंब अपने बीएलओ या अपने संबंधित निर्वाचन निबंधन कार्यालय को सूचित करें। वे चाहें तो इसकी सूचना राज्य के मतदाता हेल्पलाइन सेंटर 1950 पर भी सूचित कर सकते हैं।

बेड़ो में धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर मनाई गई दीपोत्सव

- बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत गांव रहा राममय
- राम भक्तों के बीच भंडारा का किया गया आयोजन
- बेड़ो देवी मंडप समेत कई गांव के राम भक्त जुलूस के साथ पहुंचे महादानी मंदिर

नवप्रदेश संवाददाता

बेड़ो: बेड़ो के ऐतिहासिक महादानी मंदिर समेत प्रखंड के विभिन्न गांवों के मंदिरों में धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ अयोध्या में श्री राम लला मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा के साथ भगवान श्री राम के 500 वर्षों के बाद वापस मंदिर में विराजमान होने की खुशी में राम भक्तों ने दीपावली का त्यौहार मनाया। इस दौरान बेड़ो प्रखंड मुख्यालय समेत प्रखंड के गांवों के सड़क , चौक चौराहों को पूरी तरह भगवा पताका से पूरे प्रखंड को भगवामय कर दिया। इसके अलावा अयोध्या में श्री राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा को लेकर बेड़ो देवी मंडप समेत प्रखंड के खत्री खटंगा, पाकलमेड़ी, जरिया, जामटोली के साथ कई गांव से जुलूस की शक्ल में राम भक्त बेड़ो के महादानी मंदिर पहुंचे। जहां महादानी मंदिर आने वाले राम भक्तों का स्वागत बेड़ो के महावीर चौक स्थित बजरंगबली मंदिर के समीप बेड़ो के पूर्व उप मुखिया ज्वाला प्रसाद सोनी समेत उनके सहयोगियों द्वारा किया गया। इधर राम भक्तों के बीच में महादानी सेवा सत्संग समिति की ओर से भोग भंडारा का आयोजन कर उनके बीच में पुड़ी सब्जी व खीर का वितरण किया गया। इधर देर शाम सनातन सेना के युवकों के द्वारा महादानी मंदिर के समक्ष 2100 दीया से जय श्री राम लिखकर दीपावली मनाया। इसके अलावा पूरे प्रखंड के घरों में भी दीया जलाकर दीपावली मनाया। इधर घरों में दीया जलाने के साथ-साथ फटाखे फोड़कर भी दीपावली मनाई गई।

रामलला के प्राण प्रतिष्ठा पर भक्तिरस में डुबा रातू

- सभी मंदिरो में भव्य आयोजन
- जगराता, भजन, अखंड कीर्तन के अलावे सभी मंदिरो में बंटे भोग, हुआ भंडारा

रातू प्रतिनिधि। अयोध्या में हुई रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर रातू तथा आसपास के क्षेत्र सोमवार को भक्तिरस में डुब गए। प्रायः चौक चौराहो में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।काली मंदिर प्रखंड मुख्यालय में 11 बजे से जगराता का आयोजन किया गया।भवानी नगर पिर्रा में महिला व पुरूषो द्वारा अखंड कीर्तन का आयोजन किया गया।चाणकेश्वर शिव मंदिर कमडे में सुबह से ही पूजा के बाद कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया।दोपहर में भंडारा का आयोजन किया गया।काठीटांड चौक में युवको की टोली द्वारा प्रसाद वितरण के अलावे राम के गीतो पर जमकर नृत्य किया गया।जिसे देखने के लिए लोगो की भीड उमडी रही। वृंदाकुंज सोसाइटी केशवनगर में सुंदर कांड का पाठ अजय मिश्रा के द्वारा किया गया।रातू चटटी में भी कई कार्यक्रम का आयोजन किया गया। एतवार बाजार, पिर्रा,सिमलिया, बाजपुर, गुडु, महादेव टंगरा, झखराटांड, गोबिंदनगर, गायत्रीनगर, सुंडील, झिरी, कमडे, रविस्टील, टेंडर, शिवनगर, आनंदमयीनगर, आमटांड सहित प्रखंड के प्रायः सभी मंदिरो में सुबह से ही पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया।

भवानीनगर पिर्रा में कई कार्यक्रम

भवानीगनर पिर्रा में अध्यक्ष राणा सिंह के नेतृत्व मेंअखंड कीर्तन का आयोजन किया गया। मां भवानी का पूजा के बाद मंदिर परिसर में महाभंडारा का आयोजन किया गया। जिसमें देर रात तक श्रद्धालु प्रसाद लेते देखे गए।शाम में मंदिर परिसर में 1001 दिये प्रज्वलित किए गए।पुरे क्षेत्र के सभी घरो में शाम में दीप जलाए गए।घरो में पकवान भी बन रहे थे।रातू में तो झंडा खत्म हो गया।दुकानदारो ने अंतिम में झंडे की भी कालाबाजारी की। 50 रूपया वाला झंडा ढाई सौ में बिका। पटाखे भी खुब फोडे गए।

गेतलसूद में रामभक्तों ने निकाली शोभा यात्रा

अनगड़ा। श्री राम नगरी अयोध्या में प्रभु श्रीराम लला की प्राण प्रतिष्ठा के मौके पर गेतलसूद में सोमवार की शाम राम भक्त महिला व पुरुषों ने शोभा यात्रा निकाली। इसका नेतृत्व जैलेन्द्र कुमार, उप मुखिया शंकर बैठा ने संयुक्त रूप से किया। जय श्रीराम के उदघोष से पूरा वातावरण राममय हो गया। शोभा यात्रा दुर्गा मंदिर परिसर से आरंभ होकर पुरे गांव में भ्रमण कर शिव मंदिर परिसर में समाप्त हुआ। इसके बाद लोगों के बीच प्रसाद का वितरण जिया गया। राज बैठा ने बताया की भारत के इतिहास में 22 जनवरी का दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा। इस मौके पर संजय नायक,भोला महतो,शिकारी महतो,बिगेश्वर महतो, गौरीशंकर मुंडा,सोनु कुमार,बिट्टू कुमार,राजीव कुमार, दिगंबर गोस्वामी, संगीता देवी, रेणु देवी, सुमन कुमारी,मालती देवी, विमल नायक, सनु नायक, अमित चौधरी, विनोद चौधरी समेत दर्जनों लोग उपस्थित थे। इधर गोंदलीपोखर में राम भक्तों ने भगवान श्री राम को भोग लगाकर ज्योतिष महतो,नील कंठ चौधरी,सोनु केसरी, सचिन केसरी, सूरज गुप्ता,रंजीत केसरी, विक्की सोनी, पंकज महतो, अभिषेक केसरी, विवेक सोनी,राजेंद्र साहू आदि ने दिन भर प्रसाद का वितरण किया।

राजधानी रांची में राम के उत्सव व दीपोत्सव कार्यक्रम कैमरे की नजर में

एक नजर

बेड़ो के बोदा गांव में हाथियों के आतंक से कराह रहे किसान

जंगली हाथियों ने कई एकड़ मटर,आलू,गेहूं धान व सरसों की फसल खाकर रौंदी

बेड़ो: बेड़ो प्रखंड का ग्रामीण क्षेत्र हाथियों के आतंक से कांप रहा है। जंगलों से सटे इलाकों के किसान परेशान हैं। आए दिन हाथी किसानों की फसलों को तहस-नहस कर रहे हैं। जहां रविवार की रात हाथियों ने बोदा गांव में जमकर उत्पात मचाया। इस दौरान जंगली हाथियों ने बिरसा मुंडाइन के खेतों में मटर व सरसों,फुलमनी देवी के आलू चरकु मुंडा का धान वही हरिमोहन गोप व बिरसी मुंडाइन के पानी मशीन को क्षतिग्रस्त कर दिया। गांव की महिला किसान फुलमनी देवी ने कहा कि तैयार आलू मटर व सरसों की फसल को जंगली हाथी ने बर्बाद कर दिया है। वही किसानों का कहना अगर विभाग इसी तरह सुस्त पड़ा रहा तो हमलोगों को हाथियों के डर से खेती करना भी छोड़ देना पड़ेगा। इसके वावजूद हमलोगों को कोई मुआवजा नहीं मिलता है। ज्ञात हो कि पिछले कुछ महीनों से प्रखंड के ग्रामीण क्षेत्र में हाथियों की आतंक से गांव के लोग परेशान हैं। हाथियों का झुंड लगातार गांव का भ्रमण कर रहा है और मौका मिलते ही कहीं घर तोड़ दे रहा है तो कहीं किसानों के द्वारा लगे फसलों को नुकसान पहुंचा रहा है। वहीं हाथियों के उत्पात से राहत दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर समुचित उपाय नहीं किए जा रहे हैं। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है। इधर घटना की सूचना पर जिप सदस्य पूर्वी पार्वती भगत के प्रतिनिधि सह भाजपा नेता जगरनाथ भगत ने बोदा गांव का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। वहीं ग्रामीणों व किसानों को सांत्वना देते हुए हर संभव मदद करने का आश्वासन दिया।

आवेदन नहीं ले रहा वन विभाग : बोदा गांव के किसानों का कहना है कि वन अध्यक्ष नहीं होने कारण वन विभाग के अधिकारी किसानों का आवेदन नहीं ले रहे है।

इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में अनगड़ा के सात वर्षीय साहिल कुमार महतो ने जीता सिल्वर मेडल

अनगड़ा। कोलकाता में आयोजित बोंगों भूमि कप इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप में अनगड़ा के जरगा निवासी सात वर्षीय साहिल कुमार महतो व टाटीसिलवे के 11 वर्षीय मयंक कुमार दास ने सिल्वर मेडल व टाटीसिलवे के ही रोशन कुमार ने काता वर्ग में ब्रांज मेडल जीता। टुनार्मेंट का आयोजन रविवार को न्यू टाउन फुटबाल स्टेडियम में हुआ। इसका आयोजन जेतेकन शीतोरियू कराटे एसोसिएशन कोलकाता ने किया। साहिल के पिता जवाहर महतो ने बताया कि मयंक कुमार दास फाइनल राउंड में बांग्लादेश से हारे वही साहिल को मलेशिया के खिलाड़ी से फाइनल राउंड में हार का सामना करना पड़ा। मुख्य अतिथि विश्व कराटे संघ के रेफरी हंशी प्रेमजीत सेन ने पदक प्रदान किया। सभी सफल खिलाड़ियों को इंटरनेशनल मार्शल आर्ट अकादमी (इमा) के तकनीकी निदेशक सह नेशनल कोच शिहान सुनील किस्पोट्टा, बच्चों के कराटे कोच संदाई उमाशंकर महतो ने बधाई दी है।

उषा मार्टिन विवि की डॉ शर्मिष्ठा रॉय को राज्यपाल ने किया सम्मानित

अनगड़ा । राजभवन में त्रिपुरा के 52वें राज्यत्व दिवस समारोह के अवसर पर उषा मार्टिन विवि के कंप्यूटिंग और आईटी संकाय की एसोसिएट प्रोफेसर और एचओडी डॉ शर्मिष्ठा रॉय को 21 जनवरी को राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने सम्मानित किया। डॉ रॉय को त्रिपुरा राज्य और उषा मार्टिन विश्वविद्यालय का प्रतिनिधित्व करने के लिए आमंत्रित किया गया था। इस अवसर पर उन्होंने त्रिपुरा की परंपराओं की जटिल टेपेस्ट्री को बताया। त्रिपुरा के राज्य बनने की यात्रा को बताते हुए कहा कि त्रिपुरा लोगों के दिलों को जोड़ने वाले एक पुल के रूप में भी काम क किया है। कहा कि हमारे राज्यों के बीच मजबूत संबंधों को बढ़ावा देने में राज्यपाल का निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के लिए उनका आभार प्रकट किया। बताया।कि इस अभिनंदन ने सांस्कृतिक खजाने को संरक्षित करने और साझा करने के प्रयासों को प्रेरित किया और दोनों राज्यों के बीच सौहार्द के बंधन को मजबूत किया है ।

रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए विहिप के क्षेत्रीय संगठन मंत्री वीरेंद्र विमल

रांची। विश्व हिंदू परिषद क्षेत्रीय संगठन मंत्री वीरेंद्र विमल अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा में शामिल हुए। विमल ने अपने अनुभव को साझा करते हुए सोमवार को बताया की मेरा जीवन धन्य हो गया। एक बार इतिहास निर्माण में सहभागी हुआ था, जब जन्मभूमि से बाबरी कलंक मिटाया गया था। भक्ति, शक्ति, पराक्रम और संघर्ष से अयोध्या की पावन धरती पर एक स्वर्णिम अध्याय का आरंभ किया गया। आज वह अध्याय भव्य दिव्य मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के साथ पूर्ण हो रहा है। शताब्दियों से हिन्दू समाज जिसकी प्रतिक्षा कर रहा था, उस सपने को अपनी आंखों के सामने साकार होते हुये देखने का आनंद अद्भुत है। पता नहीं कितने जन्मों के पुण्य फल उदित हुये, कि इस पावन घड़ी का साक्षी बनने का दुर्लभ अवसर प्राप्त हो रहा है। भगवान की महति कृपा है। जीवन सार्थक हो गया।

श्रीरघुनंदन के वंदन में भक्त हुए धन्य-धन्य



रांची : 22 जनवरी सोमवार को रघुकुल भूषण प्रभु श्रीरामचंद्र जी विग्रह के प्राण- प्रतिष्ठा के उपलक्ष्य पर श्रीलक्ष्मी वेंकटेश्वर मंदिर में प्रातः ब्रह्ममुहूर्त से ही अनुष्ठानिक प्रक्रिया शुरू हो गए। प्रथम भगवान ब्रह्मांड नायक का विश्वरुपदर्शन ,सुप्रभातम, मंगलाशासनम, नित्याराधन आदि के पश्चात दूध, दही, हल्दी, चंदन, शहद, डाभयुक्त जल, गंगाजल आदि से सहस्त्रधारा, चक्रधारा, शंखधारा और कलशधारा के उपचार पूर्वक वेद और सूक्तों के ऋचाओं के उच्चारण पूर्वक महाभिषेक कराया गया। पद्मावती वल्लभ भगवान सहित श्रीश्रीदेवी भूमिदेवी चक्रराज सुदर्शन आदि सभी विग्रहों का वस्त्राभूषण से अलंकार समर्पित करके पुष्प मालाओं से भव्य श्रृंगार हुआ।दोपहर 12:00 बजे से वेदांतदेशिक स्वामी विरचित रघुवीर गद्यम्, रामरक्षा स्तोत्रम् और विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ हुआ। तदनंतर राम नाम संकीर्तन और भजनों के सरिता में लोग अवगाहन कर आनंद को प्राप्त किया। दिनभर भक्तों में केसरिया महाप्रसाद का वितरण हुआ। सायं 6 बजे दीपों से मंदिर परिसर का सजावट शुरू हो गया था सैकड़ों दीपों के ज्योति और विद्युत लड़ियों के प्रकाश पुञ्ज से मंदिर जगमग हो रहा था। आज के केसरिया महाप्रसाद श्री शशि भूषण -वीणा सिंह, महाभिषेक के यजमान श्री सुरेश -गीता- शशि ठाकुर जबकि दिन भर का भोग निवेदन किया राजकुमार- ईशान लोहिया ने यह तीनों ही यजमान परिवार रांची निवासी हैं। दिन भर के अनुष्ठान कोविधिवत संपन्न कराया अर्चक :श्री सत्यनारायण गौतम, श्री गोपेश आचार्य और श्री नारायण दास ने मिलकर संपन्न कराया। इनकी रही सहभागिता सर्वश्री राम अवतार नारसरिया राजेश सुल्तानिया प्रदीप नारसरिया अनूप अग्रवाल रंजन सिंह आदि।

सैमसंग ने ग्रैंड रिपब्लिक डे सेल की घोषणा की

रांची: सैमसंग ने गैलेक्सी स्मार्टफोन, लैपटॉप, टैबलेट, वियरेबल्स, सैमसंग टीवी और सैमसंग के दूसरे डिजिटल उपकरणों पर बंपर ऑफर्स और कैशबैक के साथ ग्रेड रिपब्लिक सेल शुरू की है। ये ऑफर्स सैमसंग.कॉम, सैमसंग शॉप एप और सैमसंग एक्सक्लूसिव स्टोर्स पर उपलब्ध होंगे। उपभोक्ताओं को एचडीएफसी बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक और अन्य प्रमुख बैंक डेबिट और क्रेडिट कार्ड पर 22.5 प्रतिशत तक कैशबैक (25000 रुपये तक) मिलेगा।

इंग्लैंड की टीम टेस्ट सीरीज के लिए हैदराबाद पहुंची

हैदराबाद। इंग्लैंड की टीम भारत में 5 टेस्ट की सीरीज खेलने हैदराबाद पहुंची। जहां टीम को 3 दिन बाद 25 जनवरी से पहला मुकाबला खेलना है। इंग्लिश टीम पिछले 19 महीनों में अपने अटैकिंग बैटिंग अप्रोच से 72 प्रतिशत टेस्ट जीत चुकी है।

इंग्लैंड टीम में बैजबॉल एरा की शुरुआत बेन स्टोक्स के कप्तान और ब्रेंडन मैक्कुलम के कोच बनने के बाद हुई। इन दोनों की लीडरशिप में टीम पिछले 5 टेस्ट सीरीज में अजेय रही। लेकिन इंग्लैंड के बैजबॉल मॉडल का सबसे बड़ा चैलेंज तो अब शुरू होगा। जब टीम भारत की स्पिन पिचों पर रविचंद्रन अश्विन और रविंद्र जडेजा जैसे वर्ल्ड क्लास स्पिनर्स का सामना करेगी। क्रिकेट बुक में कोई ऑफिशियल बैजबॉल थ्योरी नहीं है, लेकिन इसे इंग्लैंड की टेस्ट टीम के नए अटैकिंग अप्रोच को दर्शाने के लिए नाम दे दिया गया। बैजबॉल 2 शब्दों से मिलकर बना है, इसमें बैज और बॉल शामिल हैं। बैज इंग्लैंड की टेस्ट टीम के हेड कोच ब्रेंडन मैक्कुलम का निकनेम है और बॉल क्रिकेट का एक एलिमेंट, जिसके बिना खेल पॉसिबल ही नहीं है। इन दोनों शब्दों को मिलाकर बैजबॉल% बनाया गया। मैक्कुलम न्यूजीलैंड के पूर्व क्रिकेटर हैं और वे अपने करियर के दौरान बहुत अटैकिंग बैटिंग करते थे। ओपनिंग करते हुए वे पहली से आखिरी बॉल तक बड़े शॉट्स लगाने पर ही फोकस करते थे। उन्हीं की स्ट्रैटजी को अब बेन स्टोक्स की कप्तानी

वाली इंग्लैंड टेस्ट टीम ने अपना लिया।टेस्ट में आमतौर पर टीमें समय लेकर बेहद धीमी गति से रन बनाती हैं, लेकिन स्टोक्स और मैक्कुलम की लीडरशिप में इंग्लैंड टीम टेस्ट में भी बहुत तेजी से रन बना रही है। जून 2022 के बाद से टीम ने करीब 76 के स्ट्राइक रेट से रन बनाए। इस दौरान बाकी टीमों का स्ट्राइक रेट 45 से 56 के बीच ही रहा।बेन स्टोक्स ने जो रूट के कप्तानी छोड़ने के बाद इंग्लिश टेस्ट टीम की कमान संभाली। रूट ने इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा 64 मैचों में कप्तानी की और टीम को बाकी कप्तानों के मुकाबले सबसे ज्यादा 27 टेस्ट भी जिताए, लेकिन उनकी कप्तानी में टीम पिछले 17 में से एक ही मुकाबला जीत सकी थी। 5 मुकाबले ड्रॉ रहे, जबकि 11 में टीम को हार का सामना करना पड़ा था।कप्तान रूट के खराब फॉर्म की शुरुआत भी 2021 में भारत दौरे से ही हुई थी, जहां टीम को 3-1 से टेस्ट सीरीज गंवानी पड़ी। टीम की खराब परफॉर्मेंस के बाद रूट ने मई-2022 में कप्तानी छोड़ दी, जिसके बाद स्टोक्स को नया कप्तान बनाया गया। मई में ही ब्रेंडन मैक्कुलम को भी इंग्लिश टेस्ट टीम का हेड कोच पद मिला। स्टोक्स और मैक्कुलम की जोड़ी बनने से इंग्लैंड ने बैटिंग में अटैकिंग अप्रोच अपनाया, जिसे अब बैजबॉल कहा जा रहा है और बैजबॉल के ही दम पर इंग्लैंड ने 18 में से 13 टेस्ट जीत लिए।

अश्विन टेस्ट में 500 विकेट पूरे करने से महज 10 विकेट दूर

स्पोर्ट्स डेस्क। रविचंद्रन अश्विन टेस्ट में 500 विकेट पूरे करने से महज 10 विकेट दूर हैं। वह 95 टेस्ट खेल चुके हैं और इंग्लैंड के खिलाफ 25 जनवरी से शुरू हो रही 5 मैचों की सीरीज में 100वां टेस्ट खेल सकते हैं। अश्विन सीरीज में 13 विकेट लेते ही एशिया में भी 400 विकेट पूरे कर लेंगे।मौजूदा स्पिनर्स में ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन ही अश्विन से ज्यादा टेस्ट विकेट ले सके हैं लेकिन वह एक विकेट लेने के लिए 63 गेंदें फेंकते हैं। जबकि अश्विन हर 51वीं बॉल पर ही विकेट झटक लेते हैं। जो उनसे ज्यादा टेस्ट विकेट लेने वाले 8 बॉलर्स से बेहतर है। रविचंद्रन अश्विन 95 टेस्ट में 490 विकेट ले चुके हैं। वे 8 बार एक मैच में 10 या उससे ज्यादा विकेट भी ले चुके हैं। अश्विन टेस्ट में करीब हर 51वीं बॉल पर एक विकेट निकालते हैं। टेस्ट में सबसे ज्यादा

विकेट के नाम पर वह भारत के दूसरे सबसे सफल बॉलर हैं। लेग स्पिनर अनिल कुंबले ही उनसे ज्यादा 619 विकेट ले सके हैं।

2019 में शुरू हुई वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 30 मैचों में अश्विन 148 विकेट ले चुके हैं। ड्ब्ल्यूञ्ष्ट के टॉप विकेट टेकर्स में वह तीसरे नंबर पर हैं। ऑस्ट्रेलिया के नाथन लायन और पैट कमिंस उनसे आगे हैं। एशिया में अश्विन के नाम महज 46 टेस्ट में 387 विकेट लेते हैं। स्पिन कंडीशन में वह हर 46वीं गेंद पर ही विकेट निकाल लेते हैं। सीरीज में 13 विकेट लेते ही वह एशिया में 400 विकेट लेने वाले पहले एक्टिव स्पिनर बन जाएंगे। ओवरऑल उनसे ज्यादा विकेट श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन (618) और भारत के ही अनिल कुंबले (419) ने लिए हैं।

पाकिस्तान ने 42 रन से जीता मैच

क्राइस्टचर्च। पाकिस्तान ने न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज में क्लीन स्वीप होने से खुद को बचा लिया। टीम ने पांचवें मुकाबले को 42 रन से जीता। जीत में टीम के स्पिनर्स का अहम योगदान रहा जिन्होंने 6 विकेट झटके। क्राइस्टचर्च के हैगले ओवल मैदान पर पाकिस्तान ने पहले बैटिंग करते हुए 8 विकेट पर 134 रन बनाए। जिसके बाद न्यूजीलैंड 17.2 ओवर में 92 रन बनाकर ही ऑलआउट हो गया। 3 विकेट लेने वाले इफ्तिखार अहमद प्लेयर ऑफ द मैच रहे। क्राइस्टचर्च में पाकिस्तान ने टॉस जीता और इस बार टीम ने पहले बैटिंग चुनी। टीम से ओपनर हसीबुल्लाह खान ने डेब्यू किया

लेकिन वह अपना खाता भी नहीं खोल सके। मोहम्मद रिजवान ने फिर बाबर आजम के साथ 53 रन की पार्टनरशिप की। बाबर 24 बॉल में 13 रन की धीमी पारी खेलकर आउट हुए और पाक ने दूसरा विकेट 10वें ओवर में गंवा दिया।बाबर आजम 24 बॉल में 13 रन बनाकर ईश सोढी का शिकार हुए। उन्होंने मोहम्मद रिजवान के साथ 53 रन की पार्टनरशिप की।क्राइस्टचर्च की धीमी पिच पर बैटर्स को रन बनाने में परेशानी हो रही थी। लेकिन फखर जमान ने 16 बॉल पर 4 सिक्स लगाकर तेजी से 33 रन बना दिए। उन्हें टिम साउदी ने पवेलियन भेजा, उनके बाद रिजवान भी 38 बॉल में 38 रन बनाकर आउट हो गए।

ऑस्ट्रेलिया की वनडे टीम में फ्रेजर-मैगर्क को मौका

स्पोर्ट्स डेस्क। जैक फ्रेजर मैगर्क ने मार्श कप में 29 बॉल पर सेंचुरी लगाई थी। वह बिग बैश में मेलबर्न रेनेगेड्स से खेलते हैं।

वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज के लिए ऑस्ट्रेलिया ने 2 अनकैप्ड प्लेयर्स को मौका दिया है। इनमें 21 साल के विस्फोटक बैटर जैक फ्रेजर मैगर्क और 25 साल के तेज गेंदबाज जेवियर बार्टलेट शामिल हैं।

सीरीज से ग्लेन मैक्सवेल को आराम दिया गया, वहीं बार्टलेट जाय रिचर्डसन की जगह टीम में शामिल हुए। रिचर्डसन इंजरी के कारण सीरीज से बाहर हुए हैं। वनडे स्क्वॉड की अनाउंसमेंट पहले ही हो गई थी, फिलहाल 2 नए प्लेयर्स को जोड़ा गया। 3 वनडे की सीरीज 2 फरवरी से शुरू होगी, जिसमें ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी स्टीव स्मिथ करेंगे। पैट कमिंस को वनडे सीरीज से आराम दिया गया है।

फ्रेजर मैगर्क को इस समय ऑस्ट्रेलिया का बेस्ट युवा खिलाड़ी माना जा रहा है। उन्होंने देश के घरेलू वनडे टूर्नामेंट मार्श कप में महज 29 बॉल पर सेंचुरी लगा दी थी। जो लिस्ट-ए और टी-20 क्रिकेट में रिकॉर्ड है। उन्होंने वेस्टइंडीज के क्रिस गेल का रिकॉर्ड तोड़ा था, जिन्होंने ढ्ढक्क में बेंगलुरु से खेलते हुए 30 बॉल पर सेंचुरी लगाई थी।फ्रेजर मैगर्क ने साउथ ऑस्ट्रेलिया से खेलते हुए शतक लगाया था। वह पहले विक्टोरिया से खेलते थे, लेकिन

करियर आगे बढ़ाने के लिए उन्होंने टीम बदली। उन्होंने फर्स्ट क्लास करियर का पहला शतक भी विक्टोरिया के खिलाफ ही लगाया।

फ्रेजर मैगर्क को वनडे स्क्वॉड में ग्लेन मैक्सवेल की जगह मौका दिया गया। जिन्हें सीरीज से रेस्ट दिया गया है। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने बताया कि टी-20 वर्ल्ड कप और टी-20 सीरीज से पहले वर्कलोड मैनेजमेंट को देखते हुए मैक्सवेल को आराम दिया गया है। कंगारू टीम फरवरी में वेस्टइंडीज और न्यूजीलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज भी खेलेगी। ग्लेन मैक्सवेल को वेस्टइंडीज के खिलाफ वनडे सीरीज से आराम दिया गया है। ऑस्ट्रेलिया के फ्रेंचाइजी टी-20 टूर्नामेंट बिग बैश लीग में फ्रेजर मैगर्क और जेवियर बार्टलेट दोनों ने ही शानदार प्रदर्शन किया। मैगर्क मेलबर्न रेनेगेड्स से खेलते हुए इस सीजन 158.64 के स्ट्राइक रेट से 257 रन बना चुक हैं। शनिवार को ही उन्होंने श्च में दुबई कैपिटल्स से खेलते हुए महज 25 बॉल पर 54 रन बना दिए थे। दूसरी ओर, बार्टलेट ब्रिसबेन हीट से खेलते हैं और बिग बैश लीग में सीजन के टॉप विकेट टेकर हैं।

बिजनेस

कंपनियों की कमाई में नरमी, वृद्धि की रफ्तार कम

नईदिल्ली। चालू वित्त वर्ष की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही के अभी तक आए कारोबारी नतीजों से लगता है कि कंपनियों के मुनाफे में इजाफे की रफ्तार मंद पड़ रही है। उनकी आय में इजाफा तो और भी सुस्त रफ्तार से हो रहा है। अभी तक जिन कंपनियों के नतीजे आए हैं, उनमें से 215 का कुल मुनाफा 2022-23 की तीसरी तिमाही के मुकाबले 12.5 फीसदी बढ़ा है, जो 14 तिमाहियों में सबसे धीमी रफ्तार रही।

इन कंपनियों की शुद्ध बिक्री (बैंकों और गैर बैंकिंग वित्तीय कंपनियों से सकल ब्याज आय) साल भर पहले के मुकाबले केवल 9.4 फीसदी अधिक रही, जो दिसंबर, 2020 तिमाही के बाद सबसे खराब प्रदर्शन रहा। उस तिमाही में शुद्ध बिक्री 3.5 फीसदी घटी थी। पिछले साल जुलाई में एचडीएफसी बैंक और एचडीएफसी का विलय हुआ था और आंकड़े उसी के हिसाब से दुरुस्त किए गए हैं। शुरुआत में ही नतीजों की घोषणा करने वाली इन कंपनियों में से अगर बैंक, वित्त, बीमा और शेयर ब्रोकिंग कंपनियों को निकाल दिया जाए तो बची हुई (गैर बीएफएसआई) कंपनियों ने और भी बदतर प्रदर्शन किया और अक्टूबर-दिसंबर 2023 में उनका कुल शुद्ध लाभ साल भर पहले की अपेक्षा 7.8 फीसदी ही बढ़ा। इस तिमाही में उनकी आय में भी केवल 4.5 फीसदी इजाफा हुआ। 2020-21 की तीसरी तिमाही के बाद से गैर बीएफएसआई कंपनियों के राजस्व में यह सबसे धीमी बढ़ोतरी है। जिन कंपनियों को अपने नमूने में लिया, उनका कुल



शुद्ध लाभ तीसरी तिमाही में 1.02 लाख करोड़ रुपये रहा, जबकि साल भर पहले शुद्ध लाभ 91,000 करोड़ रुपये ही था। चालू वित्त वर्ष की ही दूसरी तिमाही में उनका कुल शुद्ध लाभ 99,484 करोड़ रुपये था। बीएफएसआई को निकालने के बाद बचीं 157 कंपनियों की कुल आय अक्टूबर-दिसंबर, 2022 के 53,175 करोड़ रुपये से बढ़कर 57,342 करोड़ रुपये हो गई। इसी वित्त वर्ष की दूसरी तिमाही में इनका आंकड़ा 55,175 करोड़ रुपये था।समूचे नमूने में शामिल कंपनियों की शुद्ध बिक्री 7.55 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो साल भर पहले 6.9 लाख करोड़ रुपये थी और जुलाई-सितंबर, 2023 में 7.46 लाख करोड़ रुपये थी। मगर बीएफएसआई कंपनियों को निकालने पर शुद्ध बिक्री 5.19 लाख करोड़ रुपये ही रह जाती है, जो साल भर पहले 4.96 लाख करोड़ रुपये और एक तिमाही पहले 5.2 लाख करोड़ रुपये थी।

नमूने में रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचडीएफसी बैंक, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज (टीसीएस), हिंदुस्तान यूनिलीवर, अल्ट्राटेक सीमेंट, इन्फोसिस, आईसीआईसीआई बैंक, कोटक महिंद्रा बैंक, एवेन्यू सुपरमार्ट्स, एशियन पेंट्स और हिंदुस्तान जिंक जैसी शीर्ष कंपनियां शामिल हैं। तीसरी तिमाही में इनमें से ज्यादातर कंपनियों की शुद्ध बिक्री और शुद्ध मुनाफे में उम्मीद से कम बढ़ोतरी दिखी। शुरुआती नतीजों वाली कंपनियों के नमूने में आईटी सेवा क्षेत्र के नाम सबसे ज्यादा हैं।

उनके बाद रिलायंस इंडस्ट्रीज है,

फिल्म हनुमान ने मारी 100 करोड़ के क्लब में शानदान एंट्री

तेजा सज्जा की फिल्म म बॉक्स ऑफिस पर ऊंची उड़ान भर रही है. साउथ की ये सुपरहीरो फिल्म को दर्शकों का जबरदस्त रिस्पॉन्स मिल रहा है. कम बजट में बनी ये फिल्म रोज कमाई कर रही है. 12 जनवरी को सिनमेघरों में रिलीज हुई इस फिल्म ने 9वें दिन भी बॉक्स ऑफिस पर अपना जलवा बरकरार रखा है. वहीं तेजा सज्जा की फिल्म ने 100 करोड़ के क्लब में एंट्री कर ली है.ओपनिंग डे पर 8.05 करोड़ रुपये की कमाई करने वाली इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर तहलका मचा रखा है. जी हां, फिल्म ने अपने शानदार कलेक्शन के साथ पहला हफ्ता पूरा किया और अब इसके दूसरे हफ्ते की शुरुआत भी दमदार हुई है. तो आइए जानते हैं फिल्म ने दूसरे शनिवार घरेलू बॉक्स ऑफिस पर किरते करोड़ रुपये का बिजनेस किया...रिपोर्ट के मुताबिक 'हनु मान' ने रिलीज के 9वें दिन 14.25 करोड़ की कमाई की है. इसी के साथ 'हनु मान' का 9 दिनों का कुल कलेक्शन अब 114.10 करोड़ रुपये हो गया है. फिल्म के आंकड़ें देखकर तो यही लग रहा है कि हनुमान बहुत जल्द कई सारे रिकॉर्ड्स तोड़ने और बनाने वाली है. बता दें कि हनुमान की रिलीज के साथ बॉक्स ऑफिस पर साउथ की कई फिल्मों का क्लैस हुआ था. इस लिस्ट में मैरी क्रिसमस, अयलान, फिल्म गुंटूर कारम, कैप्टन मिलर जैसी फिल्में शामिल हैं. वहीं कमाई के मामले में तेजा सज्जा ने महेश बाबू, धनुष और शिवा कार्तिकेयन जैसे बड़े स्टार्स को कड़ी टक्कर दी है. इन सभी फिल्मों को पीछे छोड़ते हुए तेजा सज्जा की हनुमान बॉक्स ऑफिस पर काफी आगे निकल चुकी है.

प्रशांत वर्मा के डायरेक्शन में बनी फिल्म हनुमान एक माइथोलॉजिकल फिल्म है. फिल्म को दर्शकों की तरफ से काफी पॉजिटि रिस्पॉन्स मिल रहा है. फिल्म की कहानी एक यंग लड़के की होती है, जिसे भगवान हनुमान की तरफ से सुपरपावर मिल जाती है. वहीं सुपरपावर मिलने के बाद यह लड़का अपने लोगों के लिए लड़ता है. वहीं तेजा ने इस यंग लड़के का किरदार निभाया है. वहीं सुपरहीरो के रूप में तेजा सज्जा को खूब पसंद किया है।

टाटा मोटर्स 1 फरवरी से करेगी यात्री वाहनों के दामों में वृद्धि

नईदिल्ली। दिग्गज वाहन निर्माता टाटा मोटर्स भी दाम बढ़ाने वाली कंपनियों में शामिल हो गई है। कंपनी ने इलेक्ट्रिक सहित अपने यात्री वाहनों के दामों में 0.7 प्रतिशत की वृद्धि का ऐलान किया है जो 1 फरवरी से लागू होगी। इसका लक्ष्य कच्चे माल की लगातार बढ़ती लागत की आंशिक रूप से भरपाई करना है। इससे पहले टाटा मोटर्स ने अप्रैल 2023 में कहा था कि वह 1 मई से अपने यात्री वाहनों की कीमत लगभग 0.6 प्रतिशत बढ़ा देगी। वाहन उद्योग में यह रुझान देखा गया है जब उद्योग की मारुति सुजूकी जैसी दिग्गज कंपनियों ने वित्त वर्ष 24 के शुरुआती महीनों में दाम वृद्धि का सहारा लिया है।

टाटा मोटर्स के एमडी ने कहा- हाइब्रिड की तुलना इलेक्ट्रिक वाहनों से नहीं की जा सकती

नईदिल्ली। टाटा मोटर्स पैसेंजर व्हीकल्स के प्रबंध निदेशक शैलेश चंद्रा का मानना है कि केवल शून्य उत्सर्जन वाली कारें ही वायु प्रदूषण में कमी लाने, ईंधन आयात घटाने और शुद्ध शून्य उत्सर्जन के लक्ष्य को हासिल करने में मदद कर सकती हैं।

उद्योग के एक वर्ग द्वारा हाइब्रिड कारों पर लगाए गए करों में कटौती की मांग के बीच चंद्रा ने कहा कि ऐसे वाहन शुद्ध शून्य उत्सर्जन लक्ष्य को प्राप्त करने, वायु गुणवत्ता के स्तर में सुधार और जीवाश्म ईंधन आयात को कम करने के प्रमुख राष्ट्रीय उद्देश्यों के साथ मेल नहीं खाते हैं।

उन्होंने कहा कि कारों में हाइब्रिड और सीएनजी प्रौद्योगिकियां ईंधन दक्षता में सुधार करने और उत्सर्जन-संबंधी नियामकीय अनुपालन को पूरा करने में मदद करती हैं, लेकिन इसकी तुलना शुद्ध बैटरी इलेक्ट्रिक वाहनों से नहीं की जा सकती। चंद्रा ने कहा 'सरकार पहले से ही कम कराधान के जरिये हाइब्रिड वाहनों को समर्थन दे रही है और इन्हें इलेक्ट्रिक वाहनों के समान लाने की कोई जरूरत नहीं है।'उन्होंने कहा कि हाइब्रिड कारों की तुलना इलेक्ट्रिक वाहनों (ईवी) से नहीं की जा सकती क्योंकि वे अनिवार्य रूप से प्रदूषण फैलाने वाले 'जीवाश्म ईंधन' पर चलती हैं।चंद्रा ने कहा कि ईवी की तुलना में हाइब्रिड को 'अनावश्यक दर्जा' देने पर जोर दिया जा रहा है।

अदिति राव हैदरी ने अपनी पसंदीदा छोटी काली बोट्टू की स्टोरी की शेयर



एक्ट्रेस अदिति राव हैदरी ने छोटी काली बिंदी यानी बोट्टू के बारे में एक दिल छू लेने वाला किस्सा साझा किया है, जिसे पहनने के प्रति शुरुआती अनिच्छा से लेकर एक विशेष लगाव बनने तक, वह अब इसे अपनी पसंदीदा के रूप में संदर्भित करती हैं।दिल्ली 6, मर्डर 3, पद्मावत जैसी फिल्मों में अपने काम के लिए जानी जाने वाली अदिति ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर शनिवार को लहंगे में अपनी खूबसूरत तस्वीरें साझा की।ब्लैक कलर के लहंगे पर एंब्रॉयडरी का काम है और उन्होंने इसे एक स्वीटहार्ट नेकलाइन वाले मैचिंग ब्लाउज और ट्रांसपेरेंट दुपट्टे के साथ जोड़ा है।अदिति ने न्यूट्रल मेकअप लुक, हैवी ब्रो और न्यूड पिंक लिप्स को चुना। उन्होंने बालों को सिग्नेचर तरीके से स्टाइल किया। एसेसरीज के तौर पर उन्होंने एक हाथ में मल्टीकलर की चूड़ियां और मैचिंग झुमका चुना।ओवरऑल लुक को काली बिंदी के साथ पूरा किया गया।छोटी काली बिंदी के बारे में विस्तार से बताते हुए, अदिति ने अपने बचपन के दिनों को याद करते हुए एक हार्दिक नोट लिखा। एक्ट्रेस ने लिखा, छोटी काली बिंदी! जब मैं छोटी थी तब मुझे कभी बोट्टू (हैदराबाद में बिंदी को यही कहा जाता है) नहीं पसंद थी। यह भारतीय परंपरा का हिस्सा है। मेरी मां सिन्दूर में हल्दी से बना कुमकुम बोट्टू लगाती थी, मैं उन्हें कुमकुम बोट्टू बनाते हुए देखती थी, बस इतना ही और वह बिना किसी मेकअप के चमकने लगती थी।

बजट 2024: अंतरिम बजट में होगा 5.3 प्रतिशत घाटे का लक्ष्य

नईदिल्ली। अर्थशास्त्रियों और अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के कई अनुमानों के विश्लेषण से पता चलता है कि आगामी अंतरिम बजट में वित्त वर्ष 2025 के राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी के 5.3 प्रतिशत के बराबर रखा जा सकता है। वहीं दूसरी तरफ अर्थशास्त्रियों का पूंजीगत व्यय (कैपेक्स) में कमी आने का अनुमान है, जो कोविड के बाद के दो वित्तीय वर्षों में बहुत ज्यादा रहा है।अनुमान लगाने वाली एजेंसियों के 10 शोध रिपोर्टों का बिजनेस स्टैंडर्ड ने विश्लेषण किया है। इनमें से 8 ने अनुमान लगाया है कि राजकोषीय घाटे का लक्ष्य जीडीपी का 5.3 प्रतिशत रहेगा, जबकि दो एजेंसियों ने 5.4 प्रतिशत रहने का अनुमान लगाया है।आम चुनावों को देखते हुए वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 1 फरवरी को लेखानुदान या अंतरिम बजट पेश करेंगी, जिससे अगली सरकार द्वारा पूर्ण बजट पेश किए जाने के पहले शुरुआती व्यय किया जा सके।गोल्डमैन सैक्स ने एक बयान में कहा, 'हम उम्मीद करते हैं कि

केंद्र सरकार वित्त वर्ष 2025 के लिए राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.2 से 5.4 प्रतिशत के बीच (हमारा आधार जीडीपी का 5.3 प्रतिशत है) रखेगी। वित्त वर्ष 26 तक मध्यावधि के हिसाब से राजकोषीय समेकन का लक्ष्य 4.5 प्रतिशत करने के सरकार के लक्ष्य को देखते हुए यह अनुमान लगाया गया है।'वित्त वर्ष 24 में राजकोषीय घाटे का लक्ष्य 5.9 प्रतिशत रखा गया है। बजट में अनुमानित नॉमिनल जीडीपी वृद्धि की तुलना में इसके कम रहने, विनिवेश से कम आमदनी और सब्सिडी के ज्यादा बोझ के कारण ज्यादातर अर्थशास्त्रियों का मानना है कि यह लक्ष्य अधिक गैर कर राजस्व व प्रमुख मंत्रालयों के बचत से पूरा किया जाएगा।

राम भक्ति से सराबोर बॉलीवुड

राम आगमन पर खुशी से झूमीं हेमा

अयोध्या में भगवान राम विराजमान हो चुके हैं. इस खास पल को कंगना रनौत ने खुशी से मनाया. राम के सालों बाद अयोध्या लौटने पर कंगना ने जय श्री राम के नारे लगाए. वो हर्षोल्लास दिखाते हुए मंदिर परिसर में झूमीं. हेमा मालिनी भी राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद खुशी से झूमती हुई नजर आई.

अयोध्या पहुंचे रजनीकांत-रामचरण

अयोध्या में बस कुछ पल का इंतजार और फिर रामलला की प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम शुरू होगा. इस ऐतिहासिक पल का गवाह बनने के लिए बॉलीवुड ही नहीं साउथ के बड़े नाम भी शामिल हुए हैं. राम चरण और थलाइवा रजनीकांत की भी फोटो सामने आई है. रजनीकांत का सिंपल लुक दिखा. वो कुर्ता पायजामा के साथ शॉल ओढ़े नजर आए.

अनुराधा पौडवाल ने गाया राम भजन

अनुराधा पौडवाल ने अयोध्या के राम मंदिर परिसर में राम भजन गाया. उनकी गायकी सुनकर वहां मौजूद सभी लोग मंत्रमुग्ध हो गए. हर कोई राममय हुआ.

राम लला के दर्शन के लिए पहुंची कंगना

एक्ट्रेस कंगना रनौत अयोध्या में हैं. उन्होंने राम मंदिर के बाहर से अपनी तस्वीरें शेयर की हैं. साड़ी में सजी धजी कंगना का ट्रेडिशनल लुक देखने को मिला. उन्होंने राम मंदिर के बाहर की खूबसूरत झलक दिखाई. मंदिर को फूलों से सजाया गया है. ये भव्य नजारा देखना वाकई में अद्भुत है.

500 साल के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हुए. पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है. हर कोई राममय हो चुका है. प्रभु श्रीराम की भक्ति में देश-विदेश के लोग रमे हैं. राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में एंटरटेनमेंट जगत के सितारों ने भी शिरकत की.

500 साल के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में रामलला विराजमान हुए. पूरे देश में दिवाली जैसा माहौल है. हर कोई राममय हो चुका है. प्रभु श्रीराम की भक्ति में देश-विदेश के लोग रमे हैं. राम की जन्मभूमि अयोध्या नगरी को हजारों क्विंटल फूलों से दुल्हन की तरह सजाया गया है. चारों ओर उत्सव जैसा माहौल है. राम लला की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में एंटरटेनमेंट जगत के सितारों ने भी शिरकत की. सबके चेहरे पर रामलला के आगमन का उत्साह नजर आया.

सचिन से लेकर विराट पहुंचे राम मंदिर

राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू होने में अब महज कुछ ही घंटो का समय रह गया है, ऐसे में भारतीय खिलाड़ियों का अयोध्या पहुंचने का सिलसिला जारी है। क्रिकेट के भगवान कहे जाने वाले सचिन तेंदुलकर से लेकर विराट कोहली तक अभी तक कई खिलाड़ी रामलला के दर्शन के लिए पहुंच चुके हैं। वहीं कुछ खिलाड़ी ऐसे में भी हैं जिनका आना बाकी है। कार्यक्रम के मुख्य यजमान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी होंगे। प्राण प्रतिष्ठा के लिए 12 बजकर 29 मिनट 8 सेकंड से लेकर 12 बजकर 30 मिनट 32 सेकंड (12:29:08-12:30:32) का मुहूर्त चुना गया है।

अयोध्या पहुंचे बिग-बी

सदी के महानायक अमिताभ बच्चन अयोध्या पहुंच गए हैं. उनके साथ बेटे अभिषेक को भी स्पॉट किया गया. दोनों राम भक्ति में रमे नजर आए. फैंस ने अमिताभ-अभिषेक के स्वागत में जय श्री राम के नारे लगाए. दोनों राम नाम की चूनर ओढ़कर अयोध्या पहुंचे. एक फोटो सामने आई है जिसमें अमिताभ बच्चन को अनिल अंबानी संग देखा गया.

प्राण प्रतिष्ठा को लेकर इमोशनल हुए 'टीवी के राम-सीता'

नई दिल्ली। 22 जनवरी का दिन राम भक्तों के लिए खास है. अयोध्या में राम लला की प्राण प्रतिष्ठा होनी है. देशभर के लोग राम मंदिर जा रहे हैं. टीवी शो रामायण के राम-सीता यानी अरुण गोविल और दीपिका चिखलिया भी अयोध्या जाएंगे. इससे पहले दोनों एक्टर्स ने लखनऊ में साहित्य आजतक कार्यक्रम में शिरकत की. यहां अरुण और दीपिका ने अपने शो रामायण, राम-सीता का रोल करने पर मिली पॉपुलैरिटी, अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा होने पर रिएक्ट किया है. जानते हैं उन्होंने क्या-क्या कहा...

अयोध्या में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा को लेकर क्या भावनाएं हैं?

अरुण गोविल ने कहा- कभी कभी लगने लगता है ये सब क्या हो रहा है. कुछ बातें समझ नहीं आ रही हैं. सोचा नहीं था ये इस तरह से होगा. इतनी ऊर्जा होगी देश में राम के प्रति, एकजुटता होगी, ये नहीं मालूम था. हमने राम मंदिर के लिए संघर्ष किया. लाखों लोगों ने बलिदान दिए. आज वो पल आया है कैसे इस पल को जिया जाए समझ नहीं आता. सब कुछ नाकाफी लगता है. ये एहसास काफी बड़ा है. मन कहता है क्या बात है.

दीपिका बोलीं- ये पल होगा सोचा था. लेकिन ये नहीं पता था ये पल हम देख पाएंगे. हम इस ऐतिहासिक दिन के साथ खुद को कनेक्ट कर पाएंगे सोचा नहीं था. शुरू से मैं राममय रही हूं. इतनी जल्दी इसका परिणाम आएगा वो सोचा नहीं था. देश विदेश राममय हो चुका है.

रामायण करने के बाद लगता है राम के किरदार से बाहर नहीं निकल पाए?

अरुण बोले- कौन निकलना चाहता है इस किरदार से बाहर. रामजी ने इतना दिया है. मेरे शरीर की धरती, मन की धरती राममय रही होगी. कुछ तो ऐसा रहा होगा जो राम की शक्ति मेरे मन की ऊर्जा में समाई. इतना प्यार और सम्मान किसी को मिले तो उसे क्या चाहिए. जब रामायण मिली उससे पहले अच्छी कमर्शियल फिल्में कर रहा था. लेकिन मेरे मन में आता था राम का रोल करना चाहिए और मैंने किया. अगर मैं 200-400 फिल्में भी करता तो क्या वो मिलता जो आज मिल रहा है. 37 साल बाद लोग एक्टर को भूल जाते हैं. मुझे इससे बाहर निकलने की कोई गरज नहीं है. 22 जनवरी को वो पल आ रहा है, वो सबसे बड़ा पल होगा जिंदगी का. विश्व में सनातन धर्म को मानने वाले राममय हो चुके हैं. विदेश के लोगों को समझ आ रहा है राम क्या है. लगता है इसी पल को जीते रहे.

कभी नहीं करने थे ग्लैमरस रोल- दीपिका

मुझे कभी ग्लैमरस रोल नहीं करने थे. पहली फिल्म के बाद मैं इंडस्ट्री में नहीं रहना चाहता थी. मैं फ्लॉप थी. तब मैं 10वीं में थी 15 साल की थी. मैंने भगवान से कहा कि मुझे कुछ ऐसा काम दो कि लोग इज्जत दे. नहीं चाहती थी लोग मेरे पीछे चलने वाले लोग मुझे देखकर सीटी बजाएं. प्रभु की कृपा रही रामायण मिली. राम जी ने मेरी बात सुनी.

अक्षरा सिंह ने लगाए जय श्री राम के नारे, बोलीं- भगवान के नाम पर राजनीति नहीं होनी चाहिए

नई दिल्ली। साहित्य आजतक 2024, लखनऊ के दूसरे दिन भोजपुरी एक्ट्रेस अक्षरा सिंह ने शिरकत की. उन्होंने अपनी गायिकी से वहां मौजूद ऑडियंस को मंत्रमुग्ध किया. अक्षरा ने प्रभु श्रीराम को समर्पित कई गाने गाए. एक्ट्रेस ने भगवान राम को बिहार वालों का जीजा बताया.

लखनऊ से अक्षरा का पुराना नाता

इवेंट में अक्षरा ने बताया कि लखनऊ से उनका पुराना नाता रहा है. अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा को लेकर वो एक्साटेड हैं. उन्होंने कहा कि कल का दिन ऐतिहासक होने वाला है. एक्ट्रेस ने जय श्री राम के नारे लगाए. अक्षरा ने अपना परिचय देते हुए कहा- एक छोटी सी कलाकार जो कि पटना शहर से है. कहते हैं अगर साहित्य की बात की जाए तो कईयों को पता नहीं होगा प्राचीन साहित्य की लिस्ट में सबसे पहले नाट्य शास्त्र आता है. इसको ज्यादा प्रमुखता दी गई है.

जब मिलीं उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा तो लिपटकर खूब रोईं राम मंदिर आंदोलन की दोनों नायिकाएं

अयोध्या। रामलला की प्राण प्रतिष्ठा करोड़ों भक्तों के लिए उनका सदियों पुराना सपना साकार होने जैसा है। जिसने राममंदिर के लिए अपना खून और पसीना बहाया है, उसके लिए इस पल का कोई मूल्य नहीं है। प्राण प्रतिष्ठा के दौरान राम मंदिर आंदोलन की दो नायिकाएं जब मिलीं तो उनके आंसुओं ने संघर्ष की यह पूरी कहानी बयां कर दी। भाजपा नेता उमा भारती और साध्वी ऋतंभरा राम मंदिर के सामने एक दूसरे से मिलीं तो लिपटकर खूब रोईं। उनकी तस्वीर लोगों को भाव विह्लल कर

रही हैं। कहा जाता है कि एक तस्वीर हजार शब्दों के बराबर होती है। लेकिन यह एक तस्वीर राम मंदिर आंदोलन, भक्तों की कुर्बानी, आंक्रांताओं का अत्याचार और अपने राम को घर दिलाने के लिए तपस्या करने वाले साधु-संतों की पूरी कहानी कहने लगी।

राम राज्य का मतलब राष्ट्र निर्माण : रामदास अठावले

अयोध्या (हि स)। केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले ने सोमवार को अयोध्या में कहा कि राम राज्य का मतलब राष्ट्र निर्माण से है। राम सबके हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों श्री राम जन्मभूमि मंदिर के उद्घाटन को आज पूरी दुनिया ने देखा है। इससे भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में खुशी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बहुत ही सराहनीय कार्य किया है। रामदास आठवले सोमवार को अयोध्या में राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने आए थे। कार्यक्रम के बाद हिंदुस्थान समाचार से उन्होंने कहा कि बहुत वर्षों का सपना आज पूरा हुआ है। अयोध्या में श्री राम के जन्म स्थान पर मंदिर बने, यह बहुत वर्षों से हिंदू समाज की मांग थी। कोर्ट के निर्णय के आधार पर राम मंदिर बना है। विपक्ष द्वारा राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम पर राजनीति करने के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि यह भारतीय जनता पार्टी का नहीं श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट का कार्यक्रम था। इसमें सभी साधु-संतों को बुलाया गया है। इसे भाजपा का कार्यक्रम करना ठीक नहीं है। इसमें सबको आमंत्रण गया था लेकिन आए नहीं क्योंकि सबको इसमें आना चाहिए था। रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया के अध्यक्ष के नाते हमारे समाज से अपील है कि भारत रत्न बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर के संविधान के अनुसार काम करते हुए आगे बढ़ो। राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में केंद्रीय मंत्री अनुप्रिया पटेल, केंद्रीय मंत्री साध्वी निरंजन ज्योति, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, उत्तर प्रदेश के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और परिवहन मंत्री दयाशंकर सिंह उपस्थित रहे।

रूस के कब्जे वाले डोनेटस्क में भीषण गोलीबारी, 25 की मौत

कीव (हि.स.)। यूक्रेन और रूस के बीच जारी युद्ध में मरने वालों की संख्या लगातार दोनों तरफ से बढ़ती जा रही है। ताजा मामले में रूस के कब्जे वाले डोनेटस्क शहर के बाहरी इलाके में स्थित बाजार में रविवार को भारी गोलीबारी में 25 लोगों की मौत हो गई। रूस द्वारा बनाए गए शहर के मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने कहा उपनगर टेकस्टिलशचिक पर हमले में दो बच्चों समेत 20 अन्य लोग घायल हो गए। मेयर एलेक्सी कुलेमजिन ने दावा किया कि यूक्रेनी सेना की ओर से यह गोले दागे गए। हालांकि, मामले में कीव ने अब तक कोई टिप्पणी नहीं की है। इधर, रविवार को ही रूस के उस्त-लुगा बंदरगाह पर रासायनिक परिवहन टर्मिनल में दो विस्फोटों के बाद आग लग गई। स्थानीय मीडिया के अनुसार, बंदरगाह पर यूक्रेन ने ड्रोन से हमला किया था। इसके बाद गैस टैंक में विस्फोट हो गया। जिसके बाद रूस में प्राकृतिक गैस के दूसरे सबसे बड़ी उत्पादक कंपनी नोवाटेक की साइट पर आग लग गई।रूसी अधिकारी ने बताया कि हमले में कोई हताहत नहीं हुआ है, लेकिन जिले को हाई अलर्ट पर रखा गया है। रूस की सेना ने यूक्रेन के खार्कीव क्षेत्र के एक गांव क्रोखमल्ने पर नियंत्रण स्थापित कर लिया है। रूस के रक्षा मंत्रालय ने रविवार को यह जानकारी दी और यूक्रेन सेना के प्रवक्ता ने भी इसकी पुष्टि की। इससे पहले गुरुवार को रूस के रक्षा मंत्रालय ने यूक्रेन के पूर्वी डोनेटस्क में वेसले नामक बस्ती पर कब्जा करने की जानकारी दी थी।

नये कालचक्र का उद्गम है कैलेंडर में लिखी 22 जनवरी की तारीखः प्रधानमंत्री

रामलला के साथ भारत का स्व लौटकर आया है: भागवत

अयोध्या (हि.स.)। वैदिक मंत्रों और शंखनाद के बीच प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जैसे ही श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा का अनुष्ठान पूर्ण किया और लोगों ने अपने राघव की दिव्य छवि देखी, समूची अयोध्या नगरी भावविभोर हो गई। जो जहां था, वहीं से अपने आराध्य को एकटक निहार रहा था। चारों तरफ घंट-घड़ियाल और शंख की ध्वनि गूंजने लगी। बूढ़े-बच्चे-नवजवान सब के मुंह से एक साथ जय श्रीराम गुंजायमान होने लगा।

प्रधानमंत्री मोदी ने वैदिक विधि विधान से संकल्प लेते हुए पिछले सात दिन से चल रहे प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान को सम्पूर्ण किया। इस दौरान मंदिर के गर्भ गृह में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डा. मोहन भागवत, उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के अलावा कुछ प्रमुख संत भी मौजूद रहे। काशी के प्रख्यात वैदिक आचार्य गणेश्वर द्रविड़ और आचार्य लक्ष्मीकांत दीक्षित के निर्देशन में 121 वैदिक आचार्यों ने अनुष्ठान संपन्न कराया।

प्राण प्रतिष्ठा के बाद प्रधानमंत्री ने कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद हमारे राम आये हैं। यह अलौकिक क्षण है। हमारे रामलला अब टेंट में नहीं रहेंगे। मोदी ने कहा कि कैलेंडर में लिखी हुई 22 जनवरी 2024 की तारीख नये कालचक्र का उद्गम है। आज दिग-दिशाएं, दिग-दिगंत सब दिव्यता से परिपूर्ण हैं। इस दौरान उन्होंने प्राण प्रतिष्ठा के निमित्त अपने 11 दिन के व्रत अनुष्ठान की भी चर्चा की। साथ ही उन लोगों को नमन किया जिनके कारण दुनिया भर के रामभक्तों को यह शुभ दिन देखने को मिला है। अपने संबोधन में मोदी ने विपक्ष को भी संदेश दिया। उन्होंने कहा कि

पहले कुछ लोग कहते थे कि राम मंदिर बनने पर देश में आग लग जाएगी। मोदी ने कहा, ह्यह्यराम आग नहीं राम ऊर्जा हैं, राम विवाद नहीं राम समाधान हैं।

इस अवसर पर सरसंघचालक डॉ. भागवत ने कहा कि आज आनंद का क्षण है। अयोध्या में रामलला के साथ भारत का स्व लौटकर आया है। उन्होंने कहा कि सम्पूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला नया भारत खड़ा होकर रहेगा, इसका प्रतीक आज है। इस आनंद का वर्णन कोई अपने शब्दों में नहीं कर सकता है। संघ प्रमुख ने कहा कि इस अनुष्ठान के लिए प्रधानमंत्री ने तप किया, अब हमें भी तप करना है। मानस की चौपाइयों को सुनाते हुए उन्होंने कहा कि रामराज्य का जो वर्णन किया गया है, उसे भी वापस लाने के लिए हमें छोटे-छोट कलह को छोड़कर आगे बढ़ना होगा। भगवान राम के चरित्र को अपनाना होगा। आपस में समन्वय करके चलना होगा। उन्होंने आशा व्यक्त की कि मंदिर निर्माण के साथ ही विश्व गुरु का सपना भी पूरा हो जाएगा।

मुख्यमंत्री योगी बोले, ऐसा लगता है हम त्रेतायुग में आ गए हैं

उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि 500 वर्षों के लंबे इंतजार के बाद प्राण प्रतिष्ठा पर आज सभी भाव विह्वल हैं। आज के अत्यंत पावन अवसर पर हर नगर हर गांव अयोध्या धाम है। हर जिह्वा राम-राम जप रही है। ऐसा लगता है कि हम त्रेतायुग में आ गए हैं। मुख्यमंत्री ने अपना उद्बोधन ह्यह्यरामाय रामभद्राय रामचन्द्राय वेधसे। रघुनाथाय नाथाय सीतायाः पतये नमः। से शुरूआत की। उन्होंने कहा कि पूरा राष्ट्र राममय है। हमारे हृदय के भावों से भरे रामलला विराज रहे हैं। आज हर दिल में संतोष का भाव है। योगी ने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि संभवतः विश्व का पहला प्रकरण होगा, जहां बहुसंख्यक वर्ग अपने आराध्य के लिए इतने वर्षों तक लड़ाई लड़ी हो। उन्होंने कहा कि श्रीराम जन्मभूमि सामूहिक चेतना में भी सफल सिद्ध हुआ है। आज पूरा भारत आनंदित हो उठा है। आज वे सभी बड़भागी हैं, जो रामकाज को करते जा रहे हैं। डबल इंजन की सरकार से आज सुगम्य अयोध्या, भव्य अयोध्या का सपना साकार हुआ है। आज करोड़ों रुपये यहां भव्यता के लिए लग रहे हैं। यहां चारों तरफ काम हो रहे हैं। समारोह को श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र न्यास के अध्यक्ष महंत नृत्यगोपाल दास और कोषाध्यक्ष गोविंददेव गिरि ने भी संबोधित किया। न्यास के महामंत्री चम्पत राय ने कार्यक्रम का संचालन किया।

प्रधानमंत्री ने जटायु की प्रतिमा का किया अनावरण

श्रीराम मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के बाद प्रधानमंत्री मोदी ने मंदिर परिसर में ही स्थापित जटायु की प्रतिमा का अनावरण किया। इसके बाद प्रधानमंत्री कुबेरटीला गए। वहां उन्होंने भगवान शिव की आराधना की। इस दौरान प्रधानमंत्री ने राम मंदिर निर्माण से जुड़े श्रमिकों पर पुष्पवर्षा कर उनके योगदान को सराहा और उनका आभार जताया।

पांच सदी की प्रतीक्षा और प्रतिज्ञा आज हुई पूर्ण : अमित शाह

नई दिल्ली (हि.स.)। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रामलला के भव्य मंदिर में विराजमान होने के बाद देशवासियों को बधाई देते हुए कहा कि आज पांच सदी की प्रतीक्षा और प्रतिज्ञा पूर्ण हुई है। यह दिन ऐतिहासिक है। इसे कभी भूला नहीं जा सकेगा।

शाह ने सोमवार को एक्स पर लिखा कि आज का दिन करोड़ों रामभक्तों के लिए कभी ना भूलने वाला दिन है। उन्होंने कहा कि आज जब हमारे रामलला अपने भव्य मंदिर में विराजमान हुए हैं, तब असंख्य रामभक्तों की तरह वह भी भावविभोर हैं। इस भावना को शब्दों में समेट पाना उनके लिए संभव नहीं है।

शाह ने कहा कि इस पल की प्रतीक्षा में न जाने हमारी कितनी पीढ़ियां खप गईं लेकिन कोई भी डर और आतंक रामजन्मभूमि पर फिर से मंदिर बनाने के संकल्प और

विश्वास को डिगा नहीं पाया। प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में यह संकल्प सिद्ध हुआ है। इसके लिए वह हृदय की गहराइयों से उनका आभार व्यक्त करते हैं।

शाह ने कहा कि इस पावन दिन पर वह सदियों तक इस संघर्ष और संकल्प को जीवित रखने वाले महापुरुषों को भी नमन करते हैं, जिन्होंने अनेक अपमान और यातनाएं सहीं परन्तु धर्म का मार्ग नहीं छोड़ा। विश्व हिंदू परिषद्, हजारों श्रेष्ठ संत और असंख्य नामी-गुमनामी लोगों के संघर्ष का आज सुखद व सुफल परिणाम आया है। यह विशाल श्रीराम जन्मभूमि मंदिर युगों-युगों तक अविरल अविनाशी सनातन संस्कृति का अद्वितीय प्रतीक रहेगा।

उल्लेखनीय है कि आज अयोध्या में राम जन्मभूमि पर राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा हुई। प्रधानमंत्री मोदी ने पूरे विधि-विधान से मंदिर के गर्भगृह रामलला को प्रतिष्ठित किया।

हिमाचल प्रदेश में शुरू हुआ भारत-किर्गिस्तान का युद्धाभ्यास 'खंजर'

यह अभ्यास दोनों पक्षों को रक्षा संबंध मजबूत बनाने का मौका देगा

भारत का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक करेंगे

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत-किर्गिस्तान का 11वां संयुक्त विशेष बल अभ्यास खंजर हिमाचल प्रदेश के बकलोह स्थित विशेष बल प्रशिक्षण स्कूल में सोमवार से शुरू हो गया है। यह अभ्यास 3 फरवरी तक चलेगा। यह अभ्यास दोनों देशों में बारी-बारी से हर साल आयोजित किया जाता है।

अभ्यास में 20 कर्मियों वाले भारतीय सेना के दल का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष बल) के सैनिक कर रहे

हैं। इसी तरह किर्गिस्तान के दल में 20 कर्मियों का प्रतिनिधित्व स्कॉर्पियन ब्रिगेड कर रहा है। इस अभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अध्याय-श्क्क के अंतर्गत निर्मित क्षेत्र तथा पर्वतीय इलाकों में आतंकवाद विरोधी और विशेष बलों के संचालन का आदान-प्रदान करना है। यह अभ्यास विशेष बल के कौशल की उन्नत तकनीकों को विकसित करने पर बल देगा। यह अभ्यास अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद तथा चरमपंथ की साझी समस्याओं का समाधान करते हुए दोनों पक्षों को रक्षा संबंध मजबूत बनाने का अवसर प्रदान करेगा। इस अभ्यास से साझे सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने तथा द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के अतिरिक्त अत्याधुनिक स्वदेशी रक्षा उपकरणों की क्षमताओं को दिखाने का अवसर भी मिलेगा।

आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का 'स्व' लौटकर आया है : मोहन भागवत

अयोध्या (हि.स.)। श्रीरामलला की प्राणप्रतिष्ठा के मौके पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन राव भागवत ने सोमवार को कहा कि आज आनंद का क्षण है। आज अयोध्या में रामलला के साथ भारत का 'स्व' लौटकर आया है। सम्पूर्ण विश्व को त्रासदी से राहत देने वाला नया भारत खड़ा होकर रहेगा, इसका प्रतीक आज है। इस आनंद का वर्णन कोई अपने शब्दों में नहीं कर सकता है। हमारे दूरदर्शन के माध्यम से इस कार्यक्रम को दूर दराज के लोग देखकर भावविभोर हो रहे हैं। दुनिया देख रही है। मोहन भागवत ने कहा कि आज हमने सुना है कि प्रधानमंत्री मोदी ने कठोर व्रत किया। जितना कठोर कहा गया था, उससे ज्यादा कठोर व्रत किया है। उन्हें हम पहले से जानते हैं। वे कठोर व्रती हैं। वे अकेले व्रत करेंगे तो हम क्या करेंगे? राम बाहर क्यों गए थे। इस पर विचार कीजिए। अयोध्या में कभी कलह नहीं थी। कलह के कारण बन गए। 14 वर्षों तक बाहर रहकर दुनिया की कलह को समाप्त कर वापस आए थे। आज एक बार फिर राम जी वापस आए हैं। आज के दिन का इतिहास जो-जो सुनेगा वह राष्ट्र कार्य को समर्पित होगा और खुद का कल्याण करेगा। प्रधानमंत्री ने तप किया। अब हमें भी तप करना है। मानस की चौपाइयों को सुनाते हुए संघ प्रमुख ने कहा कि राम राज्य का जो वर्णन किया गया है। उस भारत माता की हम संतानें हैं। कलह को विदाई देनी होगी। छोटे-छोट कलह को छोड़कर हमें आगे बढ़ना होगा। भगवान राम के चरित्र को अपनाना होगा। उन्होंने कहा कि कठिन भाषण बहुत हो सकता है। युगानुकूल आचरण देखना होगा। सत्य कहता है कि सब घट में राम हैं। हमें यह जानकार आपस में समन्वय करके चलना होगा। यह धर्म का पहला आचरण है। दूसरा कदम करुणा है। इसका मतलब सेवा और परोपकार करना है। सरकार करती है लेकिन हमें भी करना है। दोनों हाथों से कमाएं और अपने साथ-साथ दूसरों की सेवा करें। दान करें। इसके बाद खुद को संयम में रखने को कहा गया है। अनुशासन का पालन करना है। अपने समाज, कुटुम्ब, सामाजिक जीवन में अनुशासन का पालन करना है।

प्रधानमंत्री आज लाल किले पर पराक्रम दिवस के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे

नई दिल्ली (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मंगलवार को लाल किले पर पराक्रम दिवस के अवसर पर नौ दिवसीय कार्यक्रम का उद्घाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 23 जनवरी को शाम 6:30 बजे लाल किले पर पराक्रम दिवस समारोह में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री की पहल पर 2021 से नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती को पराक्रम दिवस के रूप में मनाया जाना शुरू किया गया। इस वर्ष लाल किले पर आयोजित उत्सव में विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की विरासत पर प्रकाश डाला जाएगा। इसी प्रकार अभिलेखागार की प्रदर्शनियों, दुर्लभ तस्वीरों और दस्तावेजों के प्रदर्शन से आगुंतकों को नए अनुभव मिलेंगे। ये जश्न 31 जनवरी तक जारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री 23 से 31 जनवरी तक आयोजित होने वाले भारत पर्व का भी शुभारंभ करेंगे। इसमें गणतंत्र दिवस की झांकी और सांस्कृतिक प्रदर्शनों के साथ देश की समृद्ध विविधता का प्रदर्शन किया जाएगा, जिसमें 26 मंत्रालयों और विभागों के प्रयास, नागरिक केंद्रित पहल, स्थानीय के लिए मुखरता, विविध पर्यटक आकर्षण आदि पर प्रकाश डाला जाएगा। यह लाल किले के सामने राम लीला मैदान और माधव दास पार्क में होगा।

23 जनवरी से 31 जनवरी तक चलेगा पराक्रम दिवस

नई दिल्ली (हि.स.)। दिल्ली के लाल किले में मंगलवार से आयोजित होने वाले पराक्रम दिवस का उद्घाटन प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। इस उत्सव में नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की समृद्ध विरासत पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। यह उत्सव 31 जनवरी तक चलेगा। इस उत्सव का आयोजन संस्कृति मंत्रालय की ओर से भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण, राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, साहित्य अकादमी और भारतीय राष्ट्रीय अभिलेखागार जैसे अपने सहयोगी संस्थानों की सहभागिता में किया जा रहा है। लाल किले की नेताजी सुभाष चंद्र बोस और आजाद हिंद फौज की गाथा में महत्वपूर्ण भूमिका है। लाल किले के परिसर में एक संग्रहालय बोस और आईएनए की विरासत को संरक्षित व सम्मान देने के लिए समर्पित है, जिसका उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने साल 2019 में नेताजी के जन्मदिन के अवसर पर किया था। कर्नल प्रेम सहगल, कर्नल गुरबख्श सिंह ढिल्लों और कर्नल शाहनवाज खान के नाम इतिहास में लाल किला ट्रायल में प्रमुख व्यक्तियों के रूप में दर्ज हैं। भारत की आजादी को लेकर उनकी प्रतिबद्धता के कारण लाल किला बैरक मामला सामने आया था। यह एक ऐतिहासिक मामला था, जिसने आजाद हिंद फौज के अटूट संकल्प को प्रदर्शित किया।

अनवरत संघर्ष के बाद आज का यह पावन क्षण भावुक करने वाला है: नड्डा

नई दिल्ली (हि.स.)। राम प्राण प्रतिष्ठा समारोह को लेकर दिल्ली के मंदिरों में खासा उत्साह दिखा। इस मौके पर मंदिरों में विशेष पूजा अर्चना की गई। सोमवार को भारतीय जनता पार्टी के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने झंडेवालान मंदिर में भगवान श्रीराम के स्वागत में विशेष पूजा अर्चना की। इस मौके पर भाजपा के मीडिया प्रमुख अनिल बलूनी एवं दिल्ली भाजपा अध्यक्ष वीरेन्द्र सचदेवा भी मौजूद थे। जेपी नड्डा ने अयोध्या में हुए राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा का सीधा प्रसारण देखा। इसके बाद उन्होंने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर संदेश साझा करते हुए कहा कि 500 से अधिक वर्षों के अनवरत संघर्ष के पश्चात आज का यह पावन क्षण भावुक करने वाला है। धर्मनगरी श्री अयोध्याधाम में प्रभु श्री रामलला विधि-विधान प्राण प्रतिष्ठित हुए हैं। यह हमारी पीढ़ी का परम सौभाग्य है कि हम इस पल के साक्षी हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 11 दिवस निरंतर कठोर यम-नियम का पालन के साथ अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर प्रभु के विग्रह की स्थापना की। आज श्री अयोध्या जी के साथ हर गांव, शहर, देश, विदेश, संपूर्ण विश्व राममय है। हम सभी भगवान श्री राम के आदर्शों, जीवन मूल्यों को आत्मार्पित करें और समाज व संस्कृति के लिए स्वयं को समर्पित करना चाहिए।

श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में शामिल हुआ पूरा अंबानी परिवार

अयोध्या (हि.स.)। अयोध्या में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में देश के दिग्गज उद्योगपति और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड (आरआईएल) प्रमुख मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी अपने पूरे परिवार के साथ मौजूद रहे। इसके साथ ही उनके छोटे भाई अनिल अंबानी भी शामिल हुए। रिलायंस प्रमुख मुकेश अंबानी और उनकी धर्मपत्नी नीता अंबानी अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर परिसर में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम के दौरान भाव-विभोर दिखे। इस अवसर पर मुकेश और नीता अंबानी ने कहा कि राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मौजूद रहना हमारा सौभाग्य है। श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह में मुकेश अंबानी के बड़े बेटे आकाश अंबानी एवं उनकी धर्म पत्नी श्लोका मेहता अंबानी, पुत्री ईशा अंबानी और उनके पति आनंद पीरामल तथा छोटे बेटे अनंत अंबानी भी मौजूद रहे। मुकेश अंबानी परिवार के अलावा अयोध्या श्रीराम मंदिर में आयोजित रामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह में आदित्य बिड़ला समूह के कुमार मंगलम बिड़ला, वेदांता समूह के अनिल अग्रवाल, भारती एयरटेल के सुनील मित्तल और रेमंड समूह के मुखिया अनिल सिंघानिया भी शामिल हुए। उल्लेखनीय है कि आरआईएल ने श्रीराम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के मद्देनजर अपने कार्यालयों में छुट्टी, अपने परिसर स्थित मंदिरों में विशेष पूजा, जियो संबद्ध संपत्तियों पर समारोह का सीधा प्रसारण और अपनी खुदरा दुकानों में सभी आगंतुकों को दीये बांटने की व्यवस्था की है।

सदियों की लंबी प्रतीक्षा के बाद आज हमारे राम आ गये हैं : प्रधानमंत्री

अयोध्या (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अयोध्या में नवनिर्मित श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में श्रीरामलला के प्राण प्रतिष्ठा समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि सदियों की प्रतीक्षा के बाद आज हमारे राम आ गये हैं। उन्होंने कहा कि हमारे राम लला अब टेंट में नहीं बल्कि दिव्य मंदिर में रहेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कहने के लिए काफी कुछ है लेकिन उनका कंठ अवरुद्ध है। उन्होंने कहा कि 22 जनवरी, 2024 केवल एक तारीख नहीं है बल्कि एक नए युग के आगमन का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा, सदियों के इंतजार के बाद भगवान राम आखिरकार (अपने निवास स्थान पर) आ गए हैं। हमने सदियों तक जो धैर्य दिखाया और जो बलिदान दिया, उसके बाद आखिरकार हमारे भगवान राम आ गए हैं।

युद्धाभ्यास

भारतीय थल सेना की 25 कर्मियों वाली टुकड़ी गई है अभ्यास में हिस्सा लेने

मिस्त्र में शुरू हुआ भारतीय विशेष बल की टुकड़ी का संयुक्त युद्धाभ्यास

दोनों सेनाओं के बीच चर्चा के माध्यम से डिजाइन किया गया है युद्धाभ्यास

नई दिल्ली (हि.स.)। भारत और मिस्त्र के बीच संयुक्त विशेष बल युद्धाभ्यास साइक्लोन सोमवार से शुरू हो गया है। अभ्यास के दूसरे संस्करण में भाग लेने के लिए 25 कर्मियों वाली भारतीय थल सेना की टुकड़ी मिस्त्र गई है। यह युद्ध अभ्यास 01 फरवरी तक अंशास, मिस्त्र में किया जाएगा। युद्धाभ्यास का पहला संस्करण पिछले साल भारत में किया गया था।

इस युद्धाभ्यास में भारतीय दल का प्रतिनिधित्व पैराशूट रेजिमेंट (विशेष

बल) के सैनिक कर रहे हैं। 25 कर्मियों वाले मिस्त्र के दल का प्रतिनिधित्व मिस्त्र के कमांडो स्क्वाड्रन और मिस्त्र के एयरबोर्न प्लाटून कर रही है। इस युद्धाभ्यास का उद्देश्य संयुक्त राष्ट्र के चार्टर के अध्याय श्क्क के तहत रेगिस्तानी, अर्ध रेगिस्तानी इलाकों में विशेष अभियानों की पृष्ठभूमि में दोनों पक्षों को एक-दूसरे की संचालन प्रक्रियाओं से परिचित कराना है।

इस युद्धाभ्यास साइक्लोन को द्विपक्षीय सैन्य सहयोग विकसित करने और दोनों थल सेनाओं के बीच रिश्तों को मजबूत करने के लिए सामरिक सैन्य युद्धाभ्यासों के रिहर्सल और दोनों सेनाओं के बीच चर्चा के माध्यम से डिजाइन किया गया है। युद्धाभ्यास में उप-पारंपरिक क्षेत्र में विशेष अभियानों की योजना और उनका कार्यान्वयन शामिल होगा और इसे तीन चरणों में किया जाएगा। पहले चरण में सैन्य प्रदर्शनियां और सामरिक बातचीत शामिल होगी। दूसरे चरण में इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी), काउंटर आईईडी और कॉम्बैट फर्स्ट एड पर प्रशिक्षण पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा।

अभ्यास के तीसरे और अंतिम चरण में लड़ाई और बंधक बचाव परिदृश्यों पर आधारित संयुक्त सामरिक युद्धाभ्यास शामिल होगा। यह युद्धाभ्यास दोनों देशों के सैन्य दलों को अपने संबंधों को मजबूत करने और सर्वोत्तम प्रथाओं को साझा करने का अवसर प्रदान करेगा। यह साझा सुरक्षा उद्देश्यों को प्राप्त करने और दोनों मित्र देशों के बीच द्विपक्षीय संबंधों को बढ़ावा देने के लिए एक मंच के रूप में भी कार्य करेगा।

स्वत्वाधिकारी यशवंत धोटे के लिए प्रकाशक, मुद्रक मधुकर सिंह, मां तपेश्वरी मीडिया एंड पब्लिकेशन प्रा0 लिमिटेड, सिंहमोड़ कल्याणपुर हटिया, अपोजिट एडमिनिस्ट्रेटिव बिल्डिंग, द्वारा रांची से प्रकाशित कर, तपो प्रिंटर, गुटूआ मौजा, प्लॉट न.-1124/1125, कटहल मोड़, थाना-नगड़ी, दयाल पेट्रोल पंप के बगल में, रांची (झारखंड) से मुद्रित, (न्याय क्षेत्र रांची) संपादक-सचिन कुमार सिंह, स्थानीय संपादक-उपेन्द्र नाथ पाण्डेय* (पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार*) , फोन नं-0651-2910972, ईमेल - navpradeshranchi@gmail.com (RNI No. JHAHIN/2016/68458)